वर्ष- 13 अंक - 99
लखनऊ, मंगलवार 09 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले करें पहचान : सीएम योगी 03

एसडीएम व खनन अधिकारी ने तीन ट्रकों को अवैध रुप से पकड़ा 10

# आजादी के बाद हमें समृद्धि की ओर ले जाएगा वंदेमातरम

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा- कांग्रेस सरकार में वंदे मातरम गीत के साथ किया गया अन्याय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर आज इस गीत की तुलना नदी के प्रवाह से की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् अपने साथ एक प्रेरणा प्रवाह लेकर चल रहा है और आजादी के बाद अब हमें यह समृद्धि की ओर ले जाएगा।



प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि पिछली सदी में वंदे मातरम गीत के साथ अन्याय किया गया। उन्होंने अपने भाषण में गांधीजी के इस कथन का उल्लेख किया कि वंदेमातरम इतना लोकप्रिय हो गया है कि इसे राष्ट्रगान बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज उन परिस्थितियों को जानने की जरूरत है कि कौन सी वह ताकत थी जो इस पूज्य भावना पर हावी हुई और इसे विवादों में घसीटा गया। प्रधानमंत्री ने इस गीत से जुड़े इतिहास, उसके भाव जागरण और प्रेरित करने से जुड़े प्रसंग और तथ्य सदन में रखे। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर गीत के साथ अन्याय करने का आरोप भी लगाया। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों से चर्चा में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि यह हमारे लिए यह ऋण स्वीकार करने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर तुष्टिकरण को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग के विरोध के बाद कांग्रेस ने गीत की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नेहरू ने 1937 में गीत के खिलाफ मुहम्मद अली जिन्ना के बयान के बाद गीत को मुस्लमानों को 'इरिटेट' करने वाला बताया।

### राज्यसभा में हंगामा : कई मुद्दों पर सांसदों ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** टोल प्लाजा पर जाम, सर्वाइकल कैंसर, यूनेस्को धरोहर स्थलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी सहित विभिन्न मुद्दे शून्यकाल के दौरान उठाते हुए राज्यसभा में सोमवार को विभिन्न सदस्यों ने सरकार से इनके समाधान की मांग की। टोल प्लाजा का मुद्दा उठाते हुए शून्यकाल के दौरान आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने कहा कि अलग अलग तरीके से कई बार टैक्स देने के बाद भी राजमार्ग पर गाड़ी चलाने पर टोल टैक्स देना पड़ता है और सड़कों की हालत इतनी खराब होती है कि हजारों लोग हर साल दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं। केरल उच्च न्यायालय ने हाल ही में एनएचएआई को फटकार लगाई थी। चड्ढा ने कहा कि इतना पैसा दे कर भी टोल प्लाजा पर जाम के कारण तीस से चालीस मिनट तक लाइन में लगना पड़ता है। ''इसकी वजह से भी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कहीं परीक्षा देने जाना है तो देर होती है। अगर किसी को अस्पताल जाना है तो देर होती है। इंटरव्यू है तो देर होती है। इस जाम की वजह से और भी समस्याएं होती हैं।'' उन्होंने मांग की सरकार ऐसे नियम बनाएं कि तीस मिनट से अधिक कोई टोल प्लाजा पर जाम में खड़ा है तो उसकी गाड़ी को बिना शुल्क लिए गुजरने देना चाहिए।

### पान मसाला निर्माण इकाइयों पर उपकर लगाने संबंधी विधेयक मंजूर

**नई दिल्ली।** संसद ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा और जन स्वास्थ्य पर व्यय बढ़ाने के लिए पान मसाला निर्माण इकाइयों पर उपकर लगाने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 को मंजूरी देकर लोकसभा को लौटा दिया। इस विधेयक को शुक्रवार को निचले सदन ने मंजूरी दे दी थी। सोमवार को राज्य सभा में स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025पर चर्चा पर जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह उपकर नागरिकों के स्वास्थ्य और देश की सैन्य तैयारियों को मज़बूत करने के लिए मजूबत तंत्र प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह उपकर केवल अवगुण वस्तुओं पर लगाया जाएगा, किसी आवश्यक वस्तु पर नहीं। मंत्री ने कहा कि इस युग में, जब सुरक्षा तंत्र तेज़ी से बदल रहा है, विश्वसनीय रक्षा क्षमताओं के लिए राजस्व का एक समर्पित स्रोत जुटाना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्धों में सटीक हथियारों, स्वायत्त प्रणालियों और अंतरिक्ष परिसंपत्तियों का बोलबाला है।

### वंदेमातरम हमारे लिए पवित्र सरकार भटका रही ध्यान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सदस्य प्रियंका गांधी ने सोमवार को लोकसभा में सरकार पर लोगों का ध्यान भटकाने और संसद का कीमती समय व्यर्थ की बहस में बर्बाद करने का आरोप लगाया। वंदेमातरम कांग्रेस के लिए पवित्र है और पार्टी इसके महत्व को स्वीकार करती है। प्रियंका ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जितना समय प्रधानमंत्री रहे हैं, उतना समय नेहरूजी ने जेल में गुजारा है। प्रियंका ने सत्ता पक्ष को सलाह दी कि नेहरू जी पर सभी शिकायतों पर एक साथ चर्चा करा दी जाए।

## इंडिगो ने 1800 से ज्यादा फ्लाइट शुरु कीं यात्रियों को लौटाए गए 827 करोड़ रुपए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइंस कंपनी इंडिगो ने पिछले एक हफ्ते से बाधित ऑपरेशनल संकट सोमवार को फिर से बहाल कर दिया।

कंपनी ने आज 500 फ्लाइट्स रद्द की हैं, जबकि देश भर के पूरे नेटवर्क में 1,800 से ज्यादा उड़ानों का परिचालन शुरू हो गया है। एयरलाइन ने कुल 9000 बैग में से 4500 बैग यात्रियों को सौंप दिए। बाकी बैग अगले 36 घंटों में यात्रियों को दे दिए जाएंगे। कंपनी ने यात्रियों को 827 करोड़ रुपये लौटाए हैं। इस बीच, इंडिगो के शीर्ष अधिकारियों को डीजीसीए की बनाई हाई लेवल कमेटी ने समन भेजा है। एयरलाइन ने आज एक बयान में हाल की दिक्कतों के बाद पूरे नेटवर्क में काफी सुधार दर्ज करने का दावा किया है। कंपनी 1800 से ज्यादा फ्लाइट्स ऑपरेट करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिससे सभी ऑपरेशनल स्टेशन कनेक्ट हो जाएंगे। कंपनी ने बताया कि हमने अपने ऑपरेशन्स को ऑप्टिमाइज किया है और कस्टमर्स को पहले से बताई जाने वाली कैंसलेशन की संख्या को कम करने में कामयाब रहे हैं और हमारा ऑन-टाइम परफॉर्मेंस (ओटीपी) भी पूरे नेटवर्क में 91 फीसदी तक बेहतर हुआ है।

## भारत में ही अब होगी सी-130जे सुपर हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट की मरम्मत, खुलेगा एमआरओ



टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और लॉकहीड मार्टिन ने की घोषणा, 2026 के आखिर तक पूरा होगा निर्माण

**नई दिल्ली।** टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और लॉकहीड मार्टिन भारत में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट के लिए डिफेंस मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल शुरू करेंगे। यह सुविधा दोनों कंपनियों की लंबे समय से चली आ रही औद्योगिक साझेदारी पर आधारित होगी, जिससे भारतीय वायु सेना के लिए देश में काफी सहयोग बढ़ेगा और साथ ही बड़े क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग के भी मौके मिलेंगे। इसका निर्माण 2026 के आखिर तक पूरा होगा और उम्मीद है कि 2027 की शुरुआत में एमआरओ ऑपरेशन के लिए पहला एयरक्राफ्ट मिल जाएगा। बेंगलुरु में दोनों कंपनियों ने सोमवार को इसकी घोषणा भूमि पूजन समारोह के बाद की, जिसमें वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। लॉकहीड मार्टिन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर फ्रैंक सेंट जॉन ने कहा कि आज टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत के साथ हमारा सहयोग बहुत आगे बढ़ गया है। सात दशकों से ज़्यादा समय से हम भारत के बढ़ते एयरोस्पेस और डिफेंस इंडस्ट्रियल बेस के साथ-साथ आगे बढ़े हैं। सी-130जे सुपर हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट के लिए डिफेंस मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल इसी नींव को और मजबूत करेगी।

## चालकों-परिचालकों के मानदेय में इजाफा प्रति किमी 10 पैसे बढ़ाकर होगा भुगतान

समृद्धि न्यूज

▸ संविदा चालकों परिचालकों को एक जनवरी से मिलेगा बढ़ा मानदेय

**लखनऊ ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सोमवार को बताया कि 1 जनवरी 2026 से संविदा चालकों-परिचालकों को पुनरीक्षित दर से मानदेय का भुगतान राज्य परिवहन निगम करेगा।

संविदा चालकों परिचालकों के मानदेय में क्रमशः 10 पैसे व 7 पैसे की प्रति किमी की वृद्धि की गयी है। परिवहन मंत्री ने बताया कि वर्तमान समय में संविदा चालकों परिचालकों को नोएडा क्षेत्र की नगरीय सेवाओं चालक परिचालक, नोएडा क्षेत्र की ग्रामीण सेवाओं एवं एनसीआर क्षेत्र के अन्तर्गत कौशाम्बी, साहिबाबाद एवं लोनी डिपो हेतु चालक और परिचालक एनसीआर क्षेत्र के अन्तर्गत स्थापित समस्त डिपोज की ग्रामीण सेवाओं में कार्यरत केवल संविदा चालकों हेतु, गोरखपुर क्षेत्र की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के निकटस्थ सौनोली, सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज डिपो के संविदा चालकों व उपनगरीय सेवाओं हेतु चालक परिचालक हेतु 2.18 रूपये प्रति किमी की दर से मानदेय मिल रहा था जिसे बढ़ाकर 2.28 रूपये प्रति किमी अर्थात संविदा चालकों परिचालकों के मानदेय में 10 पैसे प्रति किमी की वृद्धि की गयी है। अन्य क्षेत्रों के संविदा चालक परिचालक के मानदेय 7 पैसे प्रति किमी की बढ़ोत्तरी की गयी है। परिवहन मंत्री ने बताया कि नवीन उत्तम प्रोत्साहन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए चालकों को दो वर्ष की निरन्तर सेवा एवं परिचालकों को 4 वर्ष की निरंतर सेवा जरूरी है। वित्तीय वर्ष में उन्हें 288 दिन की ड्यूटी एवं 66000 किमी की दूरी पूर्ण किया जाना जरूरी है। वित्तीय वर्ष में कोई दुर्घटना कारित न की गयी हो। योजना के अन्तर्गत चालक हेतु पारिश्रमिक 14687, प्रोत्साहन 4000 कुल देय 18687 व परिचालक हेतु पारिश्रमिक 14418, प्रोत्साहन 4000 रूप कुल देय 18418 रूपये देय होगा।




# 86 बैग अखरोट के साथ तस्कर गिरफ्तार

## भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



**मिहींपुरवा, बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा और स्थानीय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त टीम ने विशेष खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 86 बैग (कुल 860 किलोग्राम) अखरोट की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। घटना शुक्रवार तड़के लगभग 4 बजे की है, जब सीमा चौकी बलाईगांव के उप निरीक्षक रवि कुमार ने अपनी टीम के साथ बीपी संख्या 663/3 से करीब 1 किलोमीटर दूर सोहानी बलाईगांव में नाका लगाया था।

इसी दौरान बलाईगांव से मिहींपुरवा की ओर जा रही एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन (पी35 ॥ 6591) को रोककर तलाशी ली गई। वाहन से अखरोट से भरी 86 बोरियां बरामद हुईं, जिनका वजन प्रति बोरी 10 किलोग्राम था।

पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम राजगुरु पुत्र रमाशंकर, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम व डाकघर सर्रा कलां, जिला बहराइच बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि यह अखरोट नेपाल से अवैध रूप से भारतीय सीमा में लाया गया था और मिहींपुरवा में डंप किए जाने की तैयारी थी। वह किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। कागजात न होने, तस्करी की आशंका और आरोपी के कबूलनामे के आधार पर अखरोट की खेप, वाहन और आरोपी को कस्टम्स एक्ट 1962 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया। बरामदगी और आरोपी को आगे की विधिक कार्रवाई हेतु कस्टम विभाग मिहींपुरवा को सौंप दिया गया है। 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा ने बताया कि सीमा क्षेत्र में तस्करी की हर गतिविधि पर कड़ी नज़र रखी जा रही है और भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### मकान में लगी आग, 10 लाख के ऑटो पाट्र्स जलकर राख

**बहराइच।** दरगाह थाना क्षेत्र स्थित बख्शीपुरा इलाके में सोमवार सुबह एक मकान में आग लग गई। इस अग्निकांड में करीब 10 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बख्शीपुरा के घोसियन बाग मोहल्ले में मनोज सिन्हा अपने परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार सुबह करीब आठ बजे उनके मकान की ऊपरी मंजिल में आग लग गई। धुआं उठते देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद मकान के निचले हिस्से में रह रहे परिवार के सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए। गृह स्वामी मनोज सिन्हा ने तत्काल स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर नगर क्षेत्राधिकारी नारायण दत्त मिश्रा और दमकल कर्मी आधे घंटे के भीतर मौके पर पहुंच गए। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। गृह स्वामी मनोज सिन्हा के अनुसार, मकान के ऊपरी हिस्से में बड़ी संख्या में बाइकों के पाट्र्स रखे हुए थे, जो आग में जलकर खाक हो गए।

## बल्दूपुरवा में पिंजरे में फंसा तेंदुआ, बकरी का लालच आया काम, ग्रामीणों ने ली राहत

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के बल्दूपुरवा गांव में रविवार देर रात करीब 11 बजे वन विभाग की टीम ने एक तेंदुए को पिंजरे में कैद करने में सफलता प्राप्त की। लंबे समय से गांव और आसपास के इलाके में आतंक फैलाने वाले इस तेंदुए के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई दिनों से तेंदुआ गांव में घूमता हुआ देखा जा रहा था और कई बार पालतू पशुओं पर भी हमला कर चुका था, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया था। लगातार शिकायतों के बाद वन विभाग ने इस तेंदुए को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया।

वन विभाग की टीम ने गांव के बाहर गन्ने के खेत में एक बड़ा पिंजरा लगाया और तेंदुए को आकर्षित करने के लिए उसके अंदर एक बकरी को बांधा गया। देर रात बकरी का शिकार करने के लालच में तेंदुआ पिंजरे में दाखिल हो गया, जहां वह फंस गया।तेंदुए के पकड़े जाने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और खुशी का इजहार किया। पहले होगा स्वास्थ्य परीक्षण, फिर छोड़ा जाएगा जंगल में डिप्टी रेंजर अमित कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। उसके बाद उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, ताकि वह प्राकृतिक वातावरण में रह सके।

## खबरें एक नजर में

### भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण कैम्प हुआ आयोजित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को महाराज सिंह इंटर कॉलेज में भारत स्काउट गाइड जनपद बहराइच के तत्वावधान में प्रवेश, प्रथम सोपान एवम द्वितीय सोपान का प्रगतिशील प्रशिक्षण कैम्प आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ ध्वजारोहण एवम स्काउट प्रार्थना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष चन्द्र शुक्ल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण कमिश्नर अरविंद कुमार वर्मा, प्रशिक्षण कॉउंशलर अंगद पांडेय, विद्यालय स्काउट प्रभारी अमरेश कुमार मिश्रा आदि शिक्षक एवम प्रशिक्षक उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण के दौरान सभी छात्रों को स्कॉउट की प्रार्थना, नियम ,प्रतिज्ञा आदि की जानकारी दी गई। और टोली निर्माण विधि सिखाई गई।

खेलते समय मासूम पर कुत्ते ने किया हमला

### छह साल की बच्ची के चेहरे पर गंभीर घाव, लखनऊ रेफर

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** श्रावस्ती के सोनवा क्षेत्र में एक छह वर्षीय बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर दिया। इस हमले में बच्ची के चेहरे और एक आंख पर गंभीर घाव हो गए हैं। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद बहराइच जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। यह घटना सोनवा थाना क्षेत्र के हुसैनपुर खुरहरी गांव में हुई। गांव निवासी दिलीप की छह वर्षीय बेटी सौम्या अपने घर से कुछ दूरी पर खेल रही थी। तभी अचानक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और उसके चेहरे पर बुरी तरह काट लिया।सौम्या की चीख सुनकर परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के पहुंचने से पहले ही कुत्ता बच्ची को घायल कर चुका था। परिजन तुरंत सौम्या को इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे देर रात लखनऊ रेफर कर दिया।

### गोंडा में पहली बार निकलेगी लड्डू गोपाल यात्रा

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को सुबह 9 बजे श्री दुखहरण नाथ मंदिर से पहली बार श्री लड्डू गोपाल यात्रा निकाली जाएगी,जो नगर में भ्रमण करते हुए भरत मिलाप चौराहे के पास स्वर्ण गंगा ज्वेलर्स पर समापन होगा।श्री लड्डू गोपाल यात्रा में तमाम महिलाएं अपने अपने हाथों में श्री लड्डू गोपाल जी को लेकर यात्रा में शामिल होंगी और साथ साथ पुरुष भक्त एवं बच्चे भी शामिल होंगे, एवं यात्रा में पंचवटी श्री सीताराम आश्रम ऋषिभूमि के कथा वाचक श्री रवि शंकर गुरु भाई भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान हेमलता रस्तोगी एवं जमुना प्रसाद रस्तोगी रहेंगे। फिर सायंकाल 7 बजे से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू होगा जिसमें कथा वाचक परम पूज्य संत श्री रवि शंकर जी महाराज गुरु भाई के मुखारविंद द्वारा किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा 15 दिसंबर तक होगा। और 16 दिसंबर को पूर्णाहुति एवं हवन पूजन कार्यक्रम होगा ।और सायंकाल 6ः00 बजे से भंडारा शुरू होगा यह सभी कार्यक्रम की जानकारी कार्यक्रम के आयोजक संजय रस्तोगी ने दी।

### जिलाधिकारी कार्यालय में नाश्ता करते रहे एडीएम

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय 10.15 बजे पहुंचे एडीएम जहां आम जनता सुबह से इंतजार करती रहीं, एडीएम साहब कार्यालय में बैठते ही नाश्ता में लग गए, फरियादियों आगे बढ़े तो दबी जुबान अरदली ने रोका दिया और और इंतजार करने को कहा,लोगों ने पूंछा तो अरदाली ने कहा साहब अभी नाश्ता कर रहे हैं। लगभग 40 मिनट फरियादी और इंतजार किए, तब जाकर साहब तक पहुंचकर अपनी फरियाद सुनाई।

### 64 वाहनों पर लगाया एक लाख 25 हजार का जुर्माना

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** सहायक संभागीय परिवहन और यातायात पुलिस के द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान अनियमिताएं पाए जाने पर 64 वाहनों पर एक लाख 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है ए आरटीओ बृजेश ने बताया कि जिले के उतरौला तुलसीपुर व पचपेड़वा क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान 64 वाहनों पर जिमसे बिना हेलमेत, डीएल,बीमा और बाइक पर ट्रिपलिंग करते पाए जाने और यातायात नियमों को का पालन न करने वालो 25 वाहनों पर 71 हजार का जुर्माना किया गया है इसी तरह यातायात प्रभारी उमेश सिंह द्वारा चलाये गए चेकिंग अभियान में सड़क पर चार पहिया खड़ी पाए जाने,बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाते सहित यातायात नियमों को नजर अंदाज करते वाहन चलाने पाए जाने पर 39 वाहनों पर 54 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है

## एसआईआर समीक्षा बैठक में अधूरे कार्यों पर चर्चा, समय से पूर्ण करने के लिए दिए निर्देश



समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** सोमवार को ब्लॉक सभागार बिशेश्वरगंज में आयोजित एसआईआर समीक्षा बैठक में मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी पांडेय ने की। बैठक में नायब तहसीलदार बिशेश्वरगंज शैलेश अवस्थी, खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पाण्डेय, खंड शिक्षा अधिकारी पयागपुर डॉली मिश्रा उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि कुछ क्षेत्रों में अब भी फॉर्म वापस न मिलने, मतदाताओं से संपर्क न हो पाने और डेटा अपलोड लंबित रहने जैसी कमियां बनी हुई हैं। इस पर अधिकारियों ने बैठक में सभी सुपरवाइजर और बीएलओ को चुनाव आयोग के निर्देशों के क्रम में लक्षित समय अंतर्गत प्रथम चरण का मानक के अनुसार कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सभी कर्मी आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि निर्धारित समय के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कराया जा सके। बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित कार्यों की प्रगति तेज करना और कमियों को दूर करना बताया गया।

### वैध मतदाता का नाम न छूटे : पूर्व मंत्री यासर शाह

**बहराइच।** समाजवादी पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एक समीक्षा बैठक की। यह बैठक जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री यासर शाह ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का प्रथम चरण अब समाप्त हो रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि दूसरे चरण में बी.एल.ए. उन मतदाताओं के फॉर्म 6 भरवाने का काम शुरू करें जिनकी आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो चुकी है और उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। यासर शाह ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए। बैठक में उपस्थित जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट ने ज़ोनल और सेक्टर प्रभारियों से अपने-अपने बूथों को चिह्नित कर छूटे हुए नामों के लिए यथाशीघ्र फॉर्म 6 भरवाने को कहा। बैठक में विधायक आनंद यादव, पूर्व विधायक रमेश गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जफर उल्लाह खां बंटी, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुंदर लाल बाजपेई, डॉ. राधेश्याम वर्मा, विजय शाहू मून आदि मौजूद रहे।

## बालिकाएं निडर होकर शिक्षा ग्रहण करें : संजय कुमार सिंह



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** मिशन शक्ति के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा में थानाध्यक्ष पयागपुर संजय कुमार सिंह तथा महिला सिपाहियों के साथ विद्यालय की बालिकाओं को उनके अधिकार तथा सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

थानाध्यक्ष पयागपुर ने कहा कि सभी बालिकाए निडर होकर शिक्षा ग्रहण करें यदि कहीं कोई समस्या आती है तो आपके साथ पुलिस हर समय खड़ी है आपको सुरक्षा संरक्षण देना हमारा परम कर्तव्य है, सुरक्षा संरक्षा हेतु महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, विमेन हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930 नंबर के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की।मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र ने किया। तथा कहा कि पुलिस विभाग हर समय बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर है और यदि कहीं कोई समस्या आती है तो इसका लाभ लेना चाहिए। इस कार्यक्रम में थाना पयागपुर की महिला सिपाही प्रियंका, रेखा, कांति देवी,शिक्षक दिनेश कुमार अभय राज कार्यकत्री रीना देवी, चंपा देवी, सरिता देवी माया देवी, कुंता देवीआदि रसोईया महिला अभिभावक व ग्राम प्रधान, विद्यालय समिति अध्यक्ष तथा सदस्य अभिभावक मौजूद रहे।

## अनियंत्रित पिकअप महिला को टक्कर मारते हुए थार से भिड़ी, पांच घायल

समृद्धि न्यूज़

**▸ पुलिस मौके पर पहुंची व घायलों को सीएचसी बेलसर पहुंचाया**

**गोंडा।** गोंडा के तरबगंज थाना क्षेत्र में गोंडा-बेलसर मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा बीती रात करीब 10 बजे यूनिक एकाडमी चांदपुर के पास हुआ। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने पहले सड़क किनारे खड़ी एक महिला को टक्कर मारी और फिर एक थार कार से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलसर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल गोंडा रेफर कर दिया। घायलों में बेलसर, तरबगंज, गोंडा निवासी निधि (11 वर्ष) पुत्री ओमप्रकाश, प्रिघायलों में बेलसर, तरबगंज, गोंडा निवासी निधि (11 वर्ष) पुत्री ओमप्रकाश, प्रियंका (25 वर्ष) पत्नी ओमप्रकाश और मिश्रण पुरवा, बेलसर निवासी मिथिलेश (50 वर्ष) पत्नी हरिनाथ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, परसदा निवासी छोटकू (27 वर्ष) पुत्र फूलचंद और सालपुर, कोतवाली देहात निवासी रमेश पुत्र किशनलाल भी चोटिल हुए हैं। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक राजकुमारी यादव ने सोमवार को बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक राम प्रताप वर्मा ने किया 'उतरौला रसोई' का शुभारंभ

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक नई पहल की शुरुआत हो चुकी है। ब्लेसिंग वेलफेयर फाउंडेशन ने डॉ भीमराव अंबेडकर चौराहा के निकट व पेट्रोल पंप के बगल मात्र दस रूपये दस रूपये उतरौला रसोई सेवा शुरू की है। सोमवार को उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने फीता काटकर उतरौला रसोई का शुभारंभ किया। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि यह पहल समाज के गरीब वंचित व जरुरतमंद वर्ग के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। उन्होंने कहा कि ब्लेसिंग वेलफेयर फाउंडेशन की यह पहल समाज में मानवता और सेवा का एक बेहतर उदाहरण पेश कर रही है। इस तरह की पहल से उन लोगों को मदद मिलेगी जो अक्सर समाज में नजर अंदाज कर दिए जाते हैं। दस रुपए के बेहद न्यूनतम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना इस पहल का उद्देश्य अत्यंत सराहनीय है। यह संस्था गरीबों का पेट भरने के लिए उन्हें 10 रुपये में भरपेट भोजन देकर पुण्य का काम कर रही है।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



समृद्धि न्यज़

**▸ प्राथमिक विद्यालय दत्तनगर विशेन में बाल विवाह रोकथाम, शिक्षा व सुरक्षा पर छात्रों को किया गया जागरूक**

**गोण्डा।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत प्राथमिक विद्यालय दत्तनगर विशेन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान, बालिकाओं की शिक्षा का महत्व, घरेलू हिंसा की पहचान व रोकथाम तथा महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बालिकाओं के भविष्य को प्रभावित करता है। समाज के सहयोग से ही बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य साकार हो सकता है। जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने बताया कि बालिकाओं की शिक्षा उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएँ बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सहायता और प्रोत्साहन प्रदान करती हैं।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को विभागीय योजनाओं से संबंधित पैम्पलेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शर्मिला सिंह, अरुणिमा शाही, सपना नाग, सुचेता सिंह सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## बालाजी की शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब, लगे जयकारे



समृद्धि न्यूज

**▸ नौ दिसंबर को होगा विशाल भंडारा**

**बेलसर/गोंडा।** नगर पंचायत बेलसर मे 11वां विशाल बालाजी के शोभायात्रा में हजारों की संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु भक्तो ने हिस्सा लिया शोभा यात्रा नगर भ्रमण परसपुर रोड, उमरी रोड, गोंडा रोड, तरबगंज रोड, पर गाजे-बाजे डीजे के साथ हाथी घोड़ा विभिन्न प्रकार की झांकी के साथ शोभा यात्रा जुलूस निकाला गया जिसमें विनोद पांडे तरबगंज रज्जन बाबा प्रधान बेलसर, गोलू सिंह नगर पंचायत प्रतिनिधि बेलसर, अजीत सिंह, राघव राम तिवारी, संतोष दुबे, शिवनाथ गुप्ता भोजवाल प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी, राजेश गुप्ता भोजवाल दीपक गुप्ता भोजवाल अजय गुप्ता, उमाशंकर कौशल, रामकुमार गुप्ता, पवन कौशल, अवधेश दुबे, आशीष गुप्ता, जानकी गुप्ता, राम किशोर गुप्ता, निखिल सिंह,जीतू सिंह, आदि हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने शोभा यात्रा में शामिल



होकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया अगला कार्यक्रम 8 .12.2025 को राम नाम जप, रामचरितमानस का पाठ, 9 दिसंबर को सवामणि हवन वा विशाल भंडारा, जागरण कार्यक्रम होगा।

**जनसुनवाई** | चकमार्ग कब्ज़ा, सीमांकन विवाद और धमकी जैसे गंभीर मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

## विशेष जनसुनवाई में 22 महिलाओं ने रखीं अपनी समस्याएं

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** देवीपाटन मंडल मुख्यालय में सोमवार को मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद के तहत आयोजित विशेष महिला जनसुनवाई में महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुँचकर अपने गंभीर मामलों को अधिकारियों के सामने रखा। कुल 22 महिलाओं ने अपने-अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्याय व त्वरित राहत की मांग की। जनसुनवाई की अध्यक्षता मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने की।

जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने प्रार्थना पत्र पढ़कर संबंधित अधिकारी से मौके पर ही वार्ता की और मामलों को विस्तारित करते हुए दो सप्ताह के भीतर निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा और उपायुक्त खाद्य भी मौजूद रहीं। जनसुनवाई में ग्राम बांसगांव डेलईपुरवा की लालिता तिवारी ने चकमार्ग पर दबंगों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्ज़े की गंभीर शिकायत दर्ज कराई। उनके अनुसार विपक्षी पक्ष चकमार्ग पर जबरन खेती कर रहा है और विरोध करने पर ग्रामीणों को मारपीट व फौजदारी मुकदमे की धमकी देता है।

उन्होंने कहा कि कई शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीण परेशान हैं। प्रार्थिनी ने चकमार्ग को कब्ज़ामुक्त कराने और आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। अधिकारियों ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

ग्राम खरगूपुर इमिलिया की मीरा सोनी और सवित्री देवी ने गाटा संख्या 2057 के सीमांकन विवाद की शिकायत की।महिलाओं ने बताया कि वर्ष 2011 में सीमांकन कर पत्थर नस्थ किया गया था, लेकिन विपक्षी पक्ष ने साजिशन हदबरारी वाद दायर कर नया आदेश ले लिया। आरोप है कि लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की मिलीभगत से पत्थर उखाड़कर भूमि को गाटा 1685 में जोड़ दिया गया। बार-बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से वे परेशान हैं। दोनों ने सीमांकन पुनः करवाते हुए पत्थर नस्थ कर कब्जा बहाल करने की मांग की।

ग्राम बूढ़ा देवर-गरीबी पुरवा की माला देवी ने अपने सहन की भूमि पर कब्जे की कोशिश और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि 5 दिसंबर की सुबह विपक्षी पक्ष ने उनकी भूमि पर कूड़ा फेंकने का प्रयास किया और विरोध करने पर उन्हें गंभीर धमकियाँ दी गईं। आरोप है कि एक व्यक्ति हथियार लेकर हमला करने दौड़ा, जिससे वह किसी तरह बच सकीं। माला देवी का कहना है कि उनका परिवार लगातार डरा-धमकाया जा रहा है। उन्होंने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई और अवैध कब्जा रोकने की मांग की है।

# सोर्स प्वाइंट पर कड़ाई से करें लोडिंग मानकों का पालन : माला श्रीवास्तव

## ओवरलोडिंग व अवैध रूप से चल रहे 400 से ज्यादा वाहनों पर हुई कार्रवाई, 1.5 करोड़ से अधिक का लगाया गया जुर्माना

**भूतत्व व खनिकर्म विभाग की सचिव व निदेशक माला श्रीवास्तव ने अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों को दिए कड़े निर्देश**





समृद्धि न्यूज

लखनऊ। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अवैध खनन, अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग पर पूर्ण अंकुश के उद्देश्य से चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जनपदीय/मण्डलीय अधिकारियों/विशेष जांच दल द्वारा विगत तीन दिनों में लगभग 5000 से अधिक उपखनिजों का परिवहन करने वालों को चेक किया गया, जिनमें अधिकांश परिवहन करने वाले वाहन परिवहन प्रपत्रों के साथ परिवहन करते हुये पाये गये। 400 से अधिक वाहनों पर अवैध परिवहन/ओवरलोडिंग पाये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करते हुए, लगभग 1.5 करोड़ से अधिक का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। अवैध खनन, परिवहन/ओवरलोडिंग पर अब तक विगत तीन दिनों में 07 एफआईआर भी दर्ज करायी गयी है। जनपद सोनभद्र में 54 वाहनों पर, मीरजापुर में 23 वाहनों पर, जालौन में 32 वाहनों पर, बलिया में 21 वाहनों पर व गोरखपुर में 15 वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

उपरोक्त अभियान अन्तर्गत प्रगति की समीक्षा करते हुए सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तर प्रदेश माला श्रीवास्तव द्वारा अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों को कड़े निर्देश दिये कि अन्य राज्यों से उपखनिजों का परिवहन आईएसटीपी के साथ ही हो। किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न होने दी जाये। सोर्स प्वाइंट पर कड़ाई से लोडिंग मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग को नियंत्रित करने के उद्देश्य से स्थापित IoT enabled PTZ व ANPR Camera युक्त चेकगेट्स को भी 24×7 संचालित किया जा रहा है।

अरुण कुमार, विशेष सचिव/अपर निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तर प्रदेश द्वारा समस्त अधिकारियों को सचेत करते हुए निर्देश दिये गये कि प्रत्येक दशा में प्रभावी प्रवर्तन लगातार संचालित रहे व शासन की मंशा में अनुरूप कार्य किया जाये।

## एक्सपोजर विजिट से हर पंचायत को आत्मनिर्भर मॉडल बनाने का लक्ष्य : ओमप्रकाश राजभर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि आंतरिक एक्सपोजर विजिट केवल देखने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यवहारिक सीख और परिवर्तन की दिशा है। हमारा लक्ष्य है कि हर पंचायत सशक्त हो, संसाधन पैदा करे और आत्मनिर्भर मॉडल के रूप में विकसित हो, जो प्रतिभागी लौट रहे हैं या उसमें शामिल हो रहे हैं। वे अपने क्षेत्रों में विकास की नई सोच और ऊर्जा लेकर जा रहे है।

मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों के लिए स्वीकृत एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पंचायती राज विभाग द्वारा क्रमिक रूप से आयोजित किया जा रहा है। रामपुर, श्रावस्ती, ललितपुर और अमेठी समेत कई जिलों में यह बैचवार विजिट वर्तमान में चल रहा है। प्रतिभागियों ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, बायोगैस यूनिट, वर्मी कम्पोस्टिंग, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, जल प्रबंधन, कॉमन सर्विस सेंटर संचालन एवं ओएसआर सृजन के सफल मॉडलों को ज़मीन पर देखा और समझा। कार्यक्रम के दौरान लगभग दो हजार प्रतिभागी नवंबर 2025 से जनवरी 2026 की अवधि में दो-दिवसीय एक्सपोज़र विजिट में भाग ले रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### बिहार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार का यूपी में स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार कैबिनेट मंत्री ग्रामीण विकास एवं परिवहन बिहार का लखनऊ में जद यू कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार की अभूतपूर्व सफलता ने देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है जिसमें श्रवण कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्रवण कुमार ने सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। समीक्षा बैठक करके सदस्यता अभियान को अपरिहार्य बताते हुए कहा कि बिहार की जीत में सदस्यता अभियान की मुख्य भूमिका रही है। समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के जनपद बलरामपुर, फतेहपुर, एवं गोंडा जिलों में हुए आपराधिक घटनाओं के लिए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कमेटी जोकि जांच कर सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी ताकि अपराधियों के साथ सख्त से सख्त कार्यवाही हो सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनावों के लिए कमर कसने को कहा और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव सुभाष पाठक एवं संजय पटेल ने किया।

### हत्या कर शव जलाने वाले पांच गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ की निगोहां पुलिस ने हत्या कर शव जलाने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने युवक को मिलने के बहाने बुलाया। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। शव को उन्नाव में ले जाकर जला दिया था। परिजनों के गुमशुदगी दर्ज कराने पर पुलिस युवक की तलाश कर रही थी। एडीसीपी साउथ रालापल्ली बसंत ने बताया निगोहां के दखिना शेखपुर निवासी कबीर उर्फशिव प्रकाश (42) का अधजला शव उन्नाव के बीघापुर थाना क्षेत्र में मिला। परिजनों के शव की पहचान करने के बाद टीम जांच में जुटी। जिसका खुलासा करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। 19 नवंबर को सुरेंद्र कुमार ने निगोहां पुलिस को सूचना दी थी कि उनका दोस्त कबीर 16 नवंबर से लापता है। केस दर्ज कर पुलिस ने आसपास के जिलों में तलाश शुरू की। इसी दौरान बीघापुर पुलिस ने एक अधजले अज्ञात शव मिलने की जानकारी दी। फोटो देखने के बाद परिजनों ने शव की पहचान कबीर के रूप में की। जांच में खुलासा हुआ कि कबीर की मां स्व. सत्यवती के नाम 44 बिस्वा जमीन रायबरेली,लखनऊ राजमार्ग के किनारे थी। यही जमीन विवाद की जड़ बनी।

### मोदी जी के मन की बात की नकल कर रहे मुख्यमंत्री : कांग्रेस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री पाती लिखकर मोदीजी के मन की बात की नकल में लगे हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पाती में रोहिंग्या घुसपैठियों की बात करके मोदी सरकार की सच्चाई उजागर कर रहे हैं। देश जानना चाहता है कि केंद्र बीजेपी सरकार ने कितने घुसपैठियों को उनके देश वापस भेजा, आंकड़े बताए। पाती में प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी,मंहगाई, भ्रष्टाचार पर बात क्यों नहीं करते मुख्यमंत्री जी।

### उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अतिरिक्त 7 सदस्य नामित किए गए हैं। प्राधिकरण की प्रथम बैठक 9 दिसंबर को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ मे होने जा रही है। जिसके अंतर्गत प्रथम सत्र में प्रात: 10:30 बजे से स्टेकहोल्डर के साथ विचार विमर्श किया जाएगा, तदोपरांत में उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की बैठक आयोजित की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा

# किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले करें पहचान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने नागरिकों से अपील की कि वे सतर्क रहें और घरेलू अथवा व्यावसायिक कार्यो में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह अपील ऐसे समय में की है, जब उनके निर्देश पर पिछले सप्ताह से पूरे प्रदेश



में घुसपैठियों के खिलाफकार्रवाई तेज कर दी गई है। उन्होंने सोमवार सुबह 'एक्स पर एक पोस्ट में उच्चतम न्यायालय की हालिया टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा, ''उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण टिप्पणी की है कि घुसपैठियों के लिए लाल कालीन नहीं बिछाया जा सकता। इससे स्पष्ट है कि घुसपैठिए किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं। सीएम योगी ने कहा कि संसाधनों पर अधिकार नागरिकों का है, घुसपैठियों का नहीं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राज्य की सुरक्षा और सामाजिक संतुलन बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध सघन अभियान शुरू किया गया है तथा सभी शहरी स्थानीय निकायों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान कर सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संसाधनों पर अनधिकृत बोझ हटाना आवश्यक है और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को वंचितों तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता, इसी उद्देश्य से दस्तावेज सत्यापन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और पहचाने गए घुसपैठियों को आगे की कार्रवाई के लिए निरुद्ध केंद्र भेजा जा रहा है।

### जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं फरियादें

**जिलों के अधिकारियों को पारदर्शी निस्तारण के निर्देश**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों से मुलाकात की। सीएम ने एक-एक पीड़ित का प्रार्थना पत्र लेकर उनकी समस्याओं को सुना और तत्काल निस्तारण का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान जिलों में ही हो, इसके लिए पुलिस और प्रशासनिक अफ़सर जिम्मेदारी के साथ काम करें। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में तैनात पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही प्राथमिकता से किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोच्च होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस आयुक्त, एडीजी, एसएसपी और एसपी हर शिकायत की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें और कार्रवाई में किसी भी तरह की ढिलाई न हो। सोमवार के जनता दर्शन में 50 से अधिक पीड़ित अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इनमें जमीनी विवाद, राजस्व मामलों और पुलिस से संबंधित कई प्रकरण शामिल रहे।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को वैकल्पिक घोषित करने की मांग

**लखनऊ।** उ.प्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व देश की ऊर्जा क्षेत्र की शीर्ष संवैधानिक सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक लोक महत्व विधिक प्रस्ताव आयोग के सामने सौंपते हुए यह मांग की कि उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग उपभोक्ताओं के हित में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को अनिवार्य न मानते हुए विकल्प के रूप में स्पष्ट रूप से घोषित करे। उपभोक्ता परिषद ने अपने विधिक प्रस्ताव के साथ सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्ष 2024 के अंतिम महीने में जारी एक आदेश भी आयोग के सामने प्रस्तुत किया।

## एटीएस ने लखनऊ नगर निगम से मांगा सफाईकर्मियों का डेटा

**▸ रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठिए रडार पर, कार्रवाई की तैयारी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्यों का मुद्दा काफी गरमा गया है। मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यालय ने सीधे नाराजगी जताई गई है। इसके बाद आतंकवाद निरोधक दस्ता ने लखनऊ नगर निगम से सफाई कर्मचारियों का डेटा मांगा है।

सूत्रों के मुताबिक, इनपुट मिला है कि बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठिए नगर निगम के सफाई कर्मी के रूप में काम कर रहे हैं। नगर निगम से डेटा मिलने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ पुलिस ने भी नगर निगम ने सफाई कर्मियों का विवरण मांगा है। एटीएस मुख्यालय के पुलिस उपाधीक्षक ने लखनऊ नगर निगम को पत्र लिखा गया है। नगर निगम से कचरा प्रबंधन में आउटसोर्सिंग के साथ रोजाना काम करने वाले कर्मचारियों के बारे में पूरी जानकारी मांगी है। इसमें सफाई कर्मचारी व उनके ठेकेदारों की सूची, निवास, पहचान पत्र, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड सहित अन्य डिटेल मांगी गई है। नगर निगम में पत्र आने के बाद सभी 8 जोन के जोनल प्रभारी और जोनल सेनेटरी ऑफिसर की तरफ से डेटा कलेक्शन का काम शुरू कर दिया गया है।

## आबकारी नीति से निवेश को रफ्तार, रोजगार सृजन के खुले नए आयाम

### देश का एथेनॉल हब बना उत्तर प्रदेश, राजस्व वृद्धि के साथ निवेश से वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में बड़ा योगदान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की पारदर्शी और निवेशोन्मुखी आबकारी नीति ने वर्ष 2025 में प्रदेश की राजस्व प्रणाली को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एथेनॉल उत्पादन और बिक्री में दर्ज हुई उल्लेखनीय वृद्धि ने न केवल औद्योगिक गतिविधियों को तेज किया है, बल्कि प्रदेश को राष्ट्रीय एथेनॉल उत्पादन के क्षेत्र में भी शीर्ष श्रेणी में स्थापित किया है।

उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी, बिक्री और निवेश प्रस्तावों में तेजी इस बात का संकेत है कि राज्य की अर्थव्यवस्था नए दौर में प्रवेश कर रही है। उत्तर प्रदेश में नवंबर 2025 तक 141.8 करोड़ लीटर



एथेनॉल का उत्पादन हुआ, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। योगी आदित्यनाथ सरकार के संरचनात्मक सुधार, तकनीकी अनुकूलता और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' से शराब, बीयर, वाइन व एल्कोहल आधारित उद्योगों में वृद्धि हुई है। प्रदेश में 105.25 करोड़ लीटर और प्रदेश से बाहर 40.96 करोड़ लीटर एथेनॉल बिक्री ने उत्तर प्रदेश को एथेनॉल सप्लाई का भरोसेमंद केंद्र बनाया है। उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी एथेनॉल उत्पादक प्रदेशों में स्थापित हो चुका है।

#### आबकारी क्षेत्र में निवेश से अर्थव्यवस्था को मजबूती

उत्तर प्रदेश में अल्कोहल आधारित उद्योग के क्षेत्र में बड़े कॉरपोरेट समूहों से लेकर मध्यम सेक्टर उद्योगों तक के निवेशक यूपी में अपने परियोजनाओं को विस्तार दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश के आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह ने बताया कि इंवेस्ट यूपी के अंतर्गत अब तक 125 समझौते साइन हुए हैं, जिसके तहत 3,07,35 करोड़ रुपये के निवेश की प्रक्रिया चल रही है। वहीं 43 रेडी-टू-लॉन्च प्रोजेक्ट हैं जिनके लिए जमीन आवंटित हो चुकी है। इसके माध्यम से 6898.88 करोड़ रुपये के निवेश की प्रक्रिया चल रही है। इनवेस्ट यूपी के तहत वर्तमान में 19 प्रोजेक्ट संचालित हैं इसमें 2900 करोड़ से ज्यादा का निवेश हो चुका है। इन परियोजनाओं ने 4800 से अधिक रोजगार भी सृजित किए हैं। गैर एमओयू के तहत 28 प्रोजेक्ट संचालित हैं जिसमे 2752 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है।

#### रोजगार सृजन से युवाओं को नया अवसर

आबकारी क्षेत्र में निवेश प्रस्तावों से 9940 से अधिक रोजगार अवसर बनने की सम्भावना है। यह योगी सरकार की उस नीति का परिणाम है, जिसमें औद्योगिक विकास को सीधे तौर पर रोजगार सृजन से जोड़ा गया है। इससे स्थानीय युवाओं को उनके ही प्रदेश में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और औद्योगिक आधार मजबूत होगा। उत्तर प्रदेश की आबकारी नीति का यह सशक्त प्रदर्शन योगी आदित्यनाथ सरकार की आर्थिक दृष्टि, राजस्व प्रबंधन क्षमता और औद्योगिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

## बीज प्रमाणीकरण न कराने वाले एफपीओ से होगी अनुदान वसूली

**▸ कृषि मंत्री ने लापरवाह अधिकारियों को लगाई फटकार**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि निदेशालय में दृष्टि योजनान्तर्गत स्थापित 100 कृषक उत्पादक संगठनों एफपीओ के कार्यों की समीक्षा की, जिसमें एफपीओ द्वारा बीज विधायन संयंत्रों की स्थापना और बीज उत्पादन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।

समीक्षा में सामने आया कि 24 एफपीओ ने अब तक 80,960 क्विंटल बीज का उत्पादन और उसका विक्रय उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम को कर दिया है। बैठक में उन एफ़पीओ की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई जो आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रहे हैं, उन्हें सख्त निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि 27 एफपीओ द्वारा अभी तक बीज प्रमाणीकरण संस्था में पंजीकरण नहीं कराया गया है, ऐसे एफ़पीओ तत्काल अपना पंजीकरण करा लें।

उन्होंने चेतावनी दी कि पंजीकरण न कराने की स्थिति में सरकार द्वारा दिए गए अनुदान की वसूली की कार्यवाही की जाएगी। यह भी संज्ञान में आया कि 32 एफपीओ के उत्पादित बीज अब तक उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा क्रय नहीं किए गए हैं, जिसपर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।


## गर्लफ्रेंड ने की लिव-इन पार्टनर की हत्या, रेता गला

**▸ सूर्य प्रताप सिंह एवरेडी कंपनी में था एक्जीक्यूटिव इंजीनियर**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक इंजीनियर की हत्या कर दी गई। शुरुआती जांच में सामने आया कि हत्या गर्लफ्रेंड ने की है। दोनों लिव-इन में रहते थे।

मर्डर करने के बाद करीब 10 घंटे तक गर्लफ्रेंड अपनी 2 बेटियों के साथ प्रेमी के कमरे में ही बैठी रही। उसके बाद खुद ही पुलिस को सूचना दी। महिला से पूछताछ में आया कि रविवार रात करीब 11 बजे किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद महिला ने अपनी दोनों बेटियों के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या कर दी। पुलिस ने महिला और उसकी



दोनों बेटियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बीबीडी थाना क्षेत्र के सालारगंज गांव का है। मूलरूप से देवरिया में रहने वाला सूर्य प्रताप सिंह (33) एवरेडी कंपनी में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर था। वह जानकीपुरम में अपने परिवार के साथ रहता था। इसी बीच सूर्य ने अपने घर के पास रहने वाली रत्ना (46) की दो बेटियों को ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया। रत्ना के पति की मौत हो चुकी है। ट्यूशन पढ़ाने के दौरान सूर्य और रत्ना के बीच नजदीकियां बढ़ती गई। धीरे-धीरे दोनों के बीच अफेयर हो गया। इस बात का पता चलते ही दोनों के घरवालों ने विरोध करना शुरू कर दिया। बार बार कहने के बाद भी सूर्य प्रताप और रत्ना ने घरवालों की बात नहीं मानी। जब घरवालों का दबाव ज्यादा बढ़ा, तो सूर्य प्रताप, रत्ना और उसकी दोनों बेटियों के साथ बीबीडी थाना क्षेत्र के सालारगंज गांव में मकान लेकर रहने लगा। पिछले कुछ दिनों से सूर्य और रत्ना के बीच लगातार झगड़ा हो रहा था। रविवार रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर जमकर झगड़ा हुआ। इसके बाद रत्ना ने अपनी दोनों बेटियों के साथ मिलकर सूर्य की हत्या कर दी। इसके बाद रातभर रत्ना और उसकी बेटियां दूसरे कमरे में बैठी रहीं। सोमवार सुबह करीब 9 बजे रत्ना ने खुद पुलिस को कॉल किया। कहा कि मैंने अपने प्रेमी की हत्या कर दी है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना मिलते ही सूर्य के पिता नरेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। नरेंद्र सिंह ने रत्ना और उसकी दोनों बेटियों पर हत्या करने का आरोप लगाया।

### ऊर्जा मंत्री ने किया बिजली बिल राहत योजना शिविर का निरीक्षण

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा पहुंचे जौनपुर, खानपुर ग्राम में बिजली बिल राहत योजना शिविर का निरीक्षण किया। शिविर की व्यवस्थाओं, पंजीकरण प्रक्रिया तथा लाभार्थियों को मिल रही जानकारी का मूल्यांकन किया।

मंत्री ने कहा, उपभोक्ताओ को योजना की सही जानकारी और सहज सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर में बीते दिवस 80 विद्युत उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया। कई उपभोक्ता लंबे समय से बकाया बिल को लेकर परेशान थे लेकिन योजना के प्रति मिले सकारात्मक माहौल ने उनमें राहत और विश्वास बढ़ाया। उपभोक्ताओं ने सरकार की ओर से दी जा रही ऐतिहासिक सहायता बताया, जिससे उनके आर्थिक बोझ में भारी कमी आएगी।

## हर व्यक्ति को न्याय दिलाने को सरकार प्रतिबद्ध : केशव मौर्य

**▸ डिप्टी सीएम का जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का फरमान**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुन संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया।

अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे। जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने कहा, जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए, पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है।

## बढ़ती ठंड से निपटने के लिए नगर निगम सतर्क

**▸ नगर आयुक्त ने शेल्टर होम्स का किया निरीक्षण**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शहर में शीतलहर का प्रकोप धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम ने राहत व बचाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सोमवार को शहर के स्थाई शेल्टर होम्स (रैन बसेरों) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रिनोवेशन के कार्यों की प्रगति का आकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, मुख्य अभियंता महेश वर्मा, तथा संबंधित जोन के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत जोन 1 के जियामऊ स्थित शेल्टर होम से हुई, जहां नगर आयुक्त ने रंगाई-पुताई और सफाई कार्य की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शेल्टर होम्स में साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को सुरक्षित और स्वच्छ आश्रय मिल सके। इसके बाद उन्होंने लक्ष्मण मेला रैन बसेरा और चकबस्त स्थित रैन बसेरे का भी दौरा किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि प्रत्येक शेल्टर होम में स्पष्ट साइनेज बोर्ड लगाए जाएं ताकि लोगों को वहां पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, सभी रैन बसेरों में रजाई, गद्दे और कंबल की व्यवस्था दुरुस्त करने और पुराने सामान को बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य अभियंता को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जाए। नगर आयुक्त ने विशेष रूप से यह भी कहा कि प्रत्येक शेल्टर होम के केयर टेकर नियमित रूप से लॉग बुक भरें ताकि हर गतिविधि का रिकॉर्ड रखा जा सके। इसके बाद उन्होंने जोन 2 स्थित लाटूश रोड रैन बसेरा का निरीक्षण किया, जहां कुछ मरम्मत कार्यों में कमी पाई गई। उन्होंने मुख्य अभियंता को तत्काल सुधार के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने आगे ऐशबाग मिल रोड और करेहटा स्थित रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया। जिन स्थानों पर तैयारियां अधूरी हैं, वहां के कार्य अगले सात दिनों के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगामी निरीक्षण के दौरान कोई कमी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**आकर्षण**

### उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड रामसर साइट्स पर विकसित कर रहा पर्यटक सुविधाएं

# सर्दियों में प्रवासी पक्षियों से गुलजार यूपी की रामसर साइट्स

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की प्राकृतिक संपदा इस वर्ष भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। दिसंबर की शुरुआत के साथ ही प्रदेश के सभी 10 अंतरराष्ट्रीय महत्व वाले रामसर साइट्स प्रवासी पक्षियों की चहचहाहट से गुलजार हो उठे हैं।

प्रतिवर्ष हजारों किमी दूर से आने वाले इन दुर्लभ पक्षियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल आश्रय स्थली पर्यटकों के लिए भी पूरी तरह तैयार है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड लगातार पर्यटक सुविधाओं के उन्नयन, संरक्षण कार्यों और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में



प्रभावी कदम उठा रहा है, जिससे प्रदेश की समृद्ध जैव-विविधता नए आयाम प्राप्त कर रही है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है, ताकि पर्यटकों को बेहतर और सुरक्षित अनुभव मिल सके। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी निरंतर जारी हैं। मंत्री ने बताया कि आगरा स्थित सूर सरोवर बर्ड सेंक्चुरी में 167.85 लाख रुपए की लागत से पर्यटक सुविधाओं का विकास किया गया है, जिससे यह स्थल प्रकृति प्रेमियों और बर्ड वॉचर्स के लिए और भी आकर्षक बन गया है। सेंक्चुरी में पार्किंग एरिया, पाथवे एवं नेचर ट्रेल, सोविनियर शॉप, वॉच टावर, साइनजेज, शौचालय, आरओ वॉटर कूलर जैसी सुविधाओं को विकसित किया गया है, ताकि आगंतुकों को समृद्ध पर्यटन अनुभव मिल सके। हैदरपुर वेटलैंड में 165.71 लाख रुपए की लागत से पर्यटक सुविधाओं का व्यापक संवर्धन किया गया है, जिससे यहां आने वाले आगंतुकों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो रहा है। यहां प्रवेश द्वार, नेचर ट्रेल, नेचर कैंप, आरामदायक बेंचेज, साइनेजेज, ऊंचाई से दृश्य अवलोकन के लिए वॉच टावर के साथ ही कैंटीन, रिसेप्शन, गोल हट, आरओ वाटर कूलर आदि सुविधाओं का विकास किया गया है। उन्नाव स्थित नवाबगंज बर्ड सेंक्चुरी में पर्यटकों के अनुभव को नई ऊंचाई देने के लिए आधुनिक तकनीक से लैस एआर-वीआर डोम का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध जैव-विविधता के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है, यहां कुल 10 रामसर साइट्स हैं- नवाबगंज पक्षी अभ्यारण्य (उन्नाव), पार्वती आर्गा पक्षी अभ्यारण्य (गोंडा), समान पक्षी अभ्यारण्य (मैनपुरी), समसपुर पक्षी अभ्यारण्य (रायबरेली), सांडी पक्षी अभ्यारण्य (हरदोई), सरसई नावर झील (इटावा), सूर सरोवर पक्षी विहार (आगरा), ऊपरी गंगा नदी (ब्रजघाट से नरौरा विस्तार), बखिरा वन्यजीव अभ्यारण्य (संत कबीर नगर) और हैदरपुर वेटलैंड (मुजफ्फरनगर), प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं।

# जिले को मिले 75 नए ट्रैफिक पुलिसकर्मी

**यातायात व्यवस्था होगी बेहतर, यूपी में 5 हजार अतिरिक्त फोर्स की तैनाती, जाम से राहत की उम्मीद**

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



प्रदेश में यातायात निदेशालय द्वारा ट्रैफिक मैनेजमेंट को मजबूत बनाने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में 5,000 अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में शाहजहांपुर जनपद को 75 नए ट्रैफिक पुलिसकर्मी मिले हैं। इन पुलिसकर्मियों का एक महीने का विशेष प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें जनपद के उन क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जहां अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। इनमें पुवायां, तिलहर, कांट, जलालाबाद और अल्हागंज थाने प्रमुख हैं। सीओ ट्रैफिक संजय कुमार सिंह का कहना है कि नई तैनाती से उन इलाकों की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित किया जा सकेगा। आगे चलकर इन पुलिसकर्मियों को स्थायी रूप से भी इन्हीं थानों में तैनात किया जाएगा, जहां वे विशेष रूप से ट्रैफिक प्रबंधन का कार्य देखेंगे। इससे सड़क सुरक्षा, वाहन नियंत्रण और जाम समस्या में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। ज्ञात हो है पुवायां राजीव चौक पर आए दिन जाम की समस्या से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन ट्रेफिक पुलिस की तैनाती से जाम की समस्या से निजात मिलती दिख रही हैं। इसके अलावा ईरिक्शा चालक भी अब राजीव चौक पर आड़े तिरछे वाहन नही खड़े करते हैं, जिसे लोगों को इस समस्या से भी निजात मिली हैं, तो वहीं ओवलोड़ वाहन चालक भी अब ओवरलोड़ वाहन लेकर यहां से गुजरने से कतराते देखे जाते हैं यदि कोई वाहन चालक ओवरलोड़ वाहन लेकर गुजरता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती हैं, तो वही बिना कागजात दो पहिया वाहनों से फर्राटा भरने वाले बाइक चालकों पर भी अंकुश लग रहा हैं, तो वहीं दुर्घटनाओं में भी कमी देखी जा रही है। तो वहीं जलालाबाद की बात करें तो यहां भी ट्रैफिक पुलिस की तैनाती से जाम की समस्या से छुटकारा मिलता दिख रहा हैं, यही हाल अल्हागंज, तिलहर और कांट का भी हैं, यहां भी जाम की समस्या से निजात मिलती दिख रही हैं।

> ‘यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित किया जा सकेगा। आगे चलकर इन पुलिसकर्मियों को स्थायी रूप से भी इन्हीं थानों में तैनात किया जाएगा, जहां वे विशेष रूप से ट्रैफिक प्रबंधन का कार्य देखेंगे।’
>
> –संजय कुमार सिंह, सीओ ट्रैफिक

## ओवरलोड भूसी भरे ट्रक का चालान, राजीव चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने दिखाई सख्ती

**शाहजहांपुर।** शहर में बढ़ती ओवरलोडिंग की शिकायतों के बीच ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को राजीव चौक पर चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान भूसी से भरा एक ट्रक अत्यधिक ओवरलोड पाया गया। पुलिस ने ट्रक को मौके पर रोका और नियमों के तहत चालान काटते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। ट्रक इतना ओवरलोड था, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ था। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की। ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने बताया कि नगर में ओवरलोड वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे सड़कें खराब होने के साथ-साथ हादसों की संभावना भी कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ओवरलोड वाहन सार्वजनिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं। ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से अन्य ट्रक चालक भी अलर्ट नजर आए। पुलिस ने वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि ओवरलोडिंग पकड़े जाने पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई से बचना संभव नहीं होगा।

## खबरें एक नजर में

### मामूली कहासुनी पर विवाद, जेब से रुपए निकाले

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** बिस्किट की पेटी पर पैर रखने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने युवक के साथ मारपीट कर जेब में रखे रुपये निकाल लिए। गाँव कोरोंकुइयां निवासी तालिब ने तहरीर देकर बताया कि वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है। रविवार की शाम वह बस पर सीट के किनारे बिस्किट की बड़ी सी पेटी लेकर घर लौट रहा था। सुबह लगभग पांच बजे शाहजहाँपुर से बस निकलने के बाद बगल की सीट पर बैठे सिंधौली क्षेत्र के ही एक युवक ने बिस्किट की पेटी पर रख दिए। जिसका विरोध करने पर दोनों के बीच गाली-गलौज हुआ। बाद में आरोपित युवक ने अपने गाँव के सामने बस रुकवाकर पहले से मौजूद साथियों के साथ मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसकी जेब में रखे चार हजार रुपये भी निकाल लिए। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्पेशल क्लास गेट नहीं खुलने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**रोजा-शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन और शाहजहांपुर के बीच गेट संख्या 323 स्पेशल क्लास का गेट हैं। जहां पर गेट खोलने के लिए गेटमैन की ड्यूटी तैनात हैं। लेकिन गेट नहीं खुलता हैं। गेटमैन की ड्यूटी फिर भी रहती है। दीपावली से एक हफ्ते पूर्व गेट बंद कर दिया गया था। रेल अधिकारियों से जानकारी की गई तो जानकारी मिली थी 29 अक्टूबर को खोल दिया जाएगा। पैकिंग का कार्य किया जाएगा। अभी तक गेट नहीं खुला। यहां बताते चले स्पेशल क्लास का गेट होने के कारण ट्रैफिक संख्या ज्यादा है। वहीं इस गेट से निकलकर अधिकतर शाहजहांपुर वासी रोडवेज बस अड्डा रेलवे स्टेशन हार्डनेस क्लोजिंग फैक्ट्री में काम करने के लिए जाते हैं लेकिन गेट बंद होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन यात्री चोटिल होते हैं। बरेली मोड़ से रोडवेज बस अड्डा तक जाने वाले टेंपो ई रिक्शा वहां गेट के पास ही लाकर यात्रियों को छोड़ देते हैं। यहां से यात्री अवैध तरीके से लाइन पार करके अपने लगेज के सहित निकलते हैं। जिससे आए दिन चोटिल होते रहते हैं। कई अधिकारियों से जानने की कोशिश की गई, किसी अधिकारी ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि गेट कब खोला जाएगा। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक से जानकारी ली तो बताया मुझे कोई जानकारी नहीं है। सही जानकारी मंडल अभियंता दे सकते हैं।

‘‘इस समय ब्लास्ट नहीं है दो या तीन दिन में ब्लास्ट गिरने के बाद गेट को पब्लिक के लिए खोल दिया जाएगा।’’ **–भास्कर भट्टाचार्य मंडल अभियंता शाहजहांपुर।**

### शौचालय नहीं होने से रेल यात्रियों को हो रही दिक्कत

**रोजा-शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन मुरादाबाद डिविजन का आमदनी में नंबर एक में गिना जाता है, यहां से प्रतिमाह कोयला, चीनी, खाद, गेहूं, चावल, मैदा, आलू की लोडिंग और अनलोडिंग होती है। जिससे करोड़ों रुपए के आमदनी होती है। व्यापारियों का आना-जाना लगा रहता है। रोजा जंक्शन प्लेटफार्म पर प्रारंभ में चार प्लेटफार्म थे। पिछले वर्ष जुलाई में नॉन इंटरलॉकिंग होने के बाद रोजा जंक्शन प्लेटफार्म पर 6 प्लेटफार्म बनाए गए। जहां पर सीतापुर गोंडा गोरखपुर जाने के लिए ट्रेन बदली जाती है। वहीं लखनऊ बरेली दिल्ली जाने के लिए यात्री लोग ट्रेन यहां से बैठते हैं। यहां बताते चलें पहले एक नंबर और दो प्लेटफार्म पर ट्रेन आया करती थी। जिससे यात्री अपनी यात्रा प्रारंभ करते थे। लेकिन वर्तमान समय में 6 प्लेटफार्म होने पर शौचालय केवल तीन और चार नंबर प्लेटफार्म पर बना हुआ है। एक नंबर प्लेटफार्म दो नंबर प्लेटफार्म और पांच नंबर प्लेटफार्म पर नही है। इस संबंध में मुख्य मलिक निरीक्षक संजय कुमार ठाकुर से जानकारी की तो उन्होंने बताया शीघ्र मंडलीय अधिकारियों से शौचालय बनवाने के लिए कहा जाएगा और यात्रियों की सुविधा के लिए दो शौचालय और बनवाए जाएंगे। मुख्य वनिज निरीक्षक संजीव कुमार ठाकुर उत्तर रेलवे रोजा जंक्शन।

### कोर्ट के आदेश पर दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी अतुल कुमार गुप्ता पुत्र बृज बिहारी लाल गुप्ता ने न्यायालय के आदेश दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीते 24 सितंबर 2025 को बह अपने भतीजे गोपाल पुत्र अखिलेश चंद्र गुप्ता के साथ सिंधौली से शाहजहांपुर स्कूटी के द्वारा आ रहा था। भतीजा गोपाल पीछे बैठा था। समय करीब रात्रि या 8:30 बजे का रहा होगा कि कोरोंकुइयाँ के पास लघुशंखा हेतु रुका। वैसे ही वाहन संख्या यूपी 21एफ 7093 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे भतीजा घायल हो गया और छटपटाने लगा और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। उसको नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज किया जांच शुरू की।

### कर्नल अकैडमी ग्लोबल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



**सिंधौली शाहजहांपुर।** क्षेत्र के कर्नल अकैडमी ग्लोबल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कक्षा दो सी के मोहम्मद अदीब मंसूरी ने गेट रेडी फॉर स्कूल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। जिस पर उनके पिता एम ए पब्लिक स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने अदीब मंसूरी को गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर बधाई दी। छावनी के सत्यम सिंह ने वैलेंस द कॉन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया जिस पर उनके पिता राम चीज सिंह ने हर्ष व्यक्त कर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल एवं कक्षा अध्यापिका तनवीज खान स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल एवं स्पोर्ट्स टीचर शरन सिंह बसंत सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### कथा व्यास ने भगवान की महिमा से अवगत कराया



**सिंधौली-शाहजहांपुर।** कथावाचक पं. नरेन्द्र मोहन मिश्र ने बताया कि प्रभु चरणों में स्वयं को समर्पित कर सदाचार युक्त जीवन गुजारने वाले प्राणी के यश और समृद्धि में अभूतपूर्व प्रगति होती है। श्री मिश्र क्षेत्र के कठपुरा घाट खन्नौत नदी किनारे स्थित शिव मन्दिर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भक्तों को भगवान की महिमा से अवगत करा रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह माता अपने बच्चे की सुरक्षा और दुलार हेतु हर पल तत्पर रहती है। ठीक इसी तरह सृष्टि के नियन्ता परमेश्वर अपने भक्तों पर कभी कोई आपदा नही आने देते है। प्रभु चरणों में आस्था रखने वाला व्यक्ति पूरे जीवन को सुखपूर्वक व्यतीत करने के बाद भगवान के धाम को प्राप्त होता है। मानस मर्मज्ञ श्री मिश्र ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जीवन गाथा आर प्रकाश डालते हुए बताया कि धरती पर जब जब अत्याचार बढ़ता है तब तब प्रभु का धरा पर आगमन होता है। भगवान विष्णु द्वारा लिए गए विभिन्न अवतारों पर चर्चा करते हुए उन्होंने उपस्थित भक्तों को प्रभु भक्ति की सलाह दी। कार्यक्रम में दीप पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, मेनू शुक्ला, विजय,कमलेश आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय बजरंग दल ने विधायक हुमायूं कबीर का फूंका पुतला



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय बजरंग दल परशुरामपुरी के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत तिवारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में विधायक हुमायूं कबीर द्वारा रखी गई बाबरी की नींव के विरोध में हुमायूं कबीर का पुतला जलालाबाद के मुख्य चौराहा पर दहन किया। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। तेल लगाओ डाबर का नाम मिटाओ बाबर का नीम का पता कड़वा है हुमायूं कबीर भड़वा है नारों की गूंज से मुख्य चौराहा कुछ समय के लिए जाम रहा। प्रदेश मंत्री अर्पित भामाशाह एडवोकेट ने कहा हुमायूं कबीर द्वारा आक्रांता बाबर के नाम पर पुनः बाबरी नाम की मस्जिद की नींव रखना दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं देश में सांप्रदायिकता फैलाने का भी प्रयास किया गया है। हुमायूं कबीर ये न समझे कि हिंदू कमजोर हैं। अब भारत का हिंदू बाबर के नाम को स्वीकार नहीं करेगा,ताकत के साथ पलटवार करेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हरिओम कौशल, जिला उपाध्यक्ष अभितेश कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत तिवारी, रवि पाल वर्मा एडवोकेट, ब्लॉक महामंत्री प्रशांत राजपूत एडवोकेट, तहसील उपाध्यक्ष मनोज कुमार एडवोकेट, ब्लॉक उपाध्यक्ष किशन गोस्वामी, ब्लॉक मंत्री वरुण मिश्रा, रोहित सक्सेना एडवोकेट, कुश सक्सेना एडवोकेट, विकास शिल्पकार, संदीप द्विवेदी, दीपू सिंह, राहुल गुप्ता, सुमित सिंह चंदेल एडवोकेट सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इको की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जलालाबाद शाहजहांपुर रोड पर ककरहा मोड़ के पास जलालाबाद की तरफ से शाहजहांपुर की ओर जा रही इको कार ने सामने से आ रही बाइक सवार अक्षय के टक्कर मार दी। जिससे अक्षय गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार नगरिया भूड निवासी अक्षय कुमार बाइक से जलालाबाद की तरफ आ रहा था तभी ककरहा मोड़ के पास सड़क हादसा हो गया। इको चालक रामू मौके से फरार हो गया। रामू निवासी गुनारा इको याकूबपुर से शाहजहांपुर के लिए सवारियों पर गाड़ी चलाता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**पड़ोसी पर जहर देने का आरोप**

**पुवायां-शाहजहांपुर।** पड़ोसी के मकान के पास महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला जिसके बाद परिजनों ने आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार की सुबह गांव बसखेड़ा खुर्द निवासी 50 वर्षीय ऊषा देवी पड़ोस के मकान से दूध लेने गई थी। जिसके बाद उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसी मकान के पास पड़ा मिला। मृतिका के पति गिरीशचंद्र ने बताया कि पड़ोसियों से विवाद चल रहा है जिस कारण उन लोगो ने मेरी पत्नी ऊषा देवी की हत्या कर शव को मकान के बाहर फेंक दिया। गिरीशचंद्र ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुची पुलिस व सीओ प्रवीण मलिक ने फॉरेंसिक टीम को सूचना दी। मौके पर पहुची फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

> ‘हत्या कर शव फेंकने की सूचना मिली थी लेकिन कुछ लोगों द्वारा जानकारी मिली है कि महिला बेहोश होकर गिर पड़ी थी। फिलहाल शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सही जानकारी हो पाएगी।’
>
> –प्रवीण मलिक, सीओ पुवायां

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में इम्पल्स 4.0 वार्षिक खेल-सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



राजकीय मेडिकल कॉलेज में एबीबीएस बैच 2022 द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव 'इम्पल्स 4.0' का सोमवार को शानदार उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह को महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. राजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डा. राजेश कुमार और आयोजन समिति के अध्यक्षों द्वारा आकाश में कबूतर और गुब्बारे छोड़कर किया गया, जो शांति, सद्भाव और उत्सव के उत्साह का प्रतीक था। स्पोर्ट्स चेयरपर्सन डा. राहुल पालीवाल व कल्चरल चेयरपर्सन डा. जेपी सिंह की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डा. मनीष कुमार दिवाकर, कल्चरल सेक्रेटरी डा. पूनम कचावा का योगदान रहा। साथ ही समिति के अन्य सदस्य डा. देवेश कुमार, डा. किरण मलिक, डा. विनोद कुमार रवि, डा. बृजेश कुमार गुप्ता, डा. ऋषु अग्रवाल, डा. दीपशिखा, डा. गौरव भी समारोह में शामिल हुए।समारोह का एक मुख्य आकर्षण मैराथन दौड़ थी, जिसमें महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों फैकल्टी और विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। मैराथन में सभी प्रतिभागियों का जुनून देखने लायक था, जिसने खेल भावना और फिटनेस के प्रति महाविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाया। समग्र रूप से, खेल उद्घाटन समारोह अत्यंत सफल रहा। प्रधानाचार्य डा. राजेश कुमार ने आयोजक बैच एमबीबीएस 2022, को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और महोत्सव के आगामी कार्यक्रमों के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। महोत्सव आने वाले दिनों में खेल और संस्कृति के कई रोमांचक कार्यक्रमों का साक्षी बनेगा, जिससे महाविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहेगा।

## बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली-शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के गांव बछियानी निवासी बलिस्टर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी शांति देवी जो उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रीपुर बुजुर्ग में कक्षा 7 की छात्रा है। बीते एक दिसंबर को उसकी पुत्री स्कूल से पढ़कर वापस अपने घर साइकिल द्वारा आ रही थी। तभी मियांपुर से बछियांनी गांव की मोड पुलिया के पास चेना रूरिया की तरफ से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक हसन्ने पुत्र राजेश निवासी गांव खमरिया ने लापरवाही से चलाते हुए उसकी बेटी के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई और मोटरसाइकिल चालक हसन्ने मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से बेटी के शरीर में गंभीर चोटें आई। जिसका इलाज जिला अस्पताल शाहजहांपुर में चल रहा है। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

## युवा उत्सव शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्रियां प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि युवाओं को संस्कारवान बनाना भी है: ममता

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

**जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन**



युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपई ऑडिटोरियम अंटा चौराहा में किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि ममता यादव अध्यक्ष जिला पंचायत रही। कार्यक्रम विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के अंतर्गत कल्चरल एवं इनोवेशन ट्रैक पर आधारित था। जिसमें लोकगीत सामूहिक, लोक नृत्य सामूहिक, भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान मेला प्रदर्शनी, चित्रकला प्रतियोगिता, कविता लेखन, कहानी लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन युवा कल्याण विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने कहा युवा उत्सव शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्रियां प्राप्त करना ही नहीं है बल्कि युवाओं को संस्कारवान विचारवान एवं बहुमुखी प्रतिभा का धनी बनाना भी है उच्च शिक्षा का एक मंतव्य यही भी है कि देश के युवाओं के व्यक्तित्व के बहरमुखी विकास के लिए अनुकूल अवसर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराये जाए। कार्यक्रम प्रभारी सतेंद्र कुमार ने कहा युवा उत्सव का उद्देश्य देशभर के युवाओं को एक मंच पर लाकर उनकी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करना है जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह ने कहा राष्ट्रीय एकता भाईचारे और आत्मविश्वास आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करना है जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा युवा उत्सव युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने सीखने और देश के प्रति अपने दायित्व को समझने का एक बड़ा मंच है। लोकगीत समूह में जीजीआईसी की टीम विजेता रही और जीएफ कॉलेज की टीम उप विजेता रही। लोक नृत्य समूह में जीएफ कॉलेज की टीम विजेता रही और गुरुकुल सेवा ट्रस्ट की टीम उपविजेता रही। स्वामी शुकदेवानंद राज्य विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रूपक श्रीवास्तव ने कहा कि यह उत्सव सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारी युवा शक्ति, रचनात्मकता और प्रतिभा का मंच है। यहाँ उपस्थित प्रत्येक युवा में राष्ट्र का भविष्य बसता है। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने कहा आपकी कल्पनाशीलता और आपका उत्साह हमारे समाज को नई दिशा देता है। इस मंच पर जो कला, संस्कृति, खेल और साहित्य की झलक हम देखेंगे, वह हमारे जिले की विविधता और समृद्धि को दर्शाती है। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए जिसमें डिक्लेमेशन में हर्ष पांडे प्रथम, अनन्या वर्मा द्वितीय, मोहम्मद मनीष तृतीय रहे। कविता लेखन में रचना वर्मा प्रथम, अविरल दीप सिंह द्वितीय, शैलेंद्र सिंह तृतीय रहे। कहानी लेखन में शूबुर प्रतिमा प्रथम, वैष्णवी शुक्ल द्वितीय, विश्व मिश्रा तृतीय रहे। चित्रकारी प्रतियोगिता में देवघर शर्मा प्रथम, आकांक्षा वर्मा द्वितीय, भक्ति वर्मा तृतीय रही। वहीं विज्ञान मेला प्रदर्शनी में प्रथम स्थान राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहजहांपुर की टीम में प्राप्त किया। द्वितीय और तृतीय स्थान पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहजहांपुर की टीम में प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों से आए हुए अध्यापकों ने निर्णायक की भूमिका निभाई तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनुराग स्मिता रस्तोगी 'नेहा', भावना वर्मा शताक्षी ठाकुर, डॉ. मलिक अस्मत, डॉ रईस, डॉ स्वप्निल यादव, डॉ अरशद खान, हन्ना, डॉ अर्चना गर्ग, डॉ प्रतिभा सक्सैना, नम्रता लता, अंशु सक्सेना, डॉ प्रतिभा सक्सेना, सृष्टि समेत समस्त पीआरडी विभाग का विशेष सहयोग किया।

## स्वामी सत्यदेव का कटरा में हुआ स्वागत



**शाहजहांपुर-कटरा।** डॉ. वेदपाल चपराना जिला कमांडेंट होमगार्ड बिजनौर को राष्ट्रपति पदक से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा विभूषित किये जाने के बाद लखनऊ से अपने गृह जनपद मेरठ लौटते हुए 8 दिसंबर को स्वामी सत्यदेव महाराज पीठाधीश्वर देवनारायण पीठ संयोजक गौ रक्षा वाहिनी के नेतृत्व में कटरा हाईवे पर उनका अंग वस्त्र देकर तथा केसरिया पगड़ी बांधकर माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वामी जी ने अपने व्यक्तत्वय में कहा की राष्ट्र और समाज की सेवा करने वाले अधिकारियों एवं राजनेताओं की राष्ट्र को आवश्यकता है। भारत माता की रक्षा के लिए हम सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर समाज व राष्ट्र की सेवा करने वालों का सम्मान करना ही चाहिए। इस मौके पर आवेश सिंह, कृष्ण पाल नौसारा हरे राम उर्फ गुड्डू पूर्व प्रधान, विजयपाल, सौबरण सिंह, मोनी, रामनिवास, शैलेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, आकाश सिंह, रामजीत सिंह आदि लोगों ने भी कमांडेंट का माला पहनकर स्वागत किया। कटरा चौराहे पर सभी समाजसेवियों ने एकत्रित होकर भारत माता की जय का उद्घोष किया। इस दौरान भारत माता की जय के उद्घोष से वहां का वातावरण गुंजायमान हो गया।

## गोशाला में मिला सूखा चारा-अव्यवस्था, एनजीओ को नोटिस जारी

**सीडीओ ने शनिवार को कांट इंदेपुर गोशाला निरीक्षण में पकड़ी थी खमियां**



**शाहजहांपुर।** शासन के तमाम दिशा निर्देश के बाबजूद जनपद की गोशालाओं में अव्यवस्थाएं बनी हुई है। हालांकि सीडीओ डा.अपराजिता सिंह गोशालाओं के बेहतर रख रखाव, साफ सफाई व्यवस्था व पशुओं के खाने वाले चारा को लेकर निरंतर मानीटरिंग करती हैं। इसी क्रम में उन्होंने बीते दिनों कांट के इंदेपुर गांव में बनी गोशाला निरीक्षण कर तमाम कमियां पकड़ी थी।जिसके बाद उन्होंने गोशाला संचालित कर रहे, एनजीओ को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में जबाब मांगा है और जबाब न मिलने पर एनजीओ से गोशाला वापस लेने की चेतावनी दी है। सीडीओ ने बताया कि पूरे मामले की रिपोर्ट डीएम को सौंप दी गई है।

**शाहजहांपुर गोशालाओं में हाल-बेहाल, सीडीओ का पारा हाई...:** सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने बताया कि गोशाला में शीत से बचाव को गए इंतज़ाम अपर्याप्त, कई शेड पूरी तरह खुले मिले। पशु क्रूरता, लापरवाही और जवाबदेहीहीनता के ऐसे प्रकरण अस्वीकार्य हैं।

## शिकायत पर जांच को पहुंचे बीडीओ

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** विकासखण्ड के गाँव पनवाड़ी में नाली निर्माण संबंधी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत की जांच सोमवार को खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश ने मौके पर पहुँचकर की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाली निर्माण में आ रही बाधाओं एवं कमियों को गंभीरता से लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एडीओ पंचायत अनूप कुमार, एपीओ भूपराम, पंचायत सचिव शिवालय शर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर समस्याओं का समाधान जल्द सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।

## उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा समारोह में नागिन तेरा वंश बढ़े का चयन

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।





कहावत है कि नागिन अपने बच्चों को खा जाती है, लेकिन जल्द ही कलाप्रेमियों को नागिन का त्याग और प्रेमभाव देखने को मिलेगा। जिसको उत्तर प्रदेश की सुविख्यात 'मंथन आर्ट्स सोसायटी प्रस्तुत करेगी।

मंथन आर्ट्स जिले में ही नहीं पूरे प्रदेश में प्रतिष्ठित नाट्य संस्था बन चुकी है। इस संस्था ने जनपद के अलावा अन्य प्रदेशों में भी अपनी प्रस्तुतियों से जनपद का नाम रौशन किया है और प्रणाम काकोरी नाटक के माध्यम से देशभक्ति की अलख जगाई है। नाटक के निर्देशक शिवा सक्सेना ने बताया कि राजस्थानी संगीत, कालबेलिया नृत्य और लोकगीतों के समावेश के साथ ही मंथन आर्ट्स सोसायटी शाहजहांपुर के नाटक नागिन तेरा वंश बढ़े का चयन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आगामी सम्भागीय नाट्य समारोह के लिए किया गया है। जो जनवरी 2026 में प्रदेश भर में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश से नाटकों के आवेदन मांगे जाते हैं और चयन समिति द्वारा चयन करने के उपरान्त 16 नाटकों का मंचन चार सम्भागों के रूप में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित किया जाता है। नाटक में अंशू साहू, मोहित कनौजिया, पारस दीक्षित, यश देव शर्मा, ऐश्वर्य कृष्ण मिश्र, अर्पित शुक्ला, अरशद आज़ाद, अनमोल कुमार, सूरज कुमार, हर्ष गोस्वामी, शंकर लाल, अभिशेक खण्डेलवाल आदि मंच पर राजस्थानी परिवेश में बातपोशी की कहानी को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस नाटक की मंच सज्जा व प्रकाश अभिकल्पना सोनू सक्सेना तथा संगीत पक्ष में गायन शक्ति सैनी व हारमोनियम वादन रिंकू वर्मा के द्वारा किया जाएगा। गीत राजेश पाठक द्वारा संयोजित किये गये हैं। कहानी विजयदान देथा द्वारा लिखी गयी है, जो कि भारत के मशहूर लेखक हैं। नाटक के निर्देशक ने बताया कि जल्द ही उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के द्वारा जिले का आवंटन कर दिया जाएगा। जिसके पश्चात् संस्था नाटक का मंचन करने के लिए प्रस्थान करेगी। चयन होने पर संस्था अत्यन्त उत्साहित है।

## आवश्यकता है

जनपद शाहजहांपुर के ब्लाक निगोही, खुटार, कांट, सेहरामऊ दक्षिणी, अल्हागंज, कलान में संवाददाताओं की। पत्रकारिता में रुचि रखने वाले इच्छुक व्यक्ति मो. 9984927542/ 9415572885 पर संपर्क करें।

**कार्यालय पता- सदर बाजार, एलआईसी आफिस के सामने, शाहजहांपुर।**

## सूचना

आधार कार्ड में मेरे भाई का नाम गरब लिखा है जोकि गलत हैं, जबकि मेरे भाई का नाम गौरव पुत्र बब्लू नि.ग्रा. बेहटी पो. सेहरामऊ साउथ, जिला शाहजहांपुर हैं। मेरे भाई को इसी नाम, पिता के नाम और पता से जाना जाए।

**सूचनार्थी-अंजली पुत्री बब्लू नि.ग्रा. बेहटी,पो. सेहरामऊ साउथ, शाहजहांपुर।**

## खबरें एक नजर में

### श्यामाचरन बने जिलाध्यक्ष

**बंडा-शाहजहांपुर।** बंडा के गांव नरायनपुर गंगा निवासी श्यामाचरन राठौर को उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस पद पर उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष शिव गोपाल साहू ने उनके समाज में कार्यों और जागरूकता को देखते हुए यह निर्णय लिया है। संगठन का उद्देश्य समाज में अपने वर्ग के लोगों को जागरूक करते हुए अपने अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्णय लेना है।

### लखनऊ में शाहजहांपुर के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**सिंधौली-शाहजहांपुर।** लखनऊ के चौक स्टेडियम में 5 व 6 दिसंबर को आयोजित स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में शाहजहांपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। खालसा हेल्थ क्लब के अनमोल यादव ने सब जूनियर वर्ग में 74 किलो बॉडी वेट कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं युवराज सिंह ने 120 किलो बॉडी वेट वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कोच मोहित तिवारी और राष्ट्रीय खिलाड़ी कमलजीत ने खुशी जताते हुए बताया कि खिलाड़ियों ने मेहनत और अनुशासन के दम पर सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि आगे भी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतियोगिता में मिले पदकों से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### सोशल मीडिया के जरिए ब्राह्मणों पर अवैध टिप्पणी, किशोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुवायां-शाहजहांपुर।** गांव नाहिल में एक युवक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो को रोष करके ब्राह्मणों को गाली गलौज कर रहा था। जिसके बाद जब गांव के ही लोगों ने उस वीडियो को देखा तो उन्होंने वीडियो डिलीट करने के लिए कहा लेकिन जब वीडियो डिलीट नहीं हुआ तो ब्राह्मणों ने उसके घर पहुँचे उसी समय उस युवक ने पुलिस बुला ली मौके पर पहुँची पुलिस ने उस युवक को गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर आई। जहां तमाम ब्राह्मण पहुँचे। मामला थाना क्षेत्र के गांव नाहिल का है जहां पर एक युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो डाला जिसमें ब्राह्मण समाज को गाली दे रहा है। जब उस वीडियो को ब्राह्मणों ने देखा तो उन्होंने उस युवक के घर जाकर वीडियो डिलीट करने के लिए कहा और उसने वीडियो डिलीट करने का आश्वासन दिया कि हम वीडियो डिलीट कर देंगे। लेकिन एक दो दिन हो जाने के बाद भी उसने वीडियो डिलीट नहीं किया जिसके बाद गांव नाहिल के गुस्साए ब्राह्मणों ने एकत्रित होकर उसने दरवाजे पर पहुँच गए जिसके बाद उस युवक ने तत्काल पुलिस बुला ली। मौके पर पहुँची पुलिस ने उस युवक को गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर आई। ब्राह्मण ने रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की।

### फाइनल में पहुंचे आर्ट इलेवन और एसएसएमवी इलेवन



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में आयोजित हो रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में आज दो सेमीफाइनल मैचों का आयोजन किया गया। पहला सेमीफाइनल मैच कॉलेज की टीम आर्ट-11 तथा यूथ-11 के मध्य खेला गया। आर्ट-11 ने 15.3 ओवर में सारे विकेट खोकर 147 रन स्कोर किए। जवाबी पारी में यूथ-11 ने यद्यपि बहुत बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन यह टीम 16 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 144 रन ही स्कोर कर सकी। 49 गेंदों पर ताबड़तोड़ 3 छक्के एवं 9 चौके मारकर 77 रन बनाने वाले यूथ-11 के खिलाड़ी अभिषेक दीक्षित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा सेमीफाइनल मैच साइंस-11 तथा एसएसएमवी-11 के मध्य हुआ। टॉस जीतकर पहले बैटिंग एसएसएमवी-11 ने और 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाए। 12.3 ओवर में महज 66 रन बनाकर साइंस-11 के सभी खिलाड़ी धराशायी हो गए। मैन ऑफ द मैच का खिताब एसएसएमवी-11 के खिलाड़ी अक्षत दीक्षित को दिया गया। खिलाड़ियों की हौसलाफजाई के लिए कॉलेज के सचिव प्रो अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रो आर के आजाद, उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, जी एफ कॉलेज के प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान, प्रो आलोक मिश्र, प्रो प्रभात शुक्ला, डॉ आलोक सिंह, प्रो आदित्य कुमार सिंह, डॉ जयशंकर ओझा सहित भारी संख्या में शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में मारपीट के बाद आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बंडा-शाहजहांपुर।** दो पक्षों में कहासुनी हो जाने के बाद दोनों पक्षों ने बंडा थाने जाकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिए जिस पर बंडा पुलिस ने दोनों पक्षों से तीन नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बंडा के डभौरा सेवा निवासी सुमित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छः दिसंबर की शाम करीब आठ बजे उसकी अपनी ही मोहल्ले के ऋतिक गुप्ता नामक युवक से बंडा चौराहे पर कुछ कहासुनी हो गई थी जिसके बाद जब वह चौराहे से अपने घर की तरफ जा रहा था तभी रात करीब नौ बजे शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज के पास ऋतिक, उसका पिता और दो अन्य लोग आए और उसे नाम लेकर गालियां देने लगे। जब उसने गालियां देने का विरोध किया तो उक्त सभी ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा और उसे जान से मार देने की धमकी भी दी। आरोप है इस मारपीट के दौरान ऋतिक गुप्ता ने उसके गले में पड़ी सोने की चैन भी तोड़ दी जो कहीं खो गई। वहीं दूसरे पक्ष से मनोज गुप्ता ने दी तहरीर में बताया कि छः दिसम्बर की शाम बंडा चौराहे पर उसके लड़के हर्षित गुप्ता की उसके ही मोहल्ले के सुमित से कहासुनी हो गई थी जिसके बाद हर्षित अपने घर की ओर वापस आ रहा था तभी सुमित और उसके तीन अन्य साथियों ने मिलकर उसके पुत्र को डंडों से बुरी तरह से मारा पीटा जिससे उसे काफी चोटें आईं। इतना ही नहीं उक्त लोग उसके बेटे को जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। आरोप है कि इस मारपीट के दौरान उसके लड़के के 1500 रुपए भी कहीं खो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की जिस पर बंडा पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद दोनों पक्षों से तीन लोगों को नामजद करते हुए कुल आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप, पहुंची वन विभाग की टीम



**सिंधौली-शाहजहांपुर।** ग्रामीणों द्वारा गांव के आसपास तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग हरकत में आ गया। ग्रामीणों ने बताया कि सोशल मीडिया पर तेंदुआ का एक फोटो वायरल हो रहा है, हालांकि कई ग्रामीणों ने खुद तेंदुआ देखने से इनकार किया है। सूचना मिलते ही वन रेंजर वीरेश रावत ने टीम को मौके पर भेजा। टीम ने रविवार शाम और सोमवार सुबह गांव पहुंचकर लोगों से पूछताछ की तथा आस-पास के क्षेत्रों में सर्च किया। रेंजर वीरेश राव ने बताया कि जांच के दौरान मौके पर किसी जंगली जानवर के पदचिह्न नहीं मिले हैं। वायरल हो रही फोटो की सत्यता की जांच की गई तो गूगल लेंस पर वह करीब दो वर्ष पुरानी मिली। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

### केंद्र प्रभारियों की मनमानी के चलते बंडा मंडी में फैल रही अव्यवस्थाएं





**बंडा-शाहजहांपुर।** बंडा स्थित नवीन गल्ला मंडी में धान क्रय केंद्रों की अव्यवस्था चरम पर है। सरकार किसानों को राहत देने के दावे कर रही है, पर जमीनी हकीकत बिल्कुल इसके उलट दिखाई दे रही है। मंडी में केंद्र प्रभारी और कर्मचारी बिचौलियों के दबाव में काम करते हुए उनके धान को प्राथमिकता से तौल रहे हैं, जबकि असली किसान कई-कई दिनों से ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि जब वह केंद्र प्रभारियों से धान की तौल करने की बात करते हैं तो केंद्र प्रभारी उनकी बातों को अनसुना कर देते हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों तक इस मामले की शिकायत पहुंचाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गांव सिकरहानिया निवासी किसान शेर सिंह ने बताया कि पोहकरपुर समिति के क्रय केंद्र पर वह पिछले 6 दिनों से धान तौल के लिए केन्द्र पर धान लिए पड़ा है, लेकिन केंद्र प्रभारी का कोई अता-पता नहीं है। शेर सिंह ने कहा कि मजबूरी में उनके हाईस्कूल में पढ़ने वाले बेटे शशांक को स्कूल छोड़कर धान की रखवाली करनी पड़ रही है। एक ओर सरकार छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए तरह तरह की योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी तरफ किसानों के बच्चों को खेत और मंडी में धान की रखवाली करनी पड़ रही है। इतना ही नहीं शेर सिंह ने केंद्र प्रभारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि सोमवार को जब उन्होंने केंद्र प्रभारी से अपने धान की तौल कराने को कहा तो उन्होंने कहा कि धान नहीं तौल पाएंगे और जो करना हो वह कर लें। वहीं गांव बंडी निवासी विपिन मिश्रा ने केंद्र प्रभारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके 60 क्विंटल धान को एक महीने से केंद्र पर रखे रहने के बावजूद तौला नहीं जा रहा। पहले तो उनके पिता के कागज सत्यापित नहीं हुए उसके बाद जब उसने अपने चाचा के कागज लगाए लेकिन फिर भी धान की तौल नहीं की जा रही है। केंद्र प्रभारी उनसे प्रति क्विंटल 190 रुपये की अवैध मांग कर रहा है। करीब एक महीने से पड़ा धान छुट्टा पशुओं और ट्रालियों के नीचे रौंद गया जिससे उसमें खंडी हो गई और अब केंद्र प्रभारी बहाने पर बहाना कर रहा है। वहीं रिश्वत न देने के चलते उनके धान की तौल कराने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं किसानों का कहना है कि क्षेत्र में धान कटाई को एक माह से अधिक समय बीत चुका है और लगभग सभी किसानों ने अपनी फसल बेच भी दी है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब किसानों की उपज का बड़ा हिस्सा बिक चुका है तो इस समय मंडी के बाहर सड़क पर एक-एक किमी लंबी धान से भरी ट्रॉलियों की कतार आखिर किसकी है।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा, तीन युवकों की मौत

**श्रीकृष्ण दर्शन को जा रहे थे जलालाबाद के तीनों युवक, एक गंभीर घायल**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जलालाबाद के चार युवक भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के उत्साह में रविवार रात कार से मथुरा रवाना हुए थे, लेकिन यमुना एक्सप्रेस-वे पर आगरा के पास हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे कस्बे को शोक में डुबो दिया। देर रात उनकी तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी, जिससे तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। हादसे में जान गंवाने वालों में निकुंज गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता, राजन गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता और सौरभ वर्मा पुत्र रामकिशन वर्मा शामिल हैं। चौथा युवक राजा भारद्वाज पुत्र गुड्डु भारद्वाज को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया गया कि चारों युवा बड़े हर्षोल्लास के साथ मथुरा के लिए निकले थे, मगर रास्ते में ही यह अनहोनी घट गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे से पहले कार चालक को अचानक झपकी आ जाने से वाहन का संतुलन बिगड़ गया। तेज रफ्तार कार खाई में लुढ़कती चली गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। कड़ी मशक्कत के बाद युवकों को कार से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। डॉक्टरों के अनुसार घायल राजा भारद्वाज की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस हादसे के सटीक कारणों की जांच में जुटी है। हादसे की खबर जैसे ही जलालाबाद पहुंची, पूरे कस्बे में मातम छा गया। मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि चारों युवक मिलनसार और सामाजिक प्रवृत्ति के थे। उनकी अचानक मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। एक्सप्रेस-वे पर लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए लोगों ने सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने और रफ्तार नियंत्रण पर कड़े कदम उठाने की मांग की है।

### बाइक सवार की मौत, दो भाई गंभीर घायल



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** याकूबपुर तिराहा निवासी 22 वर्षीय अमन की शनिवार रात अल्हागंज क्षेत्र में रामगंगा पुल के पास हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं उसके दो चचेरे भाई रंजीत और शानू गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने गंभीर घायल शानू को इलाज हेतु सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। अमन के चाचा लालू ने बताया कि उनकी बेटी रिंकी की बच्ची का फर्रुखाबाद में जन्मदिन था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवार के तीनों युवक अमन (लालू के भाई मंजू का बेटा), रंजीत रामवीर का बेटा और शानू अच्छूका बेटा बाइक से गए थे। रात करीब नौ बजे जब तीनों युवक रामगंगा पुल और हुल्लापुर चौराहे के बीच पहुंचे, तभी उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक हाईवे पर जा गिरे। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। ट्रक के पहियों के नीचे आने से अमन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शानू के दोनों पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। रंजीत ट्रक की सीधी चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। मृतक अमन की शादी सात माह पहले सरैया गांव की शालू से हुई थी। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मचा है।

### बाइक हुई असंतुलित, हाथ-पैर टूटे



**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में युवक के हाथ और पैर टूट गए। घटना शनिवार रात करीब 7 बजे हुई। कस्बा निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह शनिवार रात किसी काम से बाइक से सुल्तानपुर गांव जा रहे थे। जब वे गांव की पुलिया के पास पहुंचे, तो सामने से आ रहे एक वाहन में लगी लाल-पीली अतिरिक्त लाइटों की तेज रोशनी सीधे उनकी आंखों में पड़ी। आंखों में अचानक तेज रोशनी पड़ने से बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। वे काफी दूर तक घिसटते चले गए, जिससे उनका एक हाथ और एक पैर टूट गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राजेश कुमार ने सरकार से अपील की है कि दोपहिया और चार पहिया वाहनों में लगी अतिरिक्त लाइटों पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि ये लाइटें बेहद खतरनाक होती हैं, क्योंकि रात के समय वाहन चलाते समय अचानक आंखों पर रोशनी पड़ने से सामने कुछ भी दिखाई देना बंद हो जाता है, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं।

### अज्ञात पदार्थ खाने से बच्चों को तबियत बिगड़ी, हड़कंप

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव मनिहार के आधा दर्जन बच्चे खेतों में घूमने के लिए गए हुए थे। आलू के खेतों में घूमने के बाद बच्चे जब घर पहुंचे तो उनकी हालत बिगड़ गई बच्चों की हालत बिगड़ देख परिजन उनके आनन फनन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया और हालात को गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि बच्चे खेतों में आलू की फसल को लाने के लिए गए हुए थे और खेतों से रविवार 6:00 बजे घर वापस आए तभी बच्चों ने बताया कि मुझे हल्की सी घूमनी आ रही है एक घंटे

**सीएचसी में कराया गया भर्ती, मेडिकल कालेज रेफर**

बाद बच्चों ने बताया मुझे घुमनी आने लगी और पेट में दर्द और पलटिया होने लगी है, तभी परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर से सोमवार सुबह 8:00 बजे बात हुई तो उन्होंने बताया कि समझ में नहीं आ रहा कि बच्चों ने क्या खाया है जिसकी वजह से इनको इस तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है और वहीं डॉक्टरों एवं परिजनों ने आशंका जताई है कि बच्चों ने हो सकता है कहीं खेतों में कोई जहरीला फल या कोई जहरीली वस्तु खाई होंगी। तो नहीं खाली जिसकी वजह से यह तबीयत खराब हो रही है और हालत बिगड़ रही है हालात को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने चार बच्चों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं दो लोग अपने बच्चों को निजी अस्पताल लेकर कहीं गए हैं। गांव के आधा दर्जन बच्चों की हालत बिगड़ने से गांव में हड़कंप मच गया और चर्चा का विषय बना हुआ है कि बच्चों ने कौन सा पदार्थ खाया है जिसकी वजह से उनकी तबीयत बिगड़ी है वहीं डॉक्टर भी इसका पता नहीं लग पा रहे हैं।

# सीडीओ ने विकास भवन में मारा छापा, कई अधिकारी-कर्मचारी मिले गैरहाजिर

**सुबह आफिस समय से नहीं पहुंचने वाले कार्मिकों पर सीडीओ का सख्त रुख**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



योगी सरकार के सख्त निर्देशों के बाबजूद भी जिला स्तरीय आफिसों में तैनात कुछ अधिकारी और कर्मचारी आफिस में समय से नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे दूर दराज से आने वाले फरियादियों को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। आफिस में अधिकारियों के नही मिलने की शिकायत पर सोमवार को सीडीओ अपराजिता सिंह ने विकास भवन पहुंचने के बाद समाज कल्याण विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, दिव्यांग आफिस, डीपीआरओ आफिस, एनआरएलएम कार्यालय, जिला अर्थ एवं संख्यकाधिकारी, डीपीओ, कार्यालय ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लघु सिंचाई, डीडीओ कार्यालय, सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय में छापेमारी कर उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर अधिकारियों, कर्मचारियों से उपस्थिति और अनुपस्थिति चेक की। जिसमें दो दर्जन से अधिक अधिकारी और कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए। जिस पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए गैरहाजिर पाए गए अधिकारी और कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है और तीन दिन में स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर एक दिन का वेतन रोकने का आदेश किया हैं। सीडीओ की कार्रवाई से समय से आफिस नही पहुंचने वाले अधिकारी और कर्मचारियों में हडकंप मच गया हैं।

> आज विकास भवन में स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में साफ-सफाई की स्थिति, पत्रावलियों के उचित रखरखाव, ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य निष्पादन तथा बॉयोमैट्रिक उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं जनहित को प्राथमिकता देते हुए संचालित किए जाएं।
>
> **-अपराजिता सिंह, सीडीओ शाहजहांपुर।**

### निरीक्षण में विभागवार ये मिले गैरहाजिर

जिला कृषि अधिकारी की आफिस में वरिष्ठ सहायक राहुल कुमार, सचिन गुप्ता, कनिष्ठ सहायक गौरव कुमार, वरिष्ठ सहायक विजय कुमार यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में श्रवण सिंह राना, शादाब सिद्दीकी कनिष्ठ सहायक, रणवीर सिंह पर्यवेक्षक, जिला दिव्यांग कार्यालय में वरिष्ठ सहायक राजेश, शालिनी, एनआरएलएम कार्यालय में डीएमएम प्रदीप कुमार यादव, वीएमएम शीशराम सिंह, जिला अर्थ एवं सख्यंकाधिकारी कार्यालय में गणेश, डीपीओ कार्यालय मोतीलाल, विनोद यादव, कार्यालय ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में पुनीत मिश्रा, धुर्वेंद्र, सहायक अभियंता लघु सिंचाई में सिखा सचान, डीडीओ आफिस में ममता रानी, डीपीआरओ आफिस में विश्वकांत मिश्रा, संजय कुमार सिंह, अंशुल दीक्षित, सहायक दिनेकश मत्स्य में जाविर अली गैरहाजिर पाए गए हैं। जिनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए बीएसए ने बच्चों को किया सम्मानित

**बीएसए ने बच्चों को आफिस बुलाकर साथ में खिंचवाई फोटो**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता द्वारा चलाई जा रही अनूठी पहल के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय शाहमतगंज गौटिया के बच्चों को शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्मानित किया गया। सम्मान की इस अनूठी पहल के बारे में बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया की शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों के फोटो संबंधित विद्यालय द्वारा आकर्षक ढंग से कार्यालय में डैशबोर्ड पर लगाए जाते हैं। तत्पश्चात संबंधित बच्चों को सम्मानित किया जाता है।उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग शाहजहांपुर द्वारा संचालित परिवर्तन और संकल्प समूह के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए सभी शिक्षकों का आवाहन किया कि अपने-अपने विद्यालयों में शासन की मंशानुसार कार्यों को उत्कृष्टता के साथ कराए, जिसका लाभ शैक्षिक एवं सामाजिक दृष्टि से बच्चों को प्राप्त हो और उनके भविष्य की स्वर्णिम आधारशिला रखी जा सके। बच्चों के सम्मान की मुहिम में उत्साह वर्धन करने के लिए सर्टिफिकेट, मेडल और स्टार से सम्मानित किया जाता है। सम्मानित होने वाले बच्चों में अनस, जन्नत ,उमरा, प्रिंस सिंह, लवी, पिंकी पाल, जानवी और नैंसी शामिल है। विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ सहायक अध्यापक रोहित कुमार सक्सेना, सहायक अध्यापिका अर्चना कुमारी को भी प्रशंसनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। द्वितीय सप्ताह में प्राथमिक विद्यालय सौफरी ब्लॉक खुटार द्वारा बीएसए कार्यालय के डैशबोर्ड पर शत प्रतिशत उपस्थिति देने वाले बच्चों की फोटो सज्जा विद्यालय इंचार्ज तरन्नुम बी द्वारा की गई है।

# आंवला सांसद नीरज मौर्य ने दो जर्जर पुलों के पुनर्निर्माण की मांग उठाई



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** आँवला सांसद नीरज मौर्य ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को पत्र भेजकर राष्ट्रीय राजमार्ग-730 सी पर स्थित रामगंगा पुल और फर्रुखाबाद जनपद के पांचाल घाट पुल की जर्जर स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। सांसद ने दोनों पुलों की तत्काल उच्च स्तरीय जांच कराते हुए इनके नए निर्माण की स्वीकृति देने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि अल्हागंज क्षेत्र में रामगंगा नदी पर बने पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे गिर गया था। यह हादसा पुल की कमजोर हालत का स्पष्ट संकेत है। इसी तरह फर्रुखाबाद में गंगा नदी पर स्थित पांचाल घाट पुल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। दोनों पुलों की केवल अस्थायी मरम्मत कर काम चलाया जा रहा है, जबकि इस मार्ग पर टोल वसूली पहले ही शुरू हो चुकी है। सांसद ने कहा कि पुलों की यह स्थिति आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। इसलिए जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तुरंत जांच कराई जाए और दोनों पुलों के नए निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

# एडवाइजरी: कोहरे में हादसे से बचाव को फॉग लाइट- स्पीड का रखे ध्यान

**परिवहन कार्यालय ने रिफलेक्टर व मार्किंग टेप लगाने को जारी किया आदेश**



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** दिसंबर का माह चल रहा शीतलहर ने दस्तक दी है। ऐसे में हाईवों पर सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाता है और कई बार तो लोगों की हादसों में जान भी चली जाती है। इन हादसों की रोकथाम एवं शीतलहर को लेकर परिवहन कार्यालय की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें व्यावसायिक वाहन स्वामियों से अपील की गई है कि वह अपने अपने वाहनों पर मानक के अनुसार रिफलेक्टर टेप व मार्किंग टेप लगाकर ही वाहनों का संचालन कराएं। इसके साथ ही एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि कोहरे के दृष्टिगत संबधित विभागों से समन्वय स्थापित कर रिफ्लेक्टर टेप आदि यातायात नियमों के पालन को अभियान चलाया जा रहा है। जिला गन्ना अधिकारी को पत्राचार किया गया है कि वह गन्ना चीनी मिलों में आने वाली गन्ना ट्रालियों में रिफ्लेक्टर टैप पीछे साइड में लाल कपड़े के ऊपर चिपकवाएं, जिससे रात के समय ठंड में पड़ने वाले कोहरे से कोई हादसा न हो। इसके साथ ही फॉग लाइट, ब्रैक बगैरह चैक कराकर ही वाहन संचालन की अपील की गई है। जिससे कि हादसों से बचा जा सके। स्कूली वाहनों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है। जिसका पालन सुनिश्चित कराने को स्कूल प्रबंधकों को कहा गया है।

# हिंदू किशोरी का धर्मांतरण कराने वालों पर लगे रासुका, गैंगस्टर एक्ट

**हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश आने एसपी से मिलकर की मांग, दिया ज्ञापन**

**शाहजहांपुर।** सोमवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट एवं प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से मिले और मांग की कि थाना सदर बाजार के शहबाजनगर रोड पर जनता मैरिज लान में जिन लोगों के द्वारा हिंदू किशोरी का जबरन धर्मांतरण एवं गैर समुदाय के युवक से निकाह कराने के मामले में निकाह में बारातियो, मैरिज लान मालिक, युवक के परिजनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही उन सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट एवं रासुका लगाकर जबरन धर्मांतरण व निकाह करने के लिए दिए गए मैरिज लान को सीज किया जाए। निकाह कराने वाले मौलवी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही किशोरी की मां की भूमिका की भी जांच कराकर दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई कराई जाए। इस मौके पर अभिनव कुमार, शुरू सिंह, किनसुक शुक्ला आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### शराबी ने रोडवेज बस में मचाया उत्पात, कंडक्टर ने नीचे उतारा

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर से पुवायां जाने वाली शाम आठ बजे की रोडवेज बस में रविवार को एक शराबी ने जमकर उत्पात मचाया, जिससे महिला सवारियों के साथ सभी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद रोडवेज बस कंडक्टर ने दोनों शराबियों का सामान रोडवेज से फेंककर नीचे उतार दिया। जिसके बाद सवारियों ने चैन की सांस ली। बतादें कि शाहजहांपुर से पुवायां के लिए रात में आठ बजे रोडवेज बस जाती हैं, जिसमें रोजाना एक-दो शराबी बैठ लेते हैं, जिन्हें यह कंडक्टर सवारी के लालच में बैठा लेते हैं, लेकिन यह शराबी पूरे सफर तक उत्पात मचाते रहते हैं और गाली गलौज करते रहते हैं, जिससे जहां महिला सवारियों को काफी परेशानी होती हैं तो वहीं पुरूष सवारियों को भी यह परेशान करते हैं। हालांकि यह रोजाना का तमाशा हैं। लेकिन रविवार को दो शराबी बस में बैठ गए और उनकी टिकट भी कंडक्टर के द्वारा बना दी गईं, लेकिन दोनों शराबियों ने शाहजहांपुर से ढकिया हमीदनगर तक खूब उत्पात मचाया और गाली गलौज करते रहे, जिससे जहां महिला सवारियों को काफी दिक्कत हुई, तो वहीं अन्य सवारियां भी परेशान हुईं। जब पानी सिर से ऊपर हो गया, तो कंडक्टर ने दोनों शराबियों से बस से नीचे उतरने के लिए कहा, लेकिन वह उतरने को तैयार नही हुए, जिसके बाद कंडक्टर ने दोनों शराबियों का सामान बस से नीचे फेंक दिया और शराबियों को धक्का मारकर बस से नीचें उतार दिया। जिसके बाद सवारियों ने चैन की सांस ली और कहा कि कंडक्टर को शराबियों को बस के अंदर पहले ही नही बैठाना था, शराबियों उन्हें सफर में काफी परेशानी हुई हैं।

# टीईटी अनिवार्यता खत्म कराने को प्रदर्शन करेंगे देश भर के हजारों शिक्षक: ऋषिकान्त

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**प्राथमिक शिक्षक संघ के 5 ब्लॉक अध्यक्ष और मंत्री निर्विरोध निर्वाचित घोषित**



अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद के गुलाब मैरिज हॉल लोधीपुर में सम्पन्न हुए ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन में निर्विरोध निर्वाचित हुए 5 ब्लॉक अध्यक्ष सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कों प्रमाण पत्र वितरित करते हुए जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने कहा कि ज़ब से 1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से टीईटी अनिवार्यता का निर्णय सभी सेवारत शिक्षकों के लिए पारित हुआ है तभी से शिक्षक अत्यंत परेशान है। कल सम्पन्न हुयी ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत प्राप्त नामांकन पत्रों की जाँच उपरांत सभी नामांकन वैध पायें गए इसलिए सभी आवेदकों कों निर्विरोध घोषित कर प्रमाण पत्र वितरित कर दिए गए। निर्वाचित पदाधिकारियों में ब्लॉक जलालाबाद से अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह और मंत्री संतोष कुमार कों निर्वाचित घोषित किया गया, ब्लॉक तिलहर से अध्यक्ष अरविन्द वर्मा, मंत्री मनोज मलिक और कोषाध्यक्ष अभिषेक गंगवार कों निर्वाचित घोषित किया गया। ब्लॉक खुटार से अध्यक्ष सचिन मिश्रा, मंत्री संतोष सिंह, कोषाध्यक्ष, मोहम्मद इमरान कों निर्वाचित घोषित किया गया। ब्लॉक ददरौल से अध्यक्ष नवनीत तिवारी और कोषाध्यक्ष पद पर अंकित रस्तोगी कों निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया और ब्लॉक कांट से अध्यक्ष पद पर दशरथ नंदन अवस्थी कों निर्विरोध निर्वाचित घोषित करके सभी कों प्रमाण पत्र दिए गए। जिन ब्लॉक से आज अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए है इनके शेष पदों पर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का निर्वाचन संबंधित ब्लॉक की ठत्ब् पर ही मीटिंग करके किया जायेगा जबकि जो ब्लॉके अभी निर्वाचन प्रक्रिया में सम्मिलित ही नहीं हो पायी है उनमे ब्लॉक इकाइयों का निर्वाचन कार्य अब शीतकालीन अवकाश के बाद चुनाव की तारीख निर्धारित की जायेगी। फ़रवरी के पहले हफ्ते में जिला कार्यकारिणी का भी खुला निर्वाचन नियमानुसार कराया जायेगा जिसके लिए प्रदेश स्तर से डेट निर्धारित होंगी और पर्यवेक्षक भी प्रदेश अध्यक्ष द्वारा भेजे जायेगे। सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों कों प्रमाण पत्र चुनाव प्रभारी रत्नाकर दीक्षित और चुनाव पर्यवेक्षक विक्रांत मिश्रा व अरविन्द शुक्ला के साथ मिलकर जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय द्वारा वितरित किये गए। आज निर्वाचित ब्लॉक पदाधिकारियों कों प्रमाण पत्र वितरित करते समय सचिन मिश्रा, पल्लवी गुप्ता, शशांक शेखर बाजपेई, धीरज रस्तोगी, नृपेंद्र मिश्रा, राजेश पाण्डेय, नरेंद्र जायसवाल, मुकेश कुमार, संजीव दीक्षित, अनीस अहमद, उज्ज्वल प्रताप सिंह, वैभव, शहाना वेगम, गरुण कुमार, विवेक कुमार सर्वेश पाल, प्रीति भारती, वृजेश मिश्रा, मानसी सक्सेना, शुभम, अजय प्रताप, राजवीर, कौशलेन्द्र, विजय यादव आदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

## 'इंडिगो' का बंधक देश

कैसा देश है यह? इसकी सरकार और व्यवस्था कैसी है? क्या एक विमानन कंपनी की मनमर्जी के सामने सरकार घुटने टेक सकती है और आम यात्री बंधक बनाया जा सकता है? विमानन कंपनी 'इंडिगो' की 800 से ज्यादा उड़ानें शनिवार को भी रद्द की गईं। प्रधानमंत्री दफ्तर ने कंपनी के सीईओ से बात की और चेतावनी दी। नागरिक विमानन मंत्रालय ने 'इंडिगो' के आला अधिकारियों के साथ बैठक की और नोटिस जारी किया कि रविवार, 7 दिसंबर, की रात 8 बजे तक प्रभावित यात्रियों को उनका किराया रिफंड सुनिश्चित किया जाए। हम देखेंगे कि इस अल्टीमेटम का क्या असर हुआ? संसदीय समिति भी गुस्से में थी। उसने मंत्रालय, डीजीसीए और 'इंडिगो' के अधिकारियों को तलब किया। क्या हुआ? ये तमाम सक्रियताएं तब सामने आईं, जब बीते 4 दिनों में 'इंडिगो' ने 2694 फ्लाइट रद्द की थीं, नतीजतन 4 लाख 83,600 से अधिक यात्री बेहाल, परेशान और हलकान हुए थे। यह कैसा तमाशा था? कोई हवाई अड्डे पर ही पसर गया, किसी को खाने-पीने का सामान नहीं मिला, किसी का सामान कहीं का कहीं चला गया। घोर अनिश्चितता, अराजकता! फिर भी 'इंडिगो' को दंडित नहीं किया गया। आखिर क्यों? सरकार बेबस क्यों दिख रही है? लोकतंत्र में सरकार ही जवाबदेह है, क्योंकि देश ने उसे चुना है। 'इंडिगो' पर कम से कम 500 करोड़ रुपए का जुर्माना थोपना चाहिए था और वह राशि प्रभावित यात्रियों के खातों में जमा कराई जानी चाहिए थी। विमानन कंपनियां देश में मुनाफाखोरी के लिए ही नहीं हैं। वे हवाई सेवा प्रदान करने के लिए हैं और सरकार ने उन सेवाओं के किराए तय कर रखे हैं। यह कौन-सी कालाबाजारी है कि 'इंडिगो' की उड़ानें रद्द हुईं और अन्य एयरलाइंस ने कई गुना किराए बढ़ा दिए? कोई सरकार, मंत्रालय, अंकुश, कायदे-कानून इस देश में हैं अथवा नहीं? 'इंडिगो' ने 2024-25 में 7258 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है, तो इस देश के यात्रियों से ही कमाया है। फिर वही विमानन एयरलाइन देश के यात्रियों को ही 'बंधक' कैसे बना सकती है? ऐसी कंपनी को 'अभयदान' क्यों दिया जा रहा है? सरकार किससे डर रही है? जांच पर भरोसा कैसे किया जा सकता है? किसी के घर में शादी थी, किसी को इंटरव्यू देने जाना था, किसी की बिजनेस बैठक थी, किसी को वीजा लेने जाना था और किसी के घर में बूढ़े मां-बाप बीमार थे अथवा मातम पसर गया था, 'इंडिगो' की मनमर्जी ने सब कुछ खत्म कर दिया। सब कुछ बिखर गया। पैसा बर्बाद, लगातार आंसू, रुदन, आम यात्री और क्या कर सकता है? क्या एक एयरलाइन को इस हद तक 'खलनायक' बनने की छूट दी जा सकती है? विमानन के क्षेत्र में 'इंडिगो' की हिस्सेदारी 62 फीसदी से भी अधिक क्यों होने दी गई? सरकारी पार्टी को करोड़ों रुपए का चुनावी चंदा और बाजार पर एकाधिकार का लाइसेंस क्या देश में एयरलाइंस ऐसे ही काम करती रहेंगी? क्या यात्रियों को उड़ान भरने के सपने बेच कर और फिर बंधक बना कर देश 'विकसित' बन सकता है? ट्रिलियन डॉलर के मामले में भारत विकसित देश, बेशक, बन सकता है, लेकिन मानसिक, सामाजिक, सुविधा और पेशेवर दृष्टि से भारत 'अविकसित' देश ही रहेगा। चीन और अमरीका के उदाहरण सभी के सामने हैं। चीन की शीर्ष तीन विमानन कंपनियों की कुल हिस्सेदारी 60 फीसदी से कम है। अमरीका में शीर्ष 4 कंपनियों की हिस्सेदारी करीब 75 फीसदी है। किसी अकेली कंपनी की हिस्सेदारी 25 फीसदी को नहीं लांघती। विमानन की दृष्टि से ये देश, भारत की अपेक्षा, अधिक विकसित हैं। उनकी उड़ानों की संख्या भी अधिक है। 'इंडिगो' के सीईओ अब भी कह रहे हैं कि सामान्य उड़ानों के लिए कमोबेश 10 दिन चाहिए, लेकिन सरकार तुरंत सामान्य हालात का दबाव दे रहे हैं। दरअसल बुनियादी कारण पायलटों की भर्ती और अन्य नियम हैं, जो डीजीसीए ने जारी किए थे और 'इंडिगो' को पर्याप्त समय दिया गया था, लेकिन 'इंडिगो' ने नियम स्वीकार नहीं किए। डीजीसीए को अपना आदेश वापस लेना पड़ा। देश जानना चाहता है कि ऐसा क्यों किया गया? इसी सवाल में 'इंडिगो' की मनमर्जी छिपी है। दरअसल 'इंडिगो' का एकाधिकार तोड़ना चाहिए। यह विकसित देश की निशानी नहीं है। भारत को अमरीका और चीन से सीख लेते हुए इस कंपनी का एकाधिकार खत्म करना चाहिए और जिन यात्रियों को तकलीफ हुई है, उन्हें पर्याप्त मुआवजा दिलाना चाहिए। इस कंपनी पर आर्थिक दंड भी लगाया जा सकता है, क्योंकि यह कंपनी भारतीय यात्रियों से ही बड़ी कमाई करती है। इस मामले में सरकार को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

# रिटायरमेंट आयु वृद्धि पर राष्ट्रीय बहस



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

भारत सरकार द्वारा कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने पर गंभीरता से संभावित विचार किए जाने की हालिया जानकारी ने पूरे देश की मीडिया में एकव्यापक बहस को जन्म दे दिया है। यह मुद्दा केवल सरकारी व्यवस्था या नौकरशाही तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के विशाल श्रम बाजार, आर्थिक संरचना, पेंशन प्रणाली, युवाओं की रोजगार संभावनाओं और कार्यस्थल की दीर्घकालिक नीतियों पर गहरा प्रभाव डालता है। वैश्विक संदर्भ में भी कई देशों ने बढ़ती उम्र, जीवन प्रत्याशा और पेंशन-भार को देखते हुए रिटायरमेंट आयु में बदलाव किए हैं। ऐसे में भारत का यह कदम न केवल अपरिहार्यता का संकेत है, बल्कि एक परिवर्तनशील सामाजिक- आर्थिक ढांचे की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत भी देता है। मैं यह मानता हूं कि केंद्रीय सरकार के स्तरपर रिटायरमेंट की उम्र को 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने का विचार महज़ किसी एक प्रशासनिक या वित्तीय गणना का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई व्यापक कारण मौजूद हो सकते हैं? पिछले एक दशक में भारत में जीवन प्रत्याशा लगातार बढ़ी है, वरिष्ठ कर्मचारियों का स्वास्थ्य बेहतर हुआ है और कई क्षेत्रों में अनुभव-आधारित कार्य-प्रदर्शन की मांग बढ़ी है। जिन देशों में जनसंख्या वृद्ध हो रही है,वहां रिटायरमेंट आयु में बढ़ोतरी आम हो चुकी है, जैसे फ्रांस, जापान, जर्मनी, अमेरिका और चीन। भारत में भी यह मुद्दा लंबे समय से चर्चा में रहा है, क्योंकि देश की कार्यबल संरचना में तेजी से बदलाव हो रहा है।इसके अलावा, सरकार पर पेंशन-व्यय और सामाजिक- सुरक्षा योजनाओं का बोझ बढ़ता जा रहा है। एक बड़ी संख्या में कर्मचारी अगले 10-15 वर्षों में रिटायर होने वाले हैं। यदि एक साथ भारी संख्या में कर्मचारी सेवानिवृत्त होते हैं, तो इससे न केवल सरकारी व्यय में उछाल आता है, बल्कि अनुभवी मानव- संसाधन की कमी भी पैदा होती है। इसी संदर्भ में रिटायरमेंट आयु दो वर्ष बढ़ाने का प्रस्ताव कई स्तरों पर महत्त्वपूर्ण और तार्किक प्रतीत होता है। यह आर्टिकल सोशल मीडिया में चल रही तार्किक बस पर आधारित है सटीकता से कोई भी संबंध नहीं है। साथियों बात कर हम सरकार का प्रस्तावः 60 से 62 वर्ष रिटायरमेंट आयु एक नीतिगत परिवर्तन इसको समझने की करें तो, सरकार द्वारा संकेत दिए गए संभावित प्रस्ताव में रिटायरमेंट आयु को 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की संभावना जताई गई है। यह प्रस्ताव केंद्रीय कर्मचारियों, राज्यों के कर्मचारियों,सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों, और कई अर्ध-सरकारी संस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगा। सरकार के इस कदम के पीछे प्रमुख तर्क इस प्रकार हो सकते हैं (1) अनुभवी कर्मचारियों को बनाए रखना- प्रशासन से लेकर टेक्निकल क्षेत्रों तक, कई विभाग ऐसे हैं जहां अनुभव सीधे कार्य-कुशलता से जुड़ा होता है। वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों का सेवाकाल बढ़ने से नीतिगत निरंतरता बनी रहती है और प्रशिक्षण पर दबाव घटता है। (2) पेंशन-भार कम करना- दो वर्ष अतिरिक्त सेवा का अर्थ है कि कर्मचारी दो साल और योगदान देंगे, जबकि सरकार को पेंशन का बोझ दो साल बाद उठाना होगा। इससे राजकोष पर तत्काल दबाव कम होगा। (3) कर्मचारियों के वित्तीय जीवन को स्थिरता- महंगाई बढ़ता शहरी जीवन-यापन खर्च, स्वास्थ्य- देखभाल के बढ़ते खर्च और लंबी आयु इन सभी के लिए लंबी आयु तक सेवा कर्मचारी को आर्थिक सुरक्षा देती है। (4) पोस्ट- रिटायरमेंट आर्थिक तनाव कम करना- कई अध्ययन बताते हैं कि बड़ी संख्या में लोग रिटायरमेंट के तुरंत बाद आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हैं। दो वर्ष का अतिरिक्त समय उनके लिए एक मजबूत सुरक्षा परत तैयार करता है।

साथियों बात अगर हम कर्मचारियों की उम्मीदें और वित्तीय लाभ- दो साल की अतिरिक्त सेवा क्यों महत्वपूर्ण है इसको समझने की करें तो, भारत में 60 वर्ष के बाद लोग केवल उम्र के हिसाब से बूढ़े माने जाते हैं, क्षमताओं के हिसाब से नहीं। आधुनिक कार्य वातावरण में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लोग पूरी तरह सक्रिय और कुशल होते हैं। ऐसे में कर्मचारियों के लिए यह निर्णय कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान कर सकता हैः (1)दो वर्ष का अतिरिक्त वेतन -जीवन भर की आय पर बड़ा असर सबसे बड़ा लाभ सीधे वेतन से जुड़ा है। कर्मचारियों को दो वर्ष अधिक वेतन मिलने का मतलब है-अधिक बचत, अधिक निवेश, सामाजिक सुरक्षा राशि में बढ़त, रिटायरमेंट के बाद बेहतर आय-स्रोत, विशेषकर मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह बढ़ोतरी अत्यंत महत्वपूर्ण है। (2) पेंशन और ग्रेच्युटी में वृद्धि-पेंशन का निर्धारण आखिरी वेतन और कुल सेवा अवधि के आधार पर होता है।दो वर्ष की अतिरिक्त सेवा से- पेंशन राशि बढ़ जाएगी, ग्रेच्युटी की कुल गणना में वृद्धि होगी, कम्युटेशन (एकमुश्त राशि) बढ़ेगी, इससे रिटायरमेंट के बाद वित्तीय स्थिरता काफी मजबूत होगी। (3) ईपीएफओ में अधिक योगदान जो कर्मचारी ईपीएफ के दायरे में आते हैं, उन्हें दो वर्षों तक एम्प्लायर और एम्प्लोयी दोनों का योगदान मिलता रहेगा। इससे-रिटायरमेंट कॉर्पस मजबूत होगा,ब्याज के रूप में अधिक राशि का लाभ मिलेगा, लंबे समय तक सुरक्षित कैश रिज़र्व बनेगा (4) स्वास्थ्य सुरक्षा और मेडिकल कवरेज-सेवा अवधि बढ़ने से कई कर्मचारियों को-सरकारी चिकित्सा सुविधाएँ, स्वास्थ्य बीमा सीजीएचएस लाभ-दो वर्ष अधिक मिलेंगे। यह सेवानिवृत्ति के बाद होने वाले स्वास्थ्य खर्चों को काफी कम कर सकता है। (5) 2025-2026 में रिटायर होने वाले कर्मचारियों को राहत- वे कर्मचारी जो जल्द ही रिटायर होने वाले हैं, उनके लिए यह प्रस्ताव राहत का संदेश है। उन्हें अचानक आर्थिक योजना बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे दो वर्ष तक परिवार की वित्तीय सुरक्षा बेहतर ढंग से कर पाएंगे। साथियों बात अगर हम सरकारी तर्कः कार्यस्थल पर दक्षता और अनुभव का योगदान इसको समझने की करें तो, सरकार का तर्क है कि




वरिष्ठ कर्मचारियों के पास वह अनुभव, जमीनी समझ और नीतिगत परिपक्वता होती है जिसे अचानक प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। कई क्षेत्रों में जैसे-आयुर्विज्ञान, न्यायपालिका, अनुसंधानइंजीनियरिंग, सार्वजनिक प्रशासन में उम्र ज्ञान का पर्याय होती है। इन क्षेत्रों में 60 वर्ष की आयु में क्षमता समाप्त नहीं होती, बल्कि कई मामलों में इसी उम्र में व्यक्तियों का प्रदर्शन सबसे परिपक्व होता है। इसके अलावा, कई युवा अधिकारी अनुभवहीन होने के कारण उन्हीं वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर कार्य-क्षेत्र में दक्ष बनते हैं।यदि सभी वरिष्ठ कर्मचारी एक साथ रिटायर होने लगेंगे, तो संस्थागत निरंतरता टूट सकती है। इसलिए रिटायरमेंट आयु बढ़ाना रणनीतिक रूप से प्रशासनिक मजबूती का उपाय भी माना जा रहा है।

साथियों बात अगर हम युवाओं की चिंता- रोजगार अवसरों पर संभावित प्रभाव इसको समझने की करें तो, इस निर्णय का युवाओं पर प्रभाव बहस का प्रमुख केंद्र है। युवा वर्ग विशेष रूप से इस बात को लेकर चिंतित है कि (1) नई भर्ती में देरी हो सकती है- यदि वरिष्ठ पदों पर बैठे लोग दो वर्ष और सेवा में रहेंगे तो, नए पद देर से खाली होंगे, प्रमोशन चैन धीमा पड़ेगा, युवा उम्मीदवारों की नियुक्ति की गति कम हो सकती है, यह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए चिंता का विषय है। (2) पदों की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है- कई विभागों में भर्ती पदों की संख्या स्वतः रिटायरमेंट पर निर्भर होती है। रिटायरमेंट आयु बढ़ने का अर्थ है-भर्ती चक्र धीमा, रिक्तियां कम, नए रोजगार अवसरों में संकुचन (3) करियर की शुरुआत में देरी-भारतीय युवा अक्सर 25-28 वर्ष की उम्र में नौकरी की तैयारी में लगे होते हैं। यदि भर्ती देर से होगी तो, उनके करियर की शुरुआत पीछे चली जाएगी, सामाजिक और पारिवारिक दबाव बढ़ेगा, आर्थिक स्वतंत्रता की शुरुआत भी काफी देर से होगी (4) निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और कठिन हो सकती है- सरकारी नौकरियों में देरी का अर्थ है कि अधिक युवा निजी क्षेत्र में धकेले जाएंगे, जिससे उस क्षेत्र में भी प्रतियोगिता बढ़ जाएगी। साथियों बात अगर हम सरकार का दृष्टिकोण- संतुलन बनाते हुए नीति लागू करने की कोशिश इसको समझने की करें तो, सरकार की ओर से संकेत दिया गया है कि यह नीति जल्दबाज़ी में लागू नहीं की जाएगी बल्कि चरणबद्ध तरीके से इसे लागू करने पर विचार होगा। इसके संभावित विकल्प हैं-विभागवार रिटायरमेंट आयु में वृद्धि, कुछ पदों पर फिलहाल 60 वर्ष ही बनाए रखना, युवाओं के लिए समानांतर विशेष भर्ती मिशन,नए पद सृजित करके रिक्तियों की कमी दूर करना, सरकार का मानना है कि युवाओं और वरिष्ठ दोनों वर्गों के हितों का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए इस नीति से पहले व्यापक दिशानिर्देश जारी होने की संभावना है, जिसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि, भर्ती प्रक्रिया बाधित न हो, युवाओं के लिए वैकल्पिक अवसर बनें, वरिष्ठ कर्मचारियों को बिना व्यवधान योगदान देने का अवसर मिले। साथियों बात अगर हम आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक प्रभाव, विस्तृत विश्लेषण के दृष्टिकोण से देखे तो (1) आर्थिक प्रभाव- सरकारी पेंशन व्यय में कमी सार्वजनिक धन का बेहतर प्रबंधन, वरिष्ठ कर्मचारियों के माध्यम से आर्थिक स्थिरता (2) सामाजिक प्रभाव- परिवारों की आर्थिक सुरक्षा बढ़ेगी, वरिष्ठ नागरिक समाज में अधिक सक्रिय रहेंगे, वृद्धावस्था आश्रय और पेंशन आधारित निर्भरता कम होगी (3) कार्य-संस्कृति पर प्रभाव-अनुभवी व युवा कर्मचारियों का मिश्रण,कार्यस्थल पर कौशल-साझेदारी में सुधार, संस्थागत ज्ञान संरक्षित रहेगा, युवा और वरिष्ठ कर्मचारियों के बीच संतुलन ही वास्तविक समाधान, रिटायरमेंट आयु बढ़ाना एक अत्यंत व्यापक निर्णय है जिसका असर दो पीढ़ियों पर समान रूप से होगा। इसलिए आवश्यक है कि (1) सरकार स्पष्ट नीति बनाए (2) युवाओं के लिए समानांतर रोजगार सृजन योजनाएँ जारी की जाएँ (3) भर्ती -पदों की संख्या बढ़ाई जाए (4) वरिष्ठ कर्मचारियों को क्षमता के आधार पर कार्य सौंपे जाएँ (5) डिजिटल, तकनीक, स्टार्टअप क्षेत्र में युवा-उन्मुख रोजगार बढ़ाए जाएँ। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, रिटायरमेंट आयु को 60 से बढ़ाकर 62 करने का प्रस्ताव भारत में प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक ढांचे को नया रूप दे सकता है।

कर्मचारियों के लिए यह लाभदायक है, क्योंकि इससे उनकी आर्थिक सुरक्षा, पेंशन, ग्रेच्युटी और पीएफ में वृद्धि होगी। वहीं युवाओं के लिए यह चिंता का विषय है, लेकिन सरकार का दावा है कि यह निर्णय संतुलित तरीके से लागू किया जाएगा ताकि दोनों वर्गों के हित सुरक्षित रहें। यह मुद्दा केवल रोजगार या पेंशन का नहीं, बल्कि बदलते भारत की सामाजिक-आर्थिक संरचना का प्रतिबिंब है। यदि इस नीति को योजना-बद्ध, पारदर्शी और न्यायपूर्ण तरीके से लागू किया जाए, तो भारत न केवल आर्थिक रूप से मजबूत होगा, बल्कि अनुभवी व युवा मानव संसाधन के संतुलन से वैश्विक स्तर पर कार्यकुशलता का एक नया मॉडल भी प्रस्तुत कर सकता है।

विचार

# भारतीय रुपए का अवमूल्यन विमर्श का नया अवसर

प्रहलाद सबनानी

माह जनवरी 2025 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बाजार में भारतीय रुपए का मूल्य 85.79 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर था, किंतु 3 दिसम्बर 2025 तक रुपए का मूल्य लगभग 5 प्रतिशत गिरकर 90.19 रुपए प्रति डॉलर हो गया। यह गिरावट हाल के समय की सबसे बड़ी दर्ज गिरावटों में से एक है। आश्चर्य की बात यह है कि जब भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के कई संकेत दे रही है, जैसे वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत के आठ-तिमाही उच्च स्तर पर पहुँचना और खुदरा मुद्रास्फीति का मात्र 0.25 प्रतिशत के निम्न स्तर पर आ जाना, तब भी एशियाई देशों में मुद्रा अवमूल्यन की दृष्टि से भारतीय रुपया सबसे तेज गिरावट वाला दिखाई दे रहा है। इसका स्पष्ट संकेत है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के बावजूद कुछ वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम रुपए पर नकारात्मक दबाव बना रहे हैं।

सबसे महत्वपूर्ण कारण है ट्रम्प प्रशासन द्वारा वैश्विक व्यापार पर बढ़ाया गया टैरिफ दबाव। अमेरिका ने विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर उच्च शुल्क लागू किए हैं, और भारत से होने वाले कुछ विशेष निर्यातों जैसे रेडीमेड गारमेंट्स, कृषि व लेदर उत्पाद, समुद्री जीव उत्पाद तथा जेम्स एवं ज्वेलरी पर तो 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप भारत से इन उत्पादों का निर्यात प्रभावित हुआ है और डॉलर का अंतरप्रवाह कम हुआ है। हाल की तिमाही में भारत का कुल आयात 18,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर रहा जबकि निर्यात मात्र 10,500 करोड़ डॉलर रहा, जिससे 8,000 करोड़ डॉलर का भारी व्यापार घाटा बना। अक्टूबर 2025 में विदेशी व्यापार घाटा और बढ़कर 4,100 करोड़ डॉलर के रिकार्ड स्तर पर पहुँच गया। व्यापार घाटे की यह वृद्धि भारत में अमेरिकी डॉलर की मांग को बढ़ाती है, जिससे रुपए पर अवमूल्यन का दबाव और तेज हो जाता है।

दूसरा बड़ा कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) द्वारा भारतीय पूंजी बाजार से तीव्र निवेश निकासी है। वर्ष 2025 में अब तक FII ने 1.48 लाख करोड़ रुपए अर्थात 1,640 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य का निवेश निकाल लिया है। वे यह धन डॉलर में ही निकालते हैं, जिससे बाजार में डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपए की कीमत और कमजोर होती जाती है। सामान्यतः दुनिया की अर्थव्यवस्थाएँ अपनी मुद्रा को स्थिर एवं मजबूत बनाए रखने का प्रयास करती हैं ताकि विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़े, परंतु मुद्रा के अवमूल्यन का दूसरा पक्ष यह भी है कि इससे निर्यातकों को अधिक स्थानीय मुद्रा प्राप्त होती है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ती है। हालांकि आयात महँगे हो जाते हैं और मुद्रास्फीति की आशंका उत्पन्न होती है, विशेषकर भारत जैसा देश जहाँ कच्चे तेल का भारी आयात होता है। रुपए के तेज अवमूल्यन की स्थिति में भारतीय रिजर्व बैंक प्रायः हस्तक्षेप करते हुए बाजार में डॉलर की उपलब्धता बढ़ाता है। मध्य सितम्बर 2025 तक RBI 2,000 करोड़ डॉलर बाजार में जारी कर चुका था, परंतु हाल के समय में RBI द्वारा कोई सीधा हस्तक्षेप नहीं किया गया। इसका उद्देश्य यह प्रतीत होता है कि वैश्विक व्यापार अस्थिरता की स्थिति में निर्यातकों को राहत देते हुए रुपए को कुछ समय कमजोर बने रहने दिया जाए। वैसे भी भारत के पास 68,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सुदृढ़ विदेशी मुद्रा भंडार है, जिसका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर पर्याप्त डॉलर उपलब्ध कराने में किया जा सकता है। किंतु दीर्घकाल में समाधान यही है कि भारत अपने आयात को कम करे, निर्यात में वृद्धि करे और विदेशी व्यापार घाटे पर नियंत्रण स्थापित करे। भारत में सबसे अधिक आयात होने वाले दो प्रमुख उत्पाद कच्चा तेल और स्वर्ण हैं। ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा विशेषकर सौर एवं पवन ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ाना एक स्थायी समाधान है। केंद्र सरकार इस दिशा में लगातार कार्यरत है और उल्लेखनीय सफलता भी प्राप्त हो रही है।

इसी प्रकार स्वर्ण आयात को कम करने के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर भी गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। यदि भारत कच्चे माल का अधिकाधिक घरेलू उत्पादन सुनिश्चित कर ले और उत्पादन लागत को कम कर ले, तो भारतीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। उत्पादन की लागत को कम करने हेतु ब्याज दरों में कमी एक महत्वपूर्ण कदम होता है। इसी दिशा में भारतीय रिजर्व बैंक ने 5 दिसम्बर 2025 को रेपो दर को 5.50 प्रतिशत से घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया। साथ ही, 21 नवम्बर 2025 से देश में लागू की गई चार श्रम संहिताओं वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्त संहिता 2020 ने श्रम कानूनों की जटिलताओं को कम करके उन्हें अधिक कारगर बनाया है। इन चार संहिताओं द्वारा पूर्व में लागू 29 श्रम कानूनों को सरल, आधुनिक और प्रभावी बनाया गया है। इससे न केवल श्रमिकों को उचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य परिस्थितियाँ मिलेंगी, बल्कि उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा, जिससे उत्पादनशीलता में वृद्धि होगी और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। श्रमिकों की उत्पादकता बढ़ने से उत्पादन लागत घटेगी और भारतीय उत्पाद वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और मजबूत होंगे। यह सुधार भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत को अपने विदेशी मुद्रा भुगतान संतुलन को संतुलित बनाए रखने के लिए धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देना चाहिए। धार्मिक पर्यटन विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता है और विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ाता है। सरकार द्वारा अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, माता वैष्णोदेवी, प्रयागराज, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री तथा अन्य धार्मिक नगरों में आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास ने विश्वभर के पर्यटकों को आकर्षित किया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर एवं संपूर्ण नगर के पुनर्विकास ने धार्मिक पर्यटन की नई सम्भावनाएँ खोली हैं। इन शहरों में श्रद्धालुओं, विशेषकर विदेशी पर्यटकों, की संख्या में भारी वृद्धि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए सकारात्मक साबित हो रही है।

समग्रतः देखा जाए तो कभी-कभी वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बीच देश अपनी मुद्रा को नियंत्रित रूप से अवमूल्यित होने देते हैं, क्योंकि इससे निर्यात बढ़ने में सहायता मिलती है और दीर्घकाल में यह कदम देशहित में उपयोगी सिद्ध होता है। अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रुपए का अवमूल्यन कई वैश्विक कारकों की उपज है, न कि भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरी का संकेत। यदि भारत निर्यात में वृद्धि, आयात में कमी, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, उत्पादन लागत में कमी तथा श्रम सुधारों के मार्ग पर आगे बढ़ता रहा, तो यह स्थिति भविष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का अवसर भी प्रदान कर सकती है।

*(लेखक, आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ हैं।)*

साहित्य



## दुल्हन

श्याम सिंह बिष्ट

बनकर दुल्हन पिया
घर तेरा मैं महकाऊंगी
आंगन में बनकर खुशियां
जीवन तेरा चहकाऊंगी।

दुख तेरे, तेरे अपने,
सारे मेरे अब
छोड़ बाबुल का घर
जब पिया तेरे घर में आऊंगी।

वचनों में सिया वन (माता देवी सीता)
सातों वचन निभाऊंगी
हे मेरे पिया,
तुम मुझे न समझना अबला
हर पथ, हर डगर, तेरे संग
कांटो पर भी चल कर दिखाऊंगी।

तुम, मैं, अब रूप अर्धनारीश्वर
तुम हो मेरे प्राणों से
ज्यादा अब मुझे प्रिय
तुम बिन जुदा होकर
अब मैं कहां जी पाऊंगी।



## राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगाएं। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होगी।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें। कार्य क्षेत्र में नये आसारों से उत्साहित होंगे।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# गोवा की त्रासदी और भ्रष्टाचार की वह आग जिसने 25 जीवन छीन लिए

कैलाश चन्द्र

गोवा की वह रात आज भी भारत की सामूहिक स्मृति में एक गहरे घाव की तरह दर्ज है, एक ऐसा घाव जिसका दर्द सिर्फ उन 25 परिवारों ने नहीं झेला जिनके घरों के चिराग उस हादसे में बुझ गए, इसे तो पूरे समाज ने महसूस किया है। सिलेंडर विस्फोट सिर्फ एक दुर्घटना नहीं है; वह उस अदृश्य लेकिन सर्वव्यापी दानव भ्रष्टाचार का नग्न, क्रूर और निर्दयी चेहरा है जिसने मानव जीवन की पवित्रता को पैसों की चकाचौंध में कुचलकर रख दिया।

वह क्लब जिसे नियमों के अनुसार ध्वस्त कर दिया जाना चाहिए था, जहाँ कानूनी मानकों का पालन अनिवार्य था, वहाँ कुछ व्यक्तियों के लालच ने कानून को अपनी जेब में रखा और रिश्वत की आग में जन जीवन की सुरक्षा को भस्म कर दिया। यह वही क्षण था जहाँ प्रशासनिक सत्य दम तोड़ गया और भ्रष्टाचार एक मौन हत्यारे की तरह भीतर तक उतर गया। परिणाम 25 जीवन राख में बदल गए, 25 परिवारों के भविष्य दफन हो गए और अनगिनत सपनों की लौ हमेशा के लिए बुझ गई।

भ्रष्टाचार की सबसे भयावह सच्चाई यही है कि उसका दंड अकसर अपराधी को नहीं मिलता; वह उन निर्दोष लोगों पर टूटता है जिनका अपराध से कोई लेना देना ही नहीं होता। यही सामाजिक त्रासदी है और यही हमारी सामूहिक नैतिक विफलता। इस घटना में दोष उन हाथों का है जिन्होंने नियमों की अनदेखी की, कागजों पर झूठी अनुमति लिखी, निरीक्षण को औपचारिकता में बदल दिया और एक इमारत को गैर कानूनी सहारे पर खड़ा रहने दिया। पर दंड मिला उन मासूम लोगों को, जो न आनंद की रात की कल्पना से बाहर थे और न किसी खतरे की आहट से परिचित। जीवन कभी-कभी इतनी निर्ममता से इंसाफ करता है कि दोषी बच निकलते हैं और निर्दोष बेबस होकर दंडित हो जाते हैं। गोवा की यह त्रासदी उसी विडंबना का सबसे दर्दनाक उदाहरण है। इस हादसे की जड़ में मात्र तकनीकी खामियाँ नहीं हैं। अग्निशमन यंत्र नहीं थे, सुरक्षा द्वार अनुपस्थित थे, आपातकालीन रास्ते अपर्याप्त थे, पर यह केवल आधा सच है। पूरा सच तो वह है जिसे समाज बोलते हुए भी डरता है। इस त्रासदी की नींव उस भ्रष्ट मानसिकता ने रखी थी जो वर्षों से कानून का गला उसी तरह दबाती रही है जैसे रात में वह आग ने उन 25 लोगों का दम घोंट दिया। रिश्वत की वह अदृश्य मुद्रा, अनुमतियों का वह छलावा, निरीक्षण की वह औपचारिकता और प्रभावशाली लोगों का वह दबदबा, इन सबने मिलकर उस इमारत को बचाए रखा जो गिरनी चाहिए थी। जब वह इमारत गिरी, तो अपने साथ केवल दीवारें नहीं गिरीं, माएँ गिरीं, पिता गिरे, बच्चों की हँसी गिरी, परिवारों का भविष्य गायब हो गया। यही भ्रष्टाचार का स्वभाव है। वह केवल नैतिकता नहीं खाता, वह जीवन खाता है, विश्वास खाता है और समाज की रीढ़ को खोखला कर देता है। भारतीय दर्शन ने सदियों पहले चेतावनी दी थी कि अधर्म का अंत निश्चित है; धर्म की रक्षा करने वाला ही सुरक्षित रहता है। यह केवल धार्मिक उपदेश नहीं है, यह तो समाज व्यवहार का कठोर मनोवैज्ञानिक सिद्धांत है। भ्रष्टाचार से कमाया गया हर पैसा, हर सुविधा, हर अनुचित लाभ एक कर्म ऋण लेकर आता है। एक ऐसा ऋण जिसे समय किसी न किसी रूप में वसूल ही लेता है। कई बार प्रकृति वह दंड उसी से नहीं लेती जिसने गलती की; वह दंड समाज को सहना पड़ता है, व्यवस्था को चुकाना पड़ता है या किसी मासूम की अकाल मृत्यु के रूप में सामने आता है। गोवा की यह घटना इस कर्म ऋण की भयावह परिणति है! हम अक्सर कहते हैं कि भ्रष्टाचार सिस्टम की कमजोरी है, पर गोवा का सच कहता है कि भ्रष्टाचार दरअसल एक मानव हत्या की प्रक्रिया है। यह किसी एक विभाग, एक अफसर, एक व्यापारी का दोष नहीं; यह समाज के उस सामूहिक मौन का परिणाम है जहाँ कानून को कमजोर करने वालों को हम देखते तो हैं, पर हाथ नहीं उठाते, गलत को पहचानते हैं, पर बोलने का साहस नहीं करते। जब कानून की जगह पैसे का असर ले लेता है और नैतिकता की जगह लाभ का गणित बैठ जाता है, तब दुर्घटनाएँ आकस्मिक नहीं रह जातीं, वे नियोजित परिणाम बन जाती हैं। सुरक्षा एक भ्रम की तरह टूटता है और जीवन एक संख्या में बदल जाता है। अब प्रश्न यह है कि क्या हम केवल आँकड़ों तक सीमित रहने वाले समाज बन जाएँगे? क्या 25 की संख्या हमें एक दिन रुलाएगी और अगले दिन हम आगे बढ़ जाएँगे? क्या मासूमों का यह बलिदान केवल कुछ दिनों की खबर बनकर रह जाएगा या यह हमें भीतर तक झकझोर कर उत्प्रेरित करेगा कि भ्रष्टाचार किसी एक का दोष नहीं। यह हमारी सामूहिक सहिष्णुता की उपज है। यदि समाज भ्रष्टाचार को सामान्य मानकर चलता रहेगा, तो ऐसी त्रासदियाँ अपवाद नहीं, धीरे धीरे नियम बन जाएँगी। ऐसे में यही वह क्षण है जहाँ हमें अपने भीतर झाँकना होगा। हम कहाँ चूक रहे हैं? कब जागेंगे? कब बोलेंगे? कब विरोध करेंगे?

गोवा की यह पीड़ा चेतावनी है कि भ्रष्टाचार का फल कभी न कभी प्रकट होता ही है। चाहे सत्ता के पतन में, चाहे परिवारों के विनाश में, चाहे मासूम जीवन की अकाल मृत्यु में। केवल अपराधी का नाम ढूँढ लेना पर्याप्त नहीं; समाज को स्वयं से भी पूछना होगा कि हम कब जागेंगे? हम अपने आचरण में कब परिवर्तन लाएँगे? सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। यह शब्द कहावत तक सीमित नहीं हैं, ये एक जन त्रासदी का कठोर सत्य है। अब प्रश्न यह नहीं कि दोषी कौन है; बल्कि यह है कि भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने की सामूहिक जिम्मेदारी कौन उठाएगा? व्यक्ति, समाज, प्रशासन और सरकार सभी को विचार करना होगा, निर्णय लेना होगा और कार्रवाई करनी होगी। सबसे आसान है नियति को दोष देकर आगे बढ़ जाना; पर मानवता उससे कहीं बड़ा प्रश्न पूछती है कि क्या 25 जीवनों का मूल्य केवल शोक के कुछ शब्दों में सिमट सकता है या हम उनका कर्ज जिम्मेदारी बनकर चुकाएँगे।

*(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वतंत्र लेखक हैं)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**कबरई/महोबा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गहरा निवासी मोहित सिंह पुत्र रामकृपाल सिंह उम्र 29 वर्ष की अयोध्या में ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने बताया कि मोहित इंडियन रेलवे में कैटरिंग में वेंडर का काम करता था। शनिवार को ट्रेन संख्या 13009 हावड़ा योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस से गिरकर ट्रेन की चपेट मे आ गया। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अयोध्या ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार




**कुलपहाड़/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में धोखाधड़ी कर लाभ उठाने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के नेतृत्व में थाना कुलपहाड़ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित टीम के निरीक्षक अपराध अनिल कुमार सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल सुमित कुमार द्वारा थाना कुलपहाड़ पर पंजीकृत अभियोग धारा 318(4)/338/336(3) बी.एन.एस. में वांछित अभियुक्त कालीचरण पुत्र गयादीन उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम पहाड़ीवीर थाना राठ जनपद हमीरपुर को कस्बा के गोंदी चौराहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है। जांच में पाया गया कि अभियुक्त कालीचरण ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में धोखाधड़ी पूर्वक लाभ लेने के उद्देश्य से अपने उपयोग में आने वाले मोबाइल नंबर 7408165993 का प्रयोग करते हुए फर्जी आवेदन किया था।

### सड़क दुर्घटना में ऑटो चालक की मौत, एक अन्य घायल

**कुलपहाड़/महोबा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लमोरा के पास तेज रफ़्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया हादसे में ऑटो चालक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि ऑटो सवार एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए सीएचसी जैतपुर पहुंचाया जहां तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरान्त ऑटो चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार अजनर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम महुआ बांध निवासी विनोद पुत्र खेमचंद ग्राम निवासी वीरेंद्र के साथ ऑटो में सवार होकर बेलाताल कस्बा स्थित समिति से खाद लेकर रविवार देर रात वापस अपने गांव महुआ बांध जा रहा था तभी लमौरा गांव के पास तेज रफ़्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके से निकल रहे राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतपुर पहुंचाया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने विनोद को परीक्षण उपरान्त मृत घोषित कर दिया जबकि वीरेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सोमवार को पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक विनोद के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एफडीपी प्रोजेक्ट के माध्यम से वन रोपण कार्यक्रम सम्पन्न



**कुलपहाड़/महोबा।** एचडीएफसी पहल के अंतर्गत एफडीपी प्रोजेक्ट के माध्यम से विकासखंड जैतपुर के ग्राम भदरवारा एवं लमौरा में वन रोपण कार्यक्रम कराया गया, जिसमें काफी संख्या में समूह की महिला सदस्यों तथा किसानों द्वारा वन रोपण किया गया और उनके दीर्घकालिक संरक्षण की शपथ ली गई। प्रोजेक्ट मैनेजर धीरज कुमार ने बताया है कि एफडीपी प्रोजेक्ट के माध्यम से संचालित इस कार्यक्रम के पूर्व महिला सदस्यों और किसानों को तपोवन की अवधारणा पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सृजन द्वारा विकासखंड जैतपुर के करीब आधा सैकड़ा गांव में किये जा रहे इस तरह के आयोजन की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त क्लाइमेट स्मार्ट कृषि, जल संसाधन प्रबंधन तथा स्थानीय शासन सुन्दरी करण के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। ग्राम भदरवारा तथा लमौरा गांव में आयोजित इस वन रोपण कार्यक्रम में किसानों, समूह की महिला सदस्यों, ग्रामीण तथा ग्राम प्रधान ने भाग लिया और सभी ने तपोवन स्थलों की दीर्घ कालिक तक देखभाल कर संरक्षित रखने की शपथ ली। इस अवसर पर विकास कुमार, पूजा यादव, अमन दीक्षित, ज्योति अहिरवार सहित काफी संख्या में महिलाएं पुरुष किसान बंधु उपस्थित रहे।

### देवगांव में क्षेत्र पंचायत बनाएगा नाला, ब्लाक प्रमुख ने किया शुभारंभ



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** देवगांव के वाशिंदों को जल भराव से मुक्ति दिलाने के लिए पत्योरा मार्ग किनारे करीब 50 लाख की लागत से क्षेत्र पंचायत ने नाला निर्माण का कार्य शुरू कराया है। सोमवार को ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने विधि विधान के साथ पूजन करके कार्य का शुभारंभ किया तीन वर्ष पूर्व सुमेरपुर से पत्योरा तक लोनिवि ने आरसीसी मार्ग का निर्माण कराया था। इसके बनने से देवगांव के अंदर जल भराव की समस्या खड़ी हो गई थी। लोनिवि के नाला बनवाने से हाथ खड़े कर देने से समस्या गंभीर हो गई थी। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख से समस्या के निदान की गुहार लगाई थी। इस पर ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत के बजट से गांव के सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण में करीब 50 लाख की धनराशि खर्च कर रही है। सोमवार को ब्लॉक प्रमुख जयनारायण यादव ने विधि विधान के साथ पूजन करके कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधान जितेंद्र खरे,सिमनौड़ी के पूर्व प्रधान अरुण कुमार सोनकर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### सतगुरु सेवा ट्रस्ट व पहाड़ी देव बाबा शिव धाम में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन




**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में सद्गुरु सेवा ट्रस्ट व पहाड़ी देव बाबा शिव धाम समिति शंकरपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में दो सौ लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया । जिसमें 120 लोगो को परीक्षण के बाद मोतियाबिंद व अन्य नेत्र संबंधी बीमारी के चलते इलाज के लिए चित्रकूट अस्पताल भेजा गया। तथा चश्मा व आई ड्रॉप वितरण किया गया। तथा 35 लोगो के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। इस अवसर पर समाजसेवी गणेश तिवारी, प्रदुम्न सिंह, पिंटू सिंह, ने मौजूद रहकर सहयोग किया।

### डिजिटल हिंसा से बचें, 16 दिवसीय अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री ने बाटा पोषाहार



**हमीरपुर।** डिजिटल हिंसा जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। यह आयोजन पंचायत घर चंदूपुर में किया गया। समर्थ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज सेवी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री प्रीति निषाद, समूह से रुक्मणि और खुशहाली अच्छा की ममता, महिलाओं और किशोरियों को जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं, युवतियां और युवतियों से चर्चा करते हुए डिजिटल हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि पासवर्ड मजबूत रखें। अंजान लिंक को न खोले। हर किसी से साथ ओ टी पी शेयर नहीं करें और न ही पासवर्ड बताए। अपनी व्यक्तिगत प्रोफाइल को हमेशा सुरक्षित रखें। पर्सनल सिंगल फोटो प्रोफाइल शेयर नहीं करें। हर किसी के साथ अपनी लोकेशन शेयर नहीं करें। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रीति निषाद द्वारा पोषाहार का वितरण किया। सभी लाभान्वित समुदाय गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, सहित बच्चों को पोषाहार प्रदान किया।

### किसी को पाने के लिए भगवान का दुरुपयोग न करें: आत्मानंद



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** किसी को पाने के लिए भगवान का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए बल्कि भगवान को पाने के लिए जीवन को दांव पर लगा देना चाहिए उक्त उद्गार श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में रामकथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंचदश नाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने श्रोताओं को राम कथा सुनाते हुए व्यक्त करते हुए भगवान एवं नारद मुनि, जटायु की कथा का सुंदर वृतांत सुनाया। कथा व्यास ने कहा कि जटायु का उद्देश्य भगवान को पाकर मुक्त होना था जबकि नारद का उद्देश्य भगवान का स्वरूप प्रकार किसी को प्राप्त करना था उन्होंने कहा कि भगवान तभी प्राप्त होते हैं जब आपके मन से दूसरों के लिए कुछ करने की इच्छा होगी। कथा सुनने के लिए पंडाल खचाखच भरा हुआ था।

# डीएम की मौजूदगी में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




मुख्यालय के आल्हा चौक स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सप्त शक्ति संगम टोली की प्रांतीय सदस्या इंद्रा पुरवार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी गजल भरद्वाज शामिल हुई। अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। यह सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम रानी दुर्गावती जयंती (5 अक्टूबर 2025) से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती (23 जनवरी 2026) तक आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को जागृत करना, महिलाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्व-बोध को प्रोत्साहित करना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की भावना को प्रबल बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्षा इंद्रा पुरवार एवं मुख्य अतिथि ग़ज़ल भारद्वाज जिलाधिकारी महोबा एवं विशिष्ट अतिथि आशी सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशिष्ठ अतिथि आशी सिंह ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों और अभिव्यक्ति की पहचान होना आवश्यक है। भारतीय संविधान ने समानता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे अनेक अधिकार प्रदान कर महिलाओं को सशक्त बनाया है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और दृढ़ रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान भारतीय संस्कृति में वर्णित नारी के सात गुण–कीर्ति, श्री, वाक्, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा–पर आधारित है, इसी कारण इसे सप्त शक्ति संगम नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन में नारी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, और माता के व्यवहार का बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने संयुक्त परिवार को श्रेष्ठ बताया तथा यदि एकल परिवार में रहें, तो भी बच्चों को दादा-दादी के संपर्क में रखने की आवश्यकता बताई। साथ ही उन्होंने घर में तुलसी तथा पुष्पवती पौधों के रोपण, अतिथियों का सत्कार करने, उपभोक्तावाद से दूर रहने, त्योहारों में स्वदेशी पद्धति अपनाने, पॉलिथीन का प्रयोग न करने और स्मार्टफोन के सीमित उपयोग जैसे बिंदुओं पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार आगंतुक अतिथि माताएं-बहनें उपस्थित रहीं।

### डीएम ने बैठक कर की सिल्ट सफाई एवं टेल फीड की समीक्षा



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सिल्ट सफाई एवं टेल फीड की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई प्रखण्ड महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं अनुमोदित रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन कर कृषकों को सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में महोबा जनपद के नहरों की टेलफीड लक्ष्य 31 के सापेक्ष 32 नहरों की टेलफीड करा दी गयी है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कृषकों को सिंचाई हेतु आ रही समस्यायों के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नम्बर 05281–253184 जारी कर दिया गया है।

## एसपी ने बैठक कर सुनी पेंशनर्स की समस्याएं



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ त्रैमासिक गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में पुलिस पेंशनर्शो से उनकी शिकायतों और सुझावों को सुना गया। इस दौरान पेंशनर्स की समस्याओं को समझते हुए आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों और विधिक सहायता के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाना था। पुलिस अधीक्षक ने पेंशनर्स की बात सुनी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर पेंशनर्स ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे,जिन पर पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस गोष्ठी के माध्यम से पुलिस पेंशनर्स को अपनी समस्याएं रखने और उनके समाधान के लिए एक मंच प्रदान किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस ने रिहायशी इलाके में निर्माणाधीन मकान में चट्टान तोड़ने को लगाई गई विस्फोटक सामग्री पकड़ी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

- स्थानीय लोगों की सक्रियता से टला बड़ा हादसा



जिला मुख्यालय के रिहायशी इलाके में निर्माणाधीन मकान के निचले हिस्से में निकली चट्टान को तोड़ने के लिए उसमें मकान मालिक द्वारा प्रशासन को बिना किसी सूचना के 17 होल बारूद भरकर विस्फोट करने की तैयारी की स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलते ही मौके में पहुँची पुलिस ने बारूद को डिसफ्यूज कराकर कुछ लोगो को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल स्थानीय लोगो की सक्रियता से एक बड़ा हादसा होने से टल गया है। शहर के राठ चुंगी मोहल्ला निवासी लल्लू राजपूत अपने पुराने मकान को तुड़वाकर नया निर्माण करवा रहा था। इस दौरान मकान के निचले हिस्से में एक चट्टान निकल आई जिसे तोड़ने के लिए मकान मालिक द्वारा 17 होल करा कर उसमें ईडी सेल और बारूद लगाकर ब्लास्ट करने की तैयारी में जुटा था। जब यह नजारा स्थानीय लोगों ने देखा तो लोगों के होश उड़ गए और जागरूक लोगों ने पुलिस को रिहायशी इलाके में विस्फोट करने के लिए लगाए गए विस्फोटक की सूचना दी। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लगाए गए विस्फोटक को डिसफ्यूज कर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। दरअसल लल्लू राजपूत ने मकान के नीचे बनने वाले वैसमेंट निर्माण में बाधा बन रही पत्थर की चट्टान को तोड़ने के लिए पहाड़ो में ब्लास्ट के उपयोग में लाए जाने वाले ईडी सेल और बारूद को चट्टान में 17 होल कराकर भर दिया था। स्थानीय लोगो का मानना है यदि यह बिस्फोट होता तो आसपास के मकान हिल जाते और बड़ा हादसा हो सकता था इसलिए लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने मौके पर जाकर सबसे पहले विस्फोटक को डिसफ्यूज कराया और काम करने वाले लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कराकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ।

## संगठन को मजबूत बनाने के लिए करें कार्यः यूनुस खान

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला समीक्षा बैठक ब्लाक सभागार में जिलाध्यक्ष मनोज कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष यूनुस खान मौजूद रहे। बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु होने की कामना करके संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला समीक्षा बैठक में जनपद की प्रत्येक तहसील में संगठन को विस्तारित करके संख्या बल बढ़ाने का निर्णय लिया गया। मंडल अध्यक्ष यूनुस खान ने प्रांतीय नेतृत्व के दिशा निर्देशों से समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को अवगत कराते हुये कहा कि संगठन को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है।बैठक में अतिथि के रूप में शामिल हुए ब्लाक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव ने कहा कि पत्रकारों की देश के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पत्रकारों के कार्यो को सराहते हुए कहा कि कुछ लोगों ने इस क्षेत्र में घुसकर इस पवित्र पेशे को कलंकित किया है। यह चिंता का विषय है। खंड विकास अधिकारी आशीष कटिहार ने कहा कि देश का चौथा स्तंभ और प्रशासनिक मशीनरी एक दूसरे के पूरक हैं। बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष मुनीर खान ने किया। बैठक में जिला महासचिव नंदकिशोर यादव, जयशंकर त्रिपाठी, संतोष चक्रवर्ती, आदित्य त्रिपाठी, नेहा वर्मा, देवेंद्र राजपूत, कृष्ण कुमार द्विवेदी, हरनारायण प्रजापति, जितेंद्र यादव, जितेंद्र पंडित, हरीशराज चक्रवर्ती, रामलखन आदि आधा सैकड़ा से ज्यादा पत्रकार मौजूद रहे।

## लाखों रुपये की जाली करेंसी के साथ एक गिरफ्तार

- एक अन्य फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे तलाश वांछित वारंटी व चेकिंग अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौड़ के पर्यवेक्षण पर थाना कोतवाली पुलिस ने ग्राम बेलाताल रेलवे स्टेशन के पास से एक व्यक्ति को लाखों रुपये की जाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जाली करेंसी के साथ गिरफ्तार हुए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के आदेश अनुसार क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड़ के पर्यावेक्षण पर कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित वारंटी की गिरफ्तारी एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह द्वारा अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के उपनिरीक्षक हरीशंकर यादव,हेड कांस्टेबल बृजेश तिवारी व कांस्टेबल अनुराग यादव द्वारा चलाई जा रही चेकिंग के दौरान शाम करीब 6:00 बजे रेलवे स्टेशन बेलाताल के पास कस्बा बाहर से एक व्यक्ति देवेंद्र अहिरवार पुत्र छेदामी उम्र 33 वर्ष ग्राम आरी थाना अजनर को भारतीय जाली मुद्रा 262000 रूपये के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिसके खिलाफ धारा 179/180 बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछताछ के दौरान एक अन्य आरोपी अंकुर का नाम सामने आने के बाद पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।

### महान क्रांतिकारी भाई परमानन्द की पुण्यतिथि पर किये श्रद्धासुमन अर्पित

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने महान क्रांतिकारी भाई परमानन्द की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भाई परमानन्द बलि पथ के अडिग राही थे, इनके देश के प्रति योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता है। इनका जन्म 4 नवंबर 1876 को झेलम पंजाब में ताराचंद और मथुरा देवी के घर हुआ था। ये योद्धा, लेखक और समाजनिष्ठ थे। देश के क्रांतिकारी आन्दोलन को इन्होंने आधार प्रदान किया। शहीद भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल जैसे युवा क्रांतिकारी के यह प्रेरणा स्त्रोत थे। इनकी भारत का इतिहास, वीर बन्दा वैरागी और मेरी आप बीती जैसी कृतियां प्रसिद्ध है। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, दयाराम सोनकर, रिचा, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

# अध्यापकों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर बच्चों को अपमानित करने का आरोप

**मौदहा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**





बच्चों की शिकायत अभिभावकों ने अध्यापकों पर जातिसूचक शब्दों को प्रयोग कर बच्चों को अपमानित करने का आरोप लगा है। छात्रों ने बताया कि अध्यापक काले को शेषनाग व गोरे को भूरा कहकर संबोधित करते हैं। जिसके बाद अभिभावकों ने विद्यालय पहुंच अध्यापकों से जातिवाद और बच्चों से अपनी गाड़ियां साफ करने का आरोप लगाया। मौदहा विकास खण्ड क्षेत्र के सिलौली गांव स्थित कम्पोजिट जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में सोमवार को सुबह अपने बच्चों के साथ अभिभावक पहुंच कर प्रधानाध्यापक रामलखन सोनी से बहस करते हुए आरोप लगाया कि आप लोग स्कूल में पढ़ाई तो कराते नही और बच्चों से अपनी गाड़ी साफ कराते हैं वही बच्चों से जाति पूंछकर उनके साथ भेदभाव व मारपीट करते है। इस पर प्रधानाध्यापक ने कहा यह सब आरोप गलत है। मामला बढ़ता देख स्कूल प्रशासन सकते में आ गया। सूचना पाकर मौके पर नायब तहसीलदार सत्यप्रकाश व पुलिस पहुंच कर अभिभावकों से कार्रवाई का भरोसा दिलाकर किसी तरह समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। वहीं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के नाम पत्र लिखकर नायब तहसीलदार को सौप तीनो विवादित अध्यापक रामलखन सोनी प्रधानाध्यापक, हरिमोहन गुप्ता, व राजकुमार को यहां से हटाया जाए, क्योकि ये तीनो विद्यालय का माहौल खराब किये है। स्कूल में अध्यापक जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अक्सर अपमानित किया करते हैं।



अभिभावक अभिषेक ने बताया कि मेरा भाई समर कक्षा 8 का छात्र विद्यालय के प्रधानाचार्य जाति पूछ कर मारते–पीटते हैं हम लोग धोबी जाति से हैं, हरिमोहन अपनी गाड़ी की सफाई करवाते हैं इसी प्रकार राजकुमार स्कूल के समय में सिगरेट में कुछ डालकर पीते हैं और नन्हे मुन्ने बच्चे घर में भर के कारण यह बात नहीं बतातेअभिभावकों के बोल ग्रामीण प्रीतम, अनुराग, रोहित,सुनीता, पुष्पा शिव शंकर ने बताया प्रिंस कक्षा 8, रेशू कक्षा 6 जूनियर हाई स्कूल के छात्र हैं। इनके साथ स्कूली अध्यापक हरिमोहन जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हैं और अपनी गाड़ी की सफाई करवाते है एबीएसए सुशील कमल ने बताया कि मामले की जाँच कर उच्चाअधिकारी को भेजा गया है।
अभिभावक अभिषेक ने बताया कि मेरा भाई समर कक्षा 8 का छात्र विद्यालय के प्रधानाचार्य जाति पूछ कर मारते–पीटते हैं हम लोग धोबी जाति से हैं, हरिमोहन अपनी गाड़ी की सफाई करवाते हैं इसी प्रकार राजकुमार स्कूल के समय में सिगरेट में कुछ डालकर पीते हैं और नन्हे मुन्ने बच्चे घर में भर के कारण यह बात नहीं बताते।



ग्राम प्रधान देवीचरण ने बताया कि जूनियर हाई स्कूल विद्यालय में पठन–पाठन का माहौल पूरी तरह बिगड़ चुका है यहां के अध्यापक जातिगत राजनीतिक करते हुए बच्चों के साथ भेदभाव करते हैं शिक्षा का माहौल बिगाड़ कर गुडबाजी में व्यस्त रहते हैं भविष्य दिन प्रतिदिन खराब होता जा रहा है जो समाज में चिंता का विषय बना गया है। इसी वजह से आज सैकड़ो की तादाद में और अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में आकर अपने अपने बच्चों की शिकायत अधिकारियों की उपस्थिति में बताया है।

## पुलिस कर्मियों पर जान लेवा हमला करने वाले गिरफ्तार



**कुरारा,हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के उमराहट गांव में दो दिसंबर को पुलिस कर्मी जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपी महिलाओं सहित एक पुरुष आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। वही एक महिला के निशान देही पर हाथ पैर बांधने वाली रस्सी बरामद की है। क्षेत्र के उमराहट गांव में दो दिसंबर को पुरवा में झगड़े की शिकायत पर गए पुलिस कर्मी के साथ दबंगों ने जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर दिया था। तब से कानपुर में सिपाही आशीष मौर्या जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। अभी उसकी हालत में सुधार नहीं हो पा रहा है थान पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। आज रस्सी से आशीष के हाथ पैर बांधने वाली महिला श्याम कली पत्नी दुर्गा उर्फ दुर्गा चरण को महिला पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी निशान देही पर एक अदद रस्सी बरामद की गई। इसके अतिरिक्त उर्मिला पत्नी रामप्रकाश, निवासी हरदौली थाना सजेती जनपद कानपुर हाल निवासी उमराहट,बंदना पत्नी सुरेश निषाद, उमराहट, पुष्पा पत्नी शैलेंद्र पुत्री दुर्गा उर्फ दुर्गाचरण, निवासी सिमरा थाना कुरारा हाल मुकाम उमराहट तथा रमाकांत पुत्र पंचम को पुलिस ने खेत से गांव के बाहर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामआसरे सरोज, उपनिरीक्षक अशर्फी लाल, अजय वर्मा तथा कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कौशल झा, अभिषेक कुमार, आकाश पटेल तथा महिला कांस्टेबल ऋचा यादव, खुशबू मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कनकुवा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

### निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना

राज्य वित्त योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 09.12.2025 से 16.12.2025 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

**निविदा मूल्य-100 रू.**

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कनकुवा | कम्पोजिट विद्यालय में मिड-डे-मील शेड निर्माण कार्य | 7.14 लाख | 2 प्रतिशत | ईटा, गिट्टी, बालू, सीमेन्ट, सरिया,पाइप,चद्दर टाइल्स आदि | 15X8 मी. | 6 माह |

**शर्तें-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**प्रधान** **सचिव**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2026 के प्रथम चरण में जनपद कार्य समाप्ति की ओर अग्रसर

# गणना पत्रक जमा करें, नाम कटने से बचाएं : जिलाधिकारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्धारित लक्ष्यों को समयपूर्व पूर्ण करने वाले 44 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व भी सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने वाले 18 बीएलओ को डीएम द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।इन बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्रों में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन एवं 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का लक्ष्य प्राप्त कर अभियान को नई गति एवं मजबूती प्रदान की है।

> 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग करने वाले 44 और बीएलओ सम्मानित, डीएम ने किया उत्साहवर्धन



जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील किया कि जिन नागरिकों ने अभी तक अपना गणना पत्रक अपने क्षेत्रीय बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराया है, वे तत्काल उपलब्ध कराएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि गणना पत्रक समय पर न जमा करने की स्थिति में मतदाता सूची से नाम हटने की संभावना बनी रहती है। इसलिए प्रत्येक पात्र मतदाता से अपेक्षा है कि वह अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सहयोग करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ, जिस समर्पण एवं दक्षता के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर रहे हैं, उसी प्रकार अपने साथ कार्य कर रहे अन्य बीएलओ को भी मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आप सभी द्वारा किया जा रहा यह कार्य राष्ट्र निर्माण हेतु किया जा रहा सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयास, टीम वर्क एवं सतत समन्वय के माध्यम से यह लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा तथा जनपद उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेगा।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित बीएलओ

विधानसभा कुर्सी की भाग संख्या 21 के बीएलओ सुभाष चंद, भाग संख्या के 60 श्रीविद्धी आनंद,भाग संख्या 66 रामायण शरण शुक्ला,133 इंद्रेश कुमार, 134 की सीमा देवी,164 की ललिता कुमारी,168 के उमेश कुमार सिंह,169 की उमा देवी वर्मा,231 की संगीता देवी,262 के परमित कुमार,305 के ताराचन्द,313 के जीतेन्द्र सिंह, 365 शनाउल मुस्तफा,401 के बलराम, विधानसभा रामनगर की भाग संख्या 29 की बीएलओ रानी वर्मा,167 सुधाकर चतुर्वेदी,177 अमित कुमार,186 सुहैल अहमद,298 राहुल यादव,336 संध्या वर्मा, विधानसभा बाराबंकी की भाग संख्या 48 के बीएलओ देशराज 49 पवन कुमार,55 ममता वर्मा,147अंजू वर्मा,151सुधीर कुमार,182 निशा सिंह,197 अशोक कुमार,222 सूरज कुमार,404 मनोकामिनी, विधानसभा जैदपुर की भाग संख्या 162 के बीएलओ अनूप कुमार वर्मा,209 ज्योति रावत,311 रामचन्द्र, 413जीतेन्द्र कुमार विधानसभा दरियाबाद की भाग संख्या 229 के बीएलओ संतोष कुमार वर्मा,255 आशीष कुमार,290 हबीवर,422 प्रमेश कुमार,436 राम कृष्ण विधानसभा हैदरगढ़ की भाग संख्या 5 के बीएलओ अनुज कुमार, 47 राजेश कुमार,52 पूनम वर्मा,116 रोहित वर्मा,118 प्रेरणा व 294 के बीएलओ के अवधेश कुमार सहित कुल 44 लोगो को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## चित्रकला प्रतियोगिता में जल संरक्षण का संदेश




**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

प्रयास जल जीवन सेवा समिति द्वारा श्री राम पब्लिक स्कूल में जल संरक्षण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।स्कूल के छात्र-छात्राओं ने चित्रात्मक चार्टों द्वारा जल संरक्षण का संदेश दिया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुनैना ,द्वितीय स्थान आकांक्षा ने और तृतीय स्थान सविता ने प्राप्त किया जिन्हें समिति के संस्थापक अजय कृष्ण गुप्ता के द्वारा पुरस्कृत किया गया।साथ ही यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में अच्छे अंकों से प्राप्त पांच मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत राजनंदिनी, पूजा, प्रतिभा, सिंपी और रोहिणी को सम्मानित किया गया।समिति का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसों को रोकने के लिए एसपी ने 31 टीमों का किया गठन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह ने टीमों का गठन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय से आदेश के बाद सड़क दुर्घटना को रोकने की पहल पुलिस अधीक्षक के द्वारा की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सड़क हादसे रोकने के लिए 11 थाना में 15 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। जिसके लिए 31 टीम में बनाई गई है। जिसका एरिया ऑफ़ रिस्पांसिबिलिटी क्षेत्र 20 किलोमीटर का होगा। इन क्षेत्रों में होने वाली सड़क दुर्घटना की विवेचना क्रिटिकल केयर कॉरीडोर (सीसीटी) की टीम से कराई जाएगी दुर्घटनाओं की जांच टीम में एक दरोगा, दो हेड कांस्टेबल व दो सिपाही करेंगे। विवेचना के बाद दुर्घटना के कारण सहित इंटीग्रेटेड डेर एक्सीडेंटल डेटा पर अपलोड करेंगी। यह एक इंटरनेशनल संस्था है और डेटा के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए काम कर रही है।

### अपराधियों को पुलिस द्वारा अपराध न करने के सम्बन्ध में दिलाई गयी शपथ

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।** अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व नियंत्रण तथा घटित घटनाओं का अनावरण कर तथा संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही/शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी/दक्षिणी के निकट पर्यवेक्षण व सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के नेतृव्य में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी द्वारा अपने अपने थानों पर हिस्ट्रीशीटरों को बुलाया गया और अपराध व जरायम से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई । सभी हिस्ट्रीशीटरो को अपराध न करने के सम्बन्ध में शपथ दिलाई गयी और समय समय पर अपनी पूरी जानकारी पता व मोबाइल नंबर पुलिस को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

### महिलाओं के लिए आयोजित होगा पिंक रोजगार मेला

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में 17 दिसंबर को एक दिवसीय नि:शुल्क पिंक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। मेला का आयोजन राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, अमेठी परिसर में किया जा रहा है। जिसमें लगभग 10 प्रतिष्ठित निजी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनमें चयन हेतु 12वीं उत्तीर्ण, स्नातक, आईटीआई एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक महिला अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोज़गार पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर अपनी योग्यता के अनुसार उपलब्ध कंपनियों में आवेदन कर सकती हैं। रोजगार मेला पूर्णत- नि:शुल्क है। कार्यक्रम में किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा।


### एसबीएन पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील तिलोई के अंतर्गत ग्राम सभा आजादपुर के विझौरा एसबीएन पब्लिक स्कूल में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्सा कसी, बोरा दौड़, लंगडी दौड़, लंबी ऊंची कूद के साथ सुई धागा दौड़ प्रतियोगिता में बच्चे बच्चियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तिलोई मुन्ना सिंह ने फीता काट कर प्रतियोगिता आरंभ की। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि मो मिस्टर, डॉ मलखान सिंह, सीरीस गुप्ता, रिंकू सिंह, रामकुमार विश्वकर्मा, सुखबीर सिंह, आदि लोग की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार मौर्य, शिक्षक आशापाल, आर के सिंह, राम शरण तिवारी, केशव राम, कृपा शंकर, अजय पाठक, देवेंद्र तिवारी, निरंकार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### कमरे में लटकता मिला किशोरी का शव

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी का घर के कमरे में छत के कुंडे से लटकता हुआ शव पाए जाने से परिजनों में कोहराम मच गया सूचना के बाद मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरे बीचला डलमऊ निवासी राजेश कुमार की लगभग 16 वर्षीय पुत्री आंचल का शव कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ पाए जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया जिसकी सूचना परिजनों द्वारा डलमऊ पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि परिजनों द्वारा मौत का सही कारण नहीं बताया गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का करण स्पष्ट होगा।

### बाइक सवार को हाफ डाला ने मारी टक्कर, मौत



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को हाफ डाले ने टक्कर मार दी ।जिससे बाइक सवार घायल हो गया। इलाज के दौरान घायल व्यक्ति की मौत हो गयी ।जिसकी शिकायत भाई द्वारा जैदपुर थाने में की गयी ।पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार धर्मराज पुत्र नारायण ने जैदपुर थाने मे शिकायत करते हुए बताया कि मेरे बड़े भाई राधे पुत्र नरायन निवासी ग्राम अनूपगंज पोस्ट सआदतगंज थाना मसौली उम्र लगभग 50 वर्ष दिनाक 4-12-2025 को अपने घर से जैदपुर के लिए विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिए गाडी संख्या यूपी 41 एपी 6184 डिलक्स से जा रहे थे ।जैसे ही वो समय लगभग 5.30 बजे शाम को जैदपुर सफदरगंज रोड पर कृष्णा डीजे दुकान के सामने गुलहरिया मोड़ के पास पहुँचे तभी गाड़ी संख्या यूपी 32 एलएन 7543 हाफ डाला के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए मेरे भाई राधे की मोटर साइकिल मे टक्कर मार दिया ।जिससे मेरे भाई गम्भीर रुप से घायल हो गये और मोटरसाइकिल भी छतिग्रस्त हो गई ।रोड से गुजर रहे राहगीरो ने एम्बुलेंस को फोन करके बुलाया तथा जानकारी होने पर भतीजा जयराम जो जैदपुर मे पहले था आकर घायल भाई को लेकर जिला अस्पताल गया ।जहां डाक्टरो ने मेरे भाई को मृत घोषित कर दिया ।मामला संज्ञान में आते ही जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 192 नवविवाहित जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के रौनी ग्राम पंचायत अंतर्गत सुप्रसिद्ध औसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने हिस्सा लिया और नव विवाहित 192 जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय जीवन की कामना की।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि यह योजना उन गरीब और असहाय व्यक्तियों के लिए है जो आर्थिक बाधाओं के कारण अपनी बेटियों का विवाह करने में सक्षम नहीं हैं।

सरकार स्वयं के खर्च से पात्र गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी करा रही है, जिससे उनके माता-पिता पर बोझ न पड़े इसके अलावा ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा मोनू सिंह राम तीरथ वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज दीक्षित प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह युवा नेता राहुल सिंह चौहान वरिष्ठ भाजपा नेता महादेव पाठक युवा नेता गोविंद पाठक अतुल गोस्वामी सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी उप जिला अधिकारी हैदरगढ़ खंड विकास अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, मची सनसनी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली बदोसरांय के किन्तूर गांव में एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है।मृतक की पहचान 35 वर्षीय मोहित यादव उर्फ पप्पू पुत्र माधवराम के रूप में हुई है,जो अखाड़ापुरवा किंतूर गांव का निवासी था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मोहित यादव 7 दिसंबर रविवार शाम से लापता था।भाई अशोक कुमार के अनुसार वह उस शाम किसी से फोन पर बात करते हुए घर से निकले थे और फिर वापस नहीं लौटे।काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला।इसके बाद 8 दिसंबर की सुबह मोहित के भाई अशोक कुमार ने कोतवाली बदोसराय पुलिस मे गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर मोहित की तलाश शुरू कर दी थी।

सोमवार शाम करीब 4 बजे गांव के बाहर रफी के खेत में लगे चिल्वल के पेड़ से मोहित का शव मफलर के फंदे से लटका हुआ पाया गया।शव के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।मृतक मोहित यादव एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक का कार्य करता था।परिवार में उनकी पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। बड़ा बेटा शिवम 15 वर्ष का है, जबकि छोटा बेटा सूरज 12 वर्ष का है।कोतवाली बदोसराय प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने इस संबंध में बताया कि युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।





### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सिग्मा पब्लिक स्कूल मेजरगंज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जो दो दिन विद्यालय के समस्त प्रतिभावान छात्रों द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया ।इस कार्यक्रम में एस. एस. आई. सदाकुल सरोज व महफूज अली ने महफूज अली ने विजेताओं का मनोबल बढ़ाया और बच्चों को शिक्षा एवं अन्य शिक्षण गतिविधियों के प्रति उत्साहित रहने की प्रेरणा दी ।इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न खेल जैसे रस्साकशी,लंबी कूद, ऊंची कूद,खो-खो,धागा निडल दौड़,जलेबी दौड़ की प्रतियोगिता कराई गई ।जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर राघवेंद्र कुमार, सुमित, प्रियंका वर्मा, सीमा, काजल, अनामिका सिंह, उत्कर्ष शर्मा समेत विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## डीएम हर्षिता माथुर की पहल : रायबरेली में राजकीय संप्रेक्षण गृह चालू

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के प्रयासों से रायबरेली के जैतपुर में नव-निर्मित राजकीय संप्रेक्षण गृह चालू हो गया है। 6.60 करोड़ की लागत से निर्मित यह भवन किशोर अपचारियों के जीवन को नई दिशा देने का केंद्र बनेगा। वर्तमान में यहाँ 24 बच्चे आए हैं, जबकि इसकी कुल क्षमता 100 किशोरों को आश्रय देने की है।

31मई 2025 से शुरू 100 किशोरों को आश्रय कार्यदायी संस्था पैकफेड द्वारा निर्मित इस संप्रेक्षण गृह के भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया कि रायबरेली के अलावा अन्य जिलों के 100 किशोर अपचारियों को आश्रय देने की तैयारी है। इस विशेष आश्रय का मुख्य उद्देश्य किशोर अपचारियों को आपराधिक कृत्यों से बचाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर एक अच्छा नागरिक बनाना है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत यहाँ बच्चों के रहने, खाने और विशेष प्रशिक्षण की सुविधा होगी।

व्यवसायिक प्रशिक्षण : बाकायदा कक्षाएं संचालित की जाएंगी और किशोरों को हुनरमंद बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे बाहर जाने के बाद स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नियमित काउंसिलिंग की जाएगी। शिक्षा के अलावा, उन्हें डांस, गायन



> 100 किशोर अपचारी बनेंगे हुनरमंद और अच्छे नागरिक

और अन्य कला क्षेत्रों में भी प्रशिक्षित किया जाएगा। खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों से उनका मानसिक विकास सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यदायी संस्था पैकफेड के अधिशासी अभियंता एके सिंह ने बताया कि भवन में सभी आवश्यक सुविधाओं का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिनमें क्लास रूम और लाइब्रेरी काउंसिलिंग कक्ष, डायनिंग हॉल और किचन, प्राथमिक उपचार कक्ष, वर्कशॉप रूम, कार्यालय और स्टाफ आवास शामिल है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि यह संप्रेक्षण गृह शुरू हो गया है, जो जुनैना कोर्ट संप्रेषण गृह के रूप में कार्य करेगा, और यहाँ 100 बच्चों की क्षमता है। राजकीय संप्रेक्षण गृह चालू हो गया है जिसमें अभी तक चौबीस बच्चे आए है इसमें 100 बच्चों की कैपेसिटी है। यह जुनैना कोर्ट संप्रेषण गृह बनाया गया है। यह जिले का पहला संप्रेक्षण गृह होगा, जहाँ एक ही छत के नीचे किशोर अपचारियों के जीवन को नई और सकारात्मक दिशा दी जाएगी।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरूक



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र में महिलाओं, बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम तथा उनसे बचाव के संबंध में व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही जनपद के थानों की एंटीरोमियो टीम द्वारा स्कूल कॉलेज के खुलने व बंद होने के समय आसपास व महिला छात्रावास के पास एवं चिन्हित विभिन्न हॉटस्पॉट पर मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाकर संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

## अटल जन्म शताब्दी पर विविध कार्यक्रम हुए आयोजित



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा अमेठी में मदन फाउंडेशन ने संस्कृति मंत्रालय के प्रयोजन सहयोग से 5 व 6 दिसंबर को अटल जन्म शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन किया। प्रथम दिवस विराट कवि सम्मेलन के नाम रहा, जिसमें मुख्य अतिथि जगदंबा प्रसाद मनीषी ने कवियों को सम्मान चिन्ह, अंगवस्त्र व पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। अटल जी स्वयं भी एक महान कवि थे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के बाद सुरेश शुक्ल 'नवीन' की सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम का संचालन समीर मिश्रा ने किया। दूसरे दिन 6 दिसंबर को मुख्य अतिथि अमरेंद्र सिंह पिंटू व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, काशी तिवारी, कैप्टन पी.एन. मिश्रा और बिंदेश्वरी प्रसाद दूबे ने अटल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालयों से आए प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र भारतीय पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष लोकेश त्रिपाठी और समाजसेवी बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे द्वारा प्रदान किया गया। शिक्षा क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रो. अंगद सिंह सहित 11 शिक्षकों, जिले में पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश त्रिपाठी, संजय कुमार यादव, दिलीप यादव, संतोष श्रीवास्तव, धवन मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार यशपाल सिंह सहित तमाम पत्रकारों तथा अधिवक्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

### तेज रफ्तार सरकारी गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के बाबूगंज बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार महिला थाने की सरकारी गाड़ी ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सरकारी गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर लगते ही बाइक सवार उछलकर कई मीटर दूर जा गिरा और मौके पर तड़पते हुए उसकी मौत हो गई। सूचना पर गौरीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## कब्जे में चल रही जिला पंचायत की दुकान से प्रशासन ने हटाया कब्जा



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत प्रशासन ने सोमवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए बछरावां कस्बे मे स्थित जिला परिषद मार्केट की दुकान नंबर छह को खाली कराया है। बताया जा रहा है कि यह दुकान लंबे समय से अवैधरूप से कब्जे में चल रही थी और कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी उसे खाली नहीं किया गया। कार्यवाही के क्रम में सोमवार दोपहर नायब तहसीलदार सत्याराज की अगुवाई में पुलिस बल और जिला पंचायत के आलाधिकारियों की टीम जिला पंचायत के स्वामित्व नियंत्रणाधीन बछरावां शॉपिंग कंपलेक्स पर पहुंची। और दुकान संख्या छह को खाली कराने की प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। प्रशासन ने कब्जाधारी की सामग्री हटवाकर दुकान को अपने नियंत्रण में ले लिया है। नायब तहसीलदार सत्याराज ने बताया कि उक्त दुकान तेजनाथ मिश्र को आवंटित हुई थी । किराएदारी 14/10/2022 को निरस्त होने के बाद सहायक राजस्व निरीक्षक जिला पंचायत रायबरेली राम अकबाल को हस्तांतरित किए जाने का आदेश हुआ, परंतु शरद कुमार मिश्रा पुत्र तेजनाथ मिश्र द्वारा नोटिस देने के बावजूद भी दुकान नहीं खाली की गई । जिसको लेकर उक्त कार्यवाही की गई है। सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**बिसवां-सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिसवां विधायक निर्मल वर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक व वरिष्ठ राजनीतिज्ञ महेश चंद्र मेहरोत्रा (बबुआ जी) ने की। सहप्रबंधक आनंद कुमार खत्री ने संचालन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती पूजन व स्व. सिद्धार्थ मेहरोत्रा के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। विद्यार्थियों द्वारा मशाल रेस निकाली गई और शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाए गए। महारानी लक्ष्मीबाई, एपीजे अब्दुल कलाम व सुभाष चंद्र बोस की वाहिनियों की सलामी मुख्य अतिथि ने ली। विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम अध्यक्ष महेश चंद्र मेहरोत्रा ने खेलों को शिक्षा के साथ आवश्यक बताया। प्रधानाचार्य विवेक सिन्हा ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विभिन्न वर्गों में मेढ़क दौड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, तीन टांग दौड़ व 100 मीटर दौड़ में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य शीबा खान, अजरा खान, जी.पी. श्रीवास्तव, रामकुमार कश्यप सहित अनेक शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### किड्ज़ी सीतापुर में भव्य वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।** किड्ज़ी सीतापुर परिसर में अपने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया कार्यक्रम की शुरुआत खेल भावना के प्रतीक मसाल दौड़ से हुई जहां प्रबंध निदेशक मंजू जिंदल ने मसाल को आगे बढ़ाया इसके बाद छात्रों द्वारा एक ऊर्जावान वार्म- अप सत्र और शांत ध्यान (ओम जाप) का आयोजन किया गया जिसने कार्यक्रम के लिए एक आदर्श माहौल तैयार किया। सबसे कम उम्र के प्रतियोगियों प्ले ग्रुप और नर्सरी के नन्हे बच्चों ने जूनियर केजी सीनियर केजी छात्रों द्वारा तितली मुद्रा त्रिभुज मुद्रा और सूर्य नमस्कार सहित सुंदर योग आसनों का प्रदर्शन किया जो संतुलन लचीलेपन और सचेत तपन पर प्रकाश डालते हैं इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए। किडजी द्वारा समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहते हैं।

## सीतापुर में खुलेगा पशु औषधि विक्रय केन्द्र

> सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ अब हर ब्लॉक में उपलब्ध होंगी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम डॉ. राजागणपति आर. के निर्देश पर पशुपालन विभाग द्वारा जनपद में पशु औषधि विक्रय केन्द्र शुरू करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस पहल से जनपद के लाखों पशुपालकों को अब सस्ते, गुणवत्तापूर्ण और मानक पशु-औषधि स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सीतापुर डॉ एम पी सिंह चन्देल ने बताया कि गांव स्तर पर अक्सर नकली या अमानक दवाइयों की शिकायतें सामने आती थीं। अब पशु औषधि विक्रय केन्द्र स्थापित होने के बाद यह व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और नियंत्रण के दायरे में आ जाएगी। जनपद के सभी 19 ब्लॉकों में केन्द्र स्थापित किए जाएंगे:- प्रमाणित और मानक पशु दवाइयाँ वैक्सीन, विटामिन, मिनरलमिक्स, सप्लीमेंट डिवॉर्मिंग मेडिसिन, फर्स्ट-एड व पशु देखभाल सामग्री।

### जल्द क्रियाशीलता के निर्देश

डीएम ने कहा कि इससे गुणवत्ता नियंत्रण, किफायती दाम, और पशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार सुनिश्चित होगा। सभी ब्लॉक स्तर पर इसे जल्द क्रियाशील करने के निर्देश दिए गए हैं।

### किसानों को सीधा लाभ

अब पशुपालकों को बाजार में मिलने वाली महंगी दवाइयों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। सही दवा, सही दाम और सही मार्गदर्शन एक ही स्थान पर मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए पशु पालन विभाग की वेबसाइट या जनपद पशु पालन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए विभागीय पोर्टल pashuaushadhi.dahd.gov.in अथवा जिला पशुपालन कार्यालय, सीतापुर से संपर्क करें।

# ऑनलाइन मैपिंग कार्य का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण

- जलालाबाद व सदर विकासखंड की देखी हकीकत, सुव्यवस्थित व सटीक नामावली संकलन के दिए निर्देश


निरीक्षण करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अर्पित कुमार

**कन्नौज/जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण- 2026 (स्क्रूक) के तहत निर्वाचन नामावली के सुव्यवस्थित एवं सटीक संकलन के उद्देश्य से विकास खंड कन्नौज एवं जलालाबाद में चल रहे ऑनलाइन मैपिंग कार्य का निरीक्षण ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ तहसीलदार सदर अर्पित कुमार ने किया। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऑनलाइन मैपिंग कार्य में पूर्ण पारदर्शिता, शुद्धता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण- 2026 निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि को अत्यधिक सावधानी से दर्ज किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मैपिंग कार्य के दौरान तकनीकी मानकों का पूर्ण पालन अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि आगामी निर्वाचन के लिए तैयार होने वाली मतदाता सूची पूरी तरह सटीक व त्रुटिरहित हो। अधिकारियों को कार्य की प्रगति नियमित रूप से अपडेट करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जलालाबाद बीडीओ मनोज पोरवाल, एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव सहित आदि रहे।

### खाद संकट के खिलाफ भाकियू भानू गुट ने दिया अल्टीमेटम

**छिबरामऊ (कन्नौज)।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने जिले में रबी फसलों की बुवाई के दौरान यूरिया खाद की भारी किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया तो किसान आंदोलन के लिए स्वतंत्र होंगे। उन्होंने कहा इस समय गेहूं व आलू जैसी फसलों को नाइट्रोजन की जरूरत है, जो यूरिया से पूरी होती है, लेकिन सरकारी दर 266-270 रुपये प्रति बैग की जगह बाजार में 380-400 रुपये तक वसूली जा रही है। यूनियन ने मांग की है कि यूरिया की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगे, सभी निजी विक्रेताओं की जांच हो, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और समितियों का खुलने का समय बढ़ाया जाए। नहीं तो आंदोलन होगा जो तब तक चलेगा, जब तक किसानों को न्याय और खाद की नियमित आपूर्ति नहीं हो जाती।

# समाजवादी व्यापार सभा की बैठक में एसआईआर पर हुई चर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



श्री विजय नाथ मंदिर के पास कैंप कार्यालय में हुई समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक में एसआईआर पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में व्यापारियों और पार्टी पदाधिकारियों ने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक रणनीतियों पर चर्चा की।

बैठक का मुख्य मुद्दा एसआईआर (संभावित मतदाता सूची) रहा, जिसके तहत यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि क्षेत्र का कोई भी वोट मतदाता सूची से छूटने न पाए।बैठक में मौजूद व्यापारियों ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए अभियान तेज़ किया जाएगा। इस प्रक्रिया को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि एक-एक वोट बनवाना ही चुनावी मजबूती की कुंजी है। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे मोहल्लों और बाज़ारों में जाकर लोगों को एसआईआर फॉर्म भरवाने में मदद करें तथा यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में दर्ज हो। इस दौरान क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, संगठन विस्तार, और व्यापारियों से जुड़ी स्थानीय समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभा ने जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में अरविंद गुप्ता, गोविंद यादव, अवनीश गुप्ता, रामू वर्मा, दीपक वर्मा, अयान, विपिन, धर्मेंद्र, उज्जवल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई स्वामी ब्रह्मानंद की जयंती



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सौरिख क्षेत्र के ग्राम ग्राम कुसका पलोखड़ में शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करने वाले बुंदेलखंड के मालवीय, पूर्व सांसद पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद जी की 131 वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई।

लोधी क्षत्रिय उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रो. राम बक्श वर्मा ने कहा कि समाज को स्वामी जी जैसे महापुरुषों का योगदान कभी नहीं भूलना चाहिए। मुख्य वक्ता कवि व पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य हरि ने महापुरुषों के सम्मान में गीत कांटो की परवाह नहीं है, अंगारों पर चलते हैं। अंधियारों में दीपक बनकर महापुरुष ही जलते है सुनाकर वाहवाही लूटी। राष्ट्रपति से पुरस्कृत पूर्व प्रधानाचार्य लज्जाराम वर्मा ने कहा हम भले ही कछुआ की चाल से चलें, हमें चलते रहना चाहिए। इसके अलावा डॉ घनाराम आर्य, संत तुलादास आर्य, राष्ट्रपति से पुरस्कृत अध्यापक भारत सिंह वर्मा, रामचंद्र वर्मा, रामप्रकाश सर्राफ सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किए। इससे पहले सभी ने पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के आयोजक राजेश राजपूत एवं संचालन कर रहे शिक्षक श्रीपाल वर्मा ने कवि हरिगोविंद शाक्य हरि को माल्यार्पण एवं शाल ओढाकर सम्मानित किया। पूर्व नायब तहसीलदार रामविष्णु की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश, विजय राजपूत, मनोज जाटव, राम प्रकाश, रजनी, सुनीता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तृतीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के स्काउट भवन में तृतीय सोपान जाँच एवं प्रशिक्षण शिविर का रंगारंग शुभारंभ हुआ। शिविर का संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक, सह जिला स्काउट एवं गाइड सचिव आदेश कुमार सक्सेना तथा सहसचिव लज्जाराम वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जिला संगठन आयुक्त परशुराम पाल ने स्काउट प्रार्थना, ध्वजारोहण और झंडा गीत से की। इसके बाद बच्चों को विभिन्न टोलियों में विभाजित कर टोली नायक चुने गए। बच्चों को स्काउट-गाइड आंदोलन के उद्देश्यों से अवगत कराया गया तथा बताया गया कि स्काउटिंग जीवन जीने की श्रेष्ठ कला है जो अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व का मार्ग प्रशस्त करती है। शिविर में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सभी गतिविधियों में भाग लिया। हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज के स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह, प्रेमपुर विद्यापीठ के संत कुमार तथा डॉ. गौतम सिंह यादव ने बच्चों का मार्गदर्शन कर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सदगुरु से अच्छा कोई मित्र नहीं: राजकुमार गुप्ता

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परम पूज्य महात्मा एवं स्थानीय शाखा के मुखी राजकुमार गुप्ता ने कहा इस संसार में सदगुरु से अच्छा कोई मित्र नहीं है।

उन्होंने कहा उलझन या घबराहट के समय अगर सदगुरु के संदेशों की ओर ध्यान दें और समय समय पर हमे सदगुरु की याद आती रहे तो संकट के समय नैया पार लग जाती है। हरदेव वाणी में भी स्पष्ट कहा गया है कि इस संसार में सदगुरु से अच्छा कोई मित्र नहीं है। बाकी सभी का प्रेम झूठा है। सच्चा प्रेम तो सदगुरु का है। सदगुरु की असीम कृपा से इंसानों के जीवन में खुशियाँ किसी ना किसी बहाने से आती जरुर हैं। दातार से यही प्रार्थना करते हैं जो खुशियाँ तूने बक्शी हैं, उसे सदा कायम रखना



क्योंकि भक्त प्रहलाद ने बहुत मुसीबतें का सामना अपनी छोटी उम्र में किया था लेकिन वो अपनी अटूट भक्ति के कारण हमेशा खुश रहता था क्योंकि उसे अपने ईश्वर पर भरोसा था कि उसके रहते मेरा कोई कुछ भी नहीं कर सकता है। यही अटूट भक्ति हम लोग भी सदगुरु पर कायम रखे कि इनके रहते मेरा भी कोई कुछ नहीं कर पायेगा क्योंकि संसार में बहुत लोग आज भी ईश्वर के दर्शन के लिए तरह तरह से भक्ति करते हैं लेकिन हम लोगों को तो कलियुग में ही ईश्वर के दर्शन सदगुरु की असीम कृपा से प्राप्त हो चुके हैं।

दातार सब पर हमेशा कृपा बनाये रखना यही अरदास, यही कामना करते हैं। महात्मा हरिश्चंद्र के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने प्रवचनों एवं भजनों से संगत को निहाल किया।

## खबरें एक नजर में

### सौ शैया अस्पताल से साइकिल चोरी करते युवक को दबोचा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सोमवार की सुबह सौ शैया अस्पताल में अचानक से अफरा तफरी का माहौल बन गया, क्योंकि वाहन स्टैंड पर खड़ी एक साइकिल को चोरी करते हुए एक युवक को दबोच लिया गया मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति अपनी साइकिल सौ शैया अस्पताल के वाहन स्टैंड पर खड़ी करके अस्पताल के अंदर दवाई लेने चला गया। कुछ देर बाद एक दूसरा व्यक्ति आया और उस साइकिल को चोरी करके ले जाने लगा। तभी ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने देख कर उसे पकड़ लिया। इस दौरान वह मौजूद मरीजों के तीमारदारों में अफरातफरी मच गई। इतनी देर में अंदर से दवा लेकर साइकिल बाला व्यक्ति भी आ गया और अपनी साइकिल लेकर बिना कुछ बोले बताएं चला गया। हालांकि तीमारदारों में अफरातफरी देख सिक्योरिटी गार्ड साइकिल चोर युवक को अस्पताल के सीएमएस सुनील कुमार सिंह के पास ले गए और उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी है।

### नाले की सफाई न होने से आम रास्ते में भरा गंदा पानी

**जालौन,उरई।** नाले की सिल्ट की सफाई न होने से आम रास्ते और खेतों में पानी भर रहा है। जिससे आवागमन में दिक्कत होने के साथ ही फसल भी खराब हो रही है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सिल्ट की सफाई कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी राजेंद्र कुशवाहा ने एसडीएम हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के पानी को बाहर करने के लिए गांव में नाला का निर्माण कराया गया था। यह नाला मलंगा नाले से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में यह नाला चोक हो गया है। नाले में जमा गंदगी और सिल्ट के चलते जलभराव हो रहा है। आम रास्ते पर जलभराव होने के साथ ही पानी गांव के बाहर स्थित खेतों में भी भर रहा है। जिससे खेत की फसल खराब हो रही है। नाले की सफाई के लिए कई बार प्रधान व सचिव से शिकायत की है लेकिन अब तक सफाई नहीं हुई है। जिसके चलते किसान और ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। उन्होंने एसडीएम से नाले की सिल्ट की सफाई कराने के लिए प्रधान को निर्देशित किए जााने की मांग की है।

### रोडवेज चालक, परिचालकों की मुफ्तखोरी ने बढ़ायी यात्रियों की परेशानियां

**कालपी,जालौन।** रोडवेज बसों के चालक तथा परिचालक की गलत नीतियों तथा मुफ्तखोरी की खाने की नीतियों के कारण यात्रियों को सफर के दौरान कठिनाइयों से जूझना पड़ता है प्रभावित यात्रियों ने इस मामले की संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है। उक्त समस्या को लेकर के रोडवेज बस में यात्रा करने वाले नागरिकों ने बताया कि कानपुर झांसी रूट में चलने वाली झांसी-कानपुर दोनों साइड की बसों के चालक मनमानी पूर्वक गाड़ियों को चलाते हैं फलस्वरूप जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। यात्रियों ने बताया कि रोडवेज बस के चालक तथा परिचालक फ्री चाय और खाने के लिए होटल ढाबे अनावश्यक बस को रोक देते हैं। फलस्वरुप बसों में यात्रा कर रहे बीमार, गर्भवती महिलाओं, परिक्षार्थियों, व्यापारियों आदि को ड्राइवर और कंडेक्टरों की इस गलत फितरत का प्रतिदिन शिकार होना पड़ता है। 7 दिसम्बर 2025 को इस विषय की शिकायत परिवहन निगम के टीआई कालपी ज्ञानसिंह से की गई। उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। बताते हैं कि रोडवेज बस के ड्राइवर तथा कंडक्टर मुक्त खाना तथा चाय पानी के चक्कर में आधा-आधा घंटे तक होटल तथा ढाबों में गाड़ियों को खड़ा कर देते हैं। जिससे यात्रियों के समय की बर्बादी होती है जनहित में प्रवाहन निगम के उच्च अधिकारियों से मांग की जाती है कि रोडवेज बसों का संचालन ठीक तरीके से कराया जाए तथा गलत आचरण करने वाले कंडक्टरों तथा ड्राइवर के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# सहकारी समितियों में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता

## समितियों का अधिकारियों ने निरीक्षण कर दिए नियमानुसार उर्वरक वितरण करने के निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित अपर जिला सहकारी अधिकारियों की टीमों ने तिर्वा, छिबरामऊ एवं सदर क्षेत्र की विभिन्न सहकारी समितियों जिसमें इंदरगढ़, हसेरन, सौरिख, खड़िनी, तालग्राम, जलालाबाद, अटारातिर्वा एवं फतेहपुर का निरीक्षण कर उर्वरक वितरण व्यवस्था की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उर्वरक प्राप्त करने आए किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। समिति सचिवों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक किसान को सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।


सहकारी समिति का निरीक्षण करते अधिकारी

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि सभी समितियों में यूरिया, डीएपी और एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता है तथा वितरण नियमानुसार किया जा रहा है। जिसमें इंदरगढ़ सहकारी समिति-1372 किसानों को 2922 बोरी यूरिया, 1261 बोरी डीएपी तथा 1298 बोरी एनपीके,सौरिख सहकारी समिति 2023 किसानों को 6851 बोरी यूरिया, 3494 बोरी डीएपी एवं 2120 बोरी एनपीके उपलब्ध, तालग्राम 2045 किसान, खड़िनी 1426 किसान, जलालाबाद 813 किसान, अटारातिर्वा 2015 किसान, फतेहपुर 2146 किसान, हसेरन में 848 किसानों को रबी अभियान के तहत आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जा चुका है। अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि वर्तमान रबी सीजन में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और सभी सहकारी समितियों को नियमित आपूर्ति की जा रही है।

# वृद्धजनों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने में करें सहयोग: डीएम

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपदवासियों से अपील की है कि वह अपने घर या आसपास निवास कर रहे 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने में पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा वृद्धजनों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने हेतु यह योजना अत्यंत लाभकारी है तथा इसके लिए पात्रता भी बेहद सरल रखी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना की एकमात्र पात्रता आधार कार्ड में 70 वर्ष की आयु पूर्ण होना ही है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होती।



उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह अपने मोहल्ले, गांव और आसपास के सभी पात्र वृद्धजनों को सम्मानपूर्वक आयुष्मान कार्ड दिलाने में स्वास्थ्य विभाग की सहयोग करें। जिलाधिकारी ने आशा व्यक्त की कि जनपद के लोग आगे बढ़कर इस अभियान को सफल बनाएंगे, जिससे अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें।

### कथा सुनने गई बुजुर्ग महिला के गले से सोने की जंजीर चोरी

**जालौन,उरई।** श्रीमद्भागवत कथा सुनने गई बुजुर्ग महिला के गले से अज्ञात व्यक्ति ने सोने की जंजीर निकाल ली। लगभग तीन लाख रुपये कीमत की जंजीर निकालने की सूचना पीड़ित महिला ने चौकी में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला जोशियाना में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन चल रहा है। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। मोहल्ले में चल रही कथा को सुनने के लिए मोहल्ला जोशियाना निवासी बुजर्ग महिला सोमवती गुप्ता पांडाल में गई थी। कथा सुनने के बाद वह प्रसाद ले रही थी। प्रसाद वितरण के दौरान उमड़ी भीड़ के दौरान किसी व्यक्ति ने उनकी गले से लगभग ढाई तोला वजन कीमत लगभग तीन लाख रुपये की जंजीर निकाल ली। प्रसाद लेने के बाद जब भीड़ कम हुई तो उन्होंने गले में पड़ी जंजीर को देखा तो वह गायब थी। गले से कीमती जंजीर गायब होने से वह परेशान हो और घर जाकर बेटे को जानकारी दी।

# एनएच-27 पर अवैध कट स्थाई रूप से बंद करने के निर्देश

- एक सप्ताह में राजमार्ग को गड्ढा मुक्त करने का आदेश

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में एनएचएआई अधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बने अनाधिकृत कटों पर कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजमार्ग पर बने सभी अवैध कटों को तत्काल प्रभाव से स्थाई रूप से बंद कराया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को रोका जा सके।

बैठक के दौरान एनएचएआई अधिकारियों ने अवगत कराया कि फिलहाल सभी अवैध कट अस्थायी



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम राजेश पांडेय।

रूप से बंद कर दिए गए हैं तथा राजमार्ग पर गड्ढा मुक्त अभियान प्रगति पर है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर राष्ट्रीय राजमार्ग-27 को पूर्णतः गड्ढा मुक्त कर दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल सहित एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे।

### देवस्थल के आम रास्ते पर लोगों ने अवैध रूप से जमाया कब्जा

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।** गांव में देवस्थल की ओर जाने वाले आम रास्ते पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जिससे भक्तों को निकलने में दिक्कत हो रही है। पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी गंगासिंह, इंद्रपाल सिंह, प्रेमसिंह, राजेश कुमार, सूरज सिंह, आजाद फूल सिंह, मुरली, महेश, विजय, रामू आदि ने एसडीएम हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में देवस्थल की ओर जाने वाले रास्ते पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। वह आम रास्ते पर अपने पालतू पशुओं को बांधते हैं और नाली बनाकर गंदा पानी देवस्थल की ओर निकाल रहे हैं। ऐसे में भक्तजन जो देवस्थल पर पूजा अर्चना के लिए जाते हैं उन्हें इस रास्ते से होकर निकलने में परेशानी हो रही है। सुबह के समय महिलाएं पूजा अर्चना के लिए नहीं जा पाती हैं। यदि कोई उनसे कब्जा हटाने के लिए कहता है तो मारपीट पर आमादा हो जाते हैं।

### पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

थानाध्यक्ष भागमल के कुशल निर्देशन में थाना विशुनगढ पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए अपराध की योजना बना रहे कस्बे के ही निवासी दीपक कुमार पुत्र काशीराम को गिरफ्तार कर लिया।

**आवश्यक सूचना**

मेरे पति स्वर्गीय राजेंद्र सिंह आर्मी नंबर 660 2677 एम के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम कमाला देवी (KAMALA DEVI) व जन्मतिथि 01/07/1943 अंकित है, जबकि मेरा सही नाम आधार कार्ड में कमला देवी (KAMLA DEVI) व जन्मतिथि 24.07.1945 है, जो कि सही है। इसे ही सही मानकर लिखा और पढ़ा जाय।

**सूचनार्थी**
**कमला देवी पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र सिंह निवासी-ग्राम सिरसा दोगढ़ी,तहसील/परगना-माधौगढ़,जिला-जालौन**

# जल निकासी समस्या के समाधान के लिए अपना दल (एस) आया आगे

- अपना दल एस के प्रदेश महासचिव ने स्ट्रीट लाइटें भी बांटी

**माधौगढ़, जालौन समृद्धि न्यूज़।**

रामपुरा ब्लॉक के ग्राम हनुमान गढ़ी में विकास कार्यों को गति देते हुए अपना दल (एस) के प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए पाँच स्ट्रीट लाइटों का वितरण किया। लाइटों की कमी के कारण गाँव के कई हिस्सों में अंधेरा रहता था, जिससे आवागमन में दिक्कतें आती थीं। स्ट्रीट लाइटें लगने के बाद अब लोगों को रात में भी सुरक्षित आवाजाही का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से वे लाइट



गांव में हो रहे जलभराव को देखते ओंकार सिंह।

की समस्या से जूझ रहे थे, ऐसे में यह पहल उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी। लाइट वितरण कार्यक्रम के पश्चात ग्रामीणों ने ओंकार सिंह के समक्ष जल निकासी से जुड़ी गंभीर समस्या भी रखी। गाँव में बारिश या नाली का पानी रुके रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर जलभराव के कारण आमजन को घरों से निकलने में कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक उचित समाधान नहीं मिल पाया है।

जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए ओंकार सिंह ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखकर जल निकासी की समस्या का शीघ्र निस्तारण कराएंगे। उन्होंने कहा कि गाँव का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और वे हर संभव प्रयास करेंगे कि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएँ समय पर मिलें। ग्रामीणों ने स्ट्रीट लाइट मिलने और समस्या के समाधान का भरोसा देने के लिए प्रदेश महासचिव का आभार व्यक्त किया।

# खरीद केंद्र पहुंचे एसडीएम को ज्वार बाजरा, धान की खरीद मिली बंद

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीम मनोज कुमार सिंह ने सरकारी ज्वार, बाजरा, धान खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद स्थापित करके जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए। ज्ञात हो कि किसानों को उपज का समर्थन मूल्य के अनुरूप ज्वार, बाजरा तथा धान की खरीद के लिए गल्ला मंडी कालपी के नीलामी चबूतरे में विपणन शाखा के द्वारा सरकारी क्रय केंद्र स्थापित किया गया है। केंद्र प्रभारी एसएमआई रुचिता ओमर को बनाया गया। सोमवार को उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने दोपहर को केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में मौजूद किसानों से संवाद स्थापित कर बातचीत की। केन्द्र प्रभारी रुचिता ओमर झांसी में सरकारी मीटिंग में शामिल होने के लिए जाने से मौजूद नहीं थी। केन्द्र में तहसील के राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर उपस्थित मिले। इसलिए खरीद का काम सोमवार को बंद मिला। उन्होंने निर्देश दिया कि साफ-सुथरा ज्वार व बाजरा को खरीद करें तथा केंद्र में किसानों की सुख सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जिंस को बेचने वाले किसानों को कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अल्लाहपुर विकास खण्ड कायमगंज, फर्रु0**

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ राज्य वित्त टेण्डर प्रकाशन वितीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 08/12/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अल्लाहपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 09/12/2025 से 15/12/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 15/12/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | हरीश चन्द्र के घर से अवनीश के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 1.60 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | वीर सिंह के घर से सत्येन्द्र के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.80 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 3- | कृष्णलाल के घर से रोशन के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.84 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 4- | बालक राम के घर से रामविलास के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.51 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 5- | होली की जगह से शिवपाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.35 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 6- | रामसनेही के घर से विजय सिंह के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.92 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (प्रतिभा वर्मा) ग्रा0पं0 अल्लाहपुर, कायमगंज ग्राम विकास अधिकारी (शशीदेव सिंह)**

# सांसद के भाई पर मकान पर कब्जा देने के बदले रंगदारी मांगने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ता ने सांसद के भाई पर कब्जा पर कब्जा देने के बदले रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है। अधिवक्ता का आरोप है कि उपरोक्त मामले में सांसद के हस्तक्षेप के चलते पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। जिससे वह काफी परेशान है।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह को दिये गये प्रार्थना पत्र में पीड़ित अजय कुमार शुक्ला एडवोकेट पुत्र श्रीचन्द शुक्ला ने कहा कि वह मोहल्ला खड़ियाई जनपद फर्रुखाबाद का निवासी है। पीड़ित ने एक मकान स्थित मोहल्ला यामीन खां भाउटोला थाना मऊदरवाजा में राधाकृष्ण पुत्र रामरतन ने क्रय किया था। मकान बेचने के उपरान्त राधाकृष्ण अपने रहने के लिए तत्काल कोई व्यवस्था नहीं कर सके थे।


कलेक्ट्रेट में जानकारी देते अधिवक्ता

इस कारण उक्त पीड़ित के मकान में ही वह बतौर किरायेदार रहने लगे। दिनांक 28.11.2025 को राधाकृष्ण एवं उनकी पुत्री ने पीड़ित को पीड़ित के मकान का कब्जा पीड़ित को सौंपकर मकान खाली कर दिया एवं एक स्टाम्प पर लिखकर भी दिया। दिनांक 08.12.2025 को लगभग 07:30 बजे शाम पीड़ित व पीड़ित का भाई अमित शुक्ला एडवोकेट अपने उपरोक्त मकान पर पहुँचे तभी भाउटोला के निकट स्थित मोहल्ला चोबदारान निवासी राकेश राजपूत सांसद के भाई अपने साथ लगभग 10-15 लोगों को लेकर पीड़ित के मकान पर आये और धमकी दी कि अगर 7 लाख रूपया नहीं दोगे तो मकान का उपयोग नहीं कर पाओगें। यह लोग गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर मकान पर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास करने लगे।

पीड़ित ने 112 नंबर पर सूचना दी। मौके पर रात में ही पुलिस आ गयी परन्तु राकेश राजपूत द्वारा सांसद के भाई होने का रौव दिखाकर पुलिस को रोक लिया व थाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं होने दी। उपरोक्त राकेश अपने साथियों के साथ जबरदस्ती पीड़ित से रंगदारी मांग रहे हैं। पीड़ित का लगभग 50 हजार रूपये का सामान बेड, पंखा, स्टेब्लाइजर, इनवर्टर, फर्नीचर आदि अन्दर है।

# एसडीएम व खनन अधिकारी ने तीन ट्रकों को अवैध रुप से पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी अमृतपुर संजय वर्मा और खनन अधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में खनन परिवहन के खिलाफ एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध खनन और परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत तीन ट्रकों की जांच की गई। इनमें से दो ट्रक बिना वैध परिवहन प्रपत्रों के पाए गए। इन दोनों वाहनों का मौके पर ही ऑनलाइन चालान कर जुर्माना राशि जमा कराई गई। तीसरा ट्रक ओवरलोडिंग के साथ परिवहन करते हुए पाया गया। इस ट्रक को जब्त कर अमृतपुर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। इस संयुक्त कार्रवाई से विभाग को कुल 1,01,440 रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। यह अभियान खनन माफियाओं और नियम विरुद्ध परिवहन करने वालों पर नकेल कसने के उद्देश्य से चलाया गया। प्रशासनिक कार्रवाई से खनन माफियाओं व नियम विरुद्ध परिवहन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।


अभियान चलाते एसडीएम व खनन अधिकारी

# बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पलटी ईको कार, एक घायल


कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर पलटी पड़ी कार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद-कायमगंज मार्ग पर बरौन के पास एक ईको कार अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा एक बाइक को बचाने के प्रयास में हुआ। जिसमें बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना उस समय हुई जब तेज रफ्तार ईको कार के सामने अचानक एक बाइक आ गई। बाइक से टक्कर से बचने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान बाइक भी कार की चपेट में आ गई। घायल युवक की पहचान फर्रुखाबाद निवासी आशीष के रूप में हुई है। आशीष ने बताया कि वह कायमगंज से फर्रुखाबाद लौट रहा था। जहां वह किसी काम से गया था। उसे तुरंत एंबुलेंस की मदद से लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। फर्रुखाबाद-कायमगंज मार्ग पर वाहनों का भारी आवागमन रहता है। गनीमत रही कि कार में चालक के अलावा कोई अन्य सवार नहीं था। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद कार को सड़क से हटा दिया गया।


नगर में भ्रमण करते आवारा कुत्ते

## दो स्वास्थ्यकर्मियों को आवारा कुत्तों ने काटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव भौरुआ निवासी रजित कुमार उम्र 22 वर्षीय पुत्र किशनपाल जो की कायमगंज सरकारी अस्पताल में फार्मासिस्ट की ट्रेनिंग कर रहे हैं तथा कक्ष नंबर- 6 में बैठकर रेबीज के इन्जेक्शन लगाते हैं। सोमवार सुबह ट्रेनिंग करने के लिए अस्पताल आ रहे थे। गाँव में घूम रहे आवारा बौराने कुत्ते ने उस पर हमला कर पैर में काट लिया। जिससे वह घायल हो गया। वहीं इसी अस्पताल में साथी ट्रेनर रिशव पाण्डेय उम्र 23 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार पाण्डेय निवासी फतेहपुर परौली थाना मेरापुर भी ट्रेनिंग की डियूटी करने अस्पताल आ रहे थे। उस पर भी आवारा कुत्ते ने काट लिया। दोनों घायलों ने अस्पताल में पहुँचकर एक दूसरे को रैबीज का इन्जेक्शन लगाया।

# अतिक्रमणकारी दुकानदारों को ईओ ने चेताया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अधिशाषी अधिकारी ने नगर में भ्रमण कर अतिक्रमण किये दुकानदारों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि समय रहते अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नोटिस जारी किये जायेंगे। उसके बाद भी अतिक्रमण न हटाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

मोहम्मदाबाद में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामानंद ने दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमण न हटाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह चेतावनी कस्बा मोहम्मदाबाद के संकिसा रोड पर अतिक्रमण फैलाने वाले फल विक्रेताओं, खोमचे वालों और उन दुकानदारों को दी गई है जिन्होंने नाले के बाहर अपनी दुकानें लगा रखी हैं। अधिशासी अधिकारी रामानंद ने अपने कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना किसी भेदभाव के सभी अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा कि नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कस्बा इंचार्ज विनोद यादव पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


दुकानदारों को चेतावनी देते अधिशाषी अधिकारी

## प्रधान घटिया ईंट से करा रहा नाली का निर्माण


नाली निर्माण में लगायी जा रहीं घटिया व पुरानी ईंटें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार में भ्रष्टाचार किस कदर हावी है, जिसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नाली निर्माण में घटिया किस्म की ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त है।
जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद मार्ग पर नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत हुसैनपुर बांगर के मजरा हमीरपुर बांगर में दबंग ग्राम प्रधान द्वारा नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें धड़ल्ले से घटिया किस्म की ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा मसाले में बालू का अधिक प्रयोग किया जा रहा है। प्रधान की दबंगई के चलते कोई भी ग्रामीण विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। ग्रामीणों ने दबी जुबान से उपरोक्त मामले की जांच कराये जाने की मांग की है, ताकि प्रधान द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार उजागर हो सके।

## महिला सहित चार के साथ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी गुड्डी देवी ने बताया कि तीन दिन पूर्व वह अपने पुत्र सत्यवीर व सुरेन्द्र के साथ घर पर जा रही थी। सड़क पर मौजूद मोहल्ले के ही जितेंद्र उर्फ जीतू, रवि, बालक राम, फूल सिंह, पिंटू उर्फ धर्मेंद्र, सुधीर लाठी-डंडे, चाकू आदि से हमला कर दिया। सुरेन्द्र की चीख पुकार की आवाज सुनकर बचाने आए महावीर, पंकज व किशनलाल को मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे सुरेन्द्र की आंख में गंभीर चोट लग गई। पीड़िता की तहरीर पर सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत जागरुक किया और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

सोमवार को कोतवाली कायमगंज की एंटी रोमियो टीम और महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान उन्हें विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930. चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों से अवगत कराया। उन्हें साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए गए। इस जागरूकता अभियान के तहत टीम ने कस्बे के बाजारों, चौराहों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में गश्त की। उन्होंने लोगों को जानकारी वाले पत्रक भी वितरित किए। इन पत्रकों में गर्भवती महिलाओं के लिए 102, एम्बुलेंस सेवा के लिए 108 और अग्निशमन सेवा के लिए 101 जैसे अन्य आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों का भी उल्लेख था।


महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

# हर्ष फायरिंग में अंशु की मौत का आरोपी गोलू गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हर्ष फायरिंग के दौरान हुई युवक अंशु यादव की मौत के मामले में आरोपी प्रधान के पौत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि आरोपी गोलू का दोस्त विकास अभी भी फरार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के ग्राम पंचायत नथुआपुर के मजरा उमराव नगला नामकरण संस्कार के दौरान हर्ष फायरिंग में गांव के ही 20 वर्षीय अंशू यादव की गोली लगने से मौत हो गई थी। गोली जिस दोनालू बंदूक से चलायी गयी वह ग्राम नथुआपुर के प्रधान कश्मीर सिंह यादव के नाम लाइसेन्स है। आरोपी गोलू यादव व उसके दोस्त विकास यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने मामले में आरोपी गोलू के बाबा कश्मीर सिंह सहित चार को उठाया था। वहीं बंदूक भी कब्जे में ले ली थी, लेकिन गोलू पुलिस के हाथ नहीं लगा था। पुलिस की कई टीमें आरोपी गोलू व विकास की तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने गोलू को गिरफ्तार कर घटना में प्रयोग हुई प्रधान की लाइसेंसी बंदूक को भी बरामद कर ली है, लेकिन अभी तक आरोपी विकास का पता नहीं चला है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया की आरोपी गोलू को बंदूक सहित गिरफ्तार कर लिया है।

# सर्दी के चलते मरीजों की संख्या में हो रहा इजाफा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बदलते मौसम के कारण मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की गई। सोमवार को अस्पताल की ओपीडी में सर्दी, जुकाम और खांसी सहित विभिन्न बीमारियों के लगभग 200 मरीज इलाज के लिए पहुंचे।

अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीजों में वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम, खांसी, एलर्जी और सिरदर्द की शिकायतें पाई गईं। सुबह से दोपहर तक अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं। जिससे स्वास्थ्य केंद्र पर भीड़ देखी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ0 वशिष्ठ कटियार ने बताया कि मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। उन्होंने पुष्टि की कि ओपीडी में रोजाना लगभग 200 मरीज आ रहे हैं। डॉ0 कटियार के अनुसार अस्पताल आने वाले सभी मरीजों की आवश्यक जांच की जा रही है और उन्हें उचित दवाएं प्रदान की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग लोगों से बदलते मौसम में सावधानी बरतने की अपील कर रहा है।


सीएचसी में दवा लेते ग्रामीण

# फीस की रसीद मांगने पर छात्रा को पीटा, प्रधानाचार्य समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

फीस की रसीद मांगने पर छात्रा को प्रधानाचार्य ने थप्पड़ मार दिया। छात्रा के पिता ने घटना के संबंध में तहरीर दी। पुलिस ने प्रधानाचार्य समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

कायमगंज के कन्या विद्यापीठ इंटर कॉलेज में फीस की रसीद मांगने पर एक छात्रा के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किए जाने का गंभीर आरोप सामने आया है। छात्रा के पिता की शिकायत पर पुलिस ने प्रधानाचार्या विश्व मोहिनी पांडेय और शिक्षक सौरभ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना 13 नवंबर की बताई जा रही है। सत्तार नगर निवासी राजवीर सिंह ने बताया कि उनकी बेटी रोशनी देवी कक्षा 11 (विज्ञान वर्ग) की छात्रा है। 13 नवंबर को रोशनी ने कक्षा अध्यापक सौरभ से प्रवेश के समय जमा किए गए 1200 रुपये की फीस की रसीद मांगी। शिक्षक ने रसीद तो दी, लेकिन उस पर गलत तिथि अंकित थी। जब सहपाठियों ने रसीद के बारे में पूछा, तो छात्रा ने बताया कि यह फीस की रसीद है, तो शिक्षक सौरभ ने इसकी शिकायत प्रधानाचार्या से कर दी। आरोप है कि प्रधानाचार्या ने बिना बात सुने छात्रा को थप्पड़ मारा। धमकी दी कि वे किसी बच्चे को रसीद नहीं देते और उसका नाम स्कूल से कटवाने की बात कही।

इसके बाद छात्रा को करीब आधे घंटे तक ऑफिस के सामने मैदान में कान पकड़कर खड़ा रखा गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने डायल 112 और कोतवाली प्रभारी को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा को घर भेजा। छात्रा के पिता राजवीर सिंह का कहना है कि उन्होंने पहले भी स्कूल द्वारा मानक से अधिक फीस वसूले जाने और रसीद न देने की शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी। उनका आरोप है कि इसी शिकायत के कारण उनकी बेटी के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार किया गया। परिजन दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में छात्रा के साथ कोई भी अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी प्रधानाचार्या और शिक्षक सौरभ की होगी। पुलिस ने राजवीर सिंह की तहरीर पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उप निरीक्षक सोमवीर सिंह को सौंपी गई है। वहीं प्रधानाचार्या विश्व मोहिनी पांडेय ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।



कोतवाली कायमगंज

## रंजिशन दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन घायल

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** रंजिश में दो पक्ष आमने-सामने हो गए और जमकर लाठी-डंडे चले। जिससे दोनों पक्षों से छः लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को लोहिया रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव शाहीपुर निवासी सूरजभान ने बताया कि दो दिन पूर्व संजीव का गांव के ही संजय से विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर रविवार देर शाम दोनों पक्षों से दर्जन भर से अधिक लोग आमने सामने हो गए। जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें प्रथम पक्ष से संजीव, सूरजभान, अर्जुन व नीरज व द्वितीय पक्ष से अजय, विजय घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। हालत गंभीर होने पर सभी को लोहिया रेफर किया गया। जहां सभी का इलाज जारी है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# नगर में हुआ जैन समाज के आचार्य वसुनंदीजी महामुनिराज का भव्य स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कंपिल नगर में सोमवार को दिगंबर जैन समाज के प्रख्यात आचार्य वसुनंदीजी महामुनिराज का मंगल प्रवेश हुआ। यह आयोजन 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ स्वामी की जन्मभूमि पर हुआ। जिसके साक्षी हजारों भक्त बने। उनके साथ लगभग 11 साधु-साध्वियों का एक तपस्वी संघ भी नगर में पहुंचा। आचार्य वसुनंदीजी का भव्य मंगल प्रवेश कंपिल अलीगंज रोड पर स्थित स्वागत द्वार से शुरू हुआ। यह शोभायात्रा कंपिल चौराहा से होते हुए दिगंबर जैन तीर्थ मंदिर परिसर तक पहुंची। नगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आचार्य वसुनंदीजी के पग पछालकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान भक्तों में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कंपिल जैन धर्म के लिए अत्यंत पवित्र स्थान है, क्योंकि यह 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ का जन्म स्थान और तपस्थली है। यहीं पर उनके चारों कल्याणक च्यवन, जन्म, दीक्षा, सर्वज्ञता संपन्न हुए थे। कार्यक्रम में सुशील कुमार जैन (महामंत्री), सचिन जैन (कन्नौज), संदीप जैन (सराय), अनुराग जैन सहित भारी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।


नगर में प्रवेश करते आचार्य वसुनंदीजी महामुनिराज व भक्तगण

# आधा दर्जन चोरी की बाइकों सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने चोरी की आधा दर्जन मोटरसाइकिलों सहित दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं।

सोमवार को मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी कि एक वाहन चोरों का गिरोह सक्रिय है। जो मोटर साइकिल की चोरी करके उन्हें बेचता है। इस सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गयी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापा मारकर दो अभियुक्तों को पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने अपना नाम निर्दोष माथुर पुत्र रामऔतार निवासी मोहल्ला मिश्राना थाना पटियाली जनपद कासगंज, सत्यप्रकाश उर्फ सचिन पुत्र लालाराम टेलर निवासी मोहल्ला सैन थाना पटियाली जनपद कासगंज बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ एक खुखरी, एक प्लास, एक रेंती और एक हथौड़ी भी बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त निर्दोष माथुर पर विभिन्न जनपदों में करीब 19 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ सचिन पर तीन मुकदमे पंजीकृत हैं।


पुलिस हिरासत में पकड़े गये शातिर चोर व बरामद बाइकें

## वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी राकेश कुमार उम्र 55 वर्षीय पुत्र राम प्रकाश की हालत बिगड़ने पर परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ डयुटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अमरेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गये।

# मेडिकल कालेज में आयुर्वेद व कृषि विषय की विद्यार्थियों को दी गई जानकारियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल में सोमवार को आयु प्रवेशिका (यूजी ट्रांजिशनल कार्यक्रम और संस्कार (पीजी ओरिएंटेशन कार्यक्रम) के 12वें दिन विभिन्न विषयों पर शिक्षकों एवं विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत धन्वंतरि प्रार्थना और विचार के साथ हुई। संचालन 2022 बैच के छात्र-छात्राओं ने किया। कार्यक्रम में कृषि आयुर्वेद (आयुर्वेद एवं कृषि विषय) पर डॉ. शीला गुप्ता ने छात्रों को बताया कि कैसे प्राचीन आयुर्वेदिक सिद्धांत खेतों, मिट्टी, खाद्य उत्पादन और औषधीय पौधों के संरक्षण में सहायता करते हैं। संस्कृत अभ्यास वदतु संस्कृतम् पर डा0 अरिमर्दन ने इंटरैक्टिव ग्रामर सत्र के माध्यम से छात्रों को शुद्ध संस्कृत भाषा अभ्यास के लिए प्रेरित किया। आयुर्वेद और स्वास्थ्य अर्थशास्त्र विषय पर डॉ. सुमन कुंडू ने आयुर्वेद को सस्ती, सुरक्षित और भविष्य के सतत् स्वास्थ्य मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। डिजिटल टॉक्सिसिटी और टेक्नोलॉजी बनाम मानव बुद्धिमत्ता विषय पर डॉ. अरीब हुसैन एवं डॉ. आनंद बाजपेयी ने आधुनिक तकनीकी की दुरुपयोग के जोखिमों पर प्रकाश डाला। व्यसन मुक्ति में आयुर्वेद की भूमिका पर डॉ. भारती पांचाल ने सत्वावजय चिकित्सा एवं रसायन के माध्यम से नशा मुक्ति उपायों पर चर्चा की। डॉ. राजगोपाल ने दो महत्वपूर्ण सत्र लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का शिक्षा और निदान अनुसंधान में उपयोग, आयुर्वेदिक रोग-विज्ञान (निदान पंचक) का वैज्ञानिक विश्लेषण किए। कार्यक्रम संस्कार ओरिएंटेशन विशेष रूप से आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण, प्रेरणादायी व्याख्यान और अस्पताल आधारित ज्ञान साझा किया गया। डॉ. कविता नेगी ने योग, मेडिटेशन और तनाव प्रबंधन पर मार्गदर्शन देते हुए बताया कि चिकित्सक को स्वयं मानसिक रूप से संतुलित रहना आवश्यक है। मिस सोनी ने एचआईएमएस (अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली) का परिचय दिया और बताया कि डिजिटल तकनीक से रोगी देखभाल अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनती है। विभिन्न पीजी छात्रों द्वारा क्लिनिकल केस प्रस्तुत दी गई। प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों को रोगियों के निदान, उपचार योजना और चरणबद्ध सोच को समझने का अवसर मिला। समापन सत्र में डॉ. रोहित तिवारी ने प्रेरक व्याख्यान देते हुए आयुर्वेदिक चिकित्सकों की सामाजिक भूमिका, नैतिकता और भविष्य की संभावनाओं पर विचार साझा किए।

# क्रिकेट मैच में ब्राउन इलेवन ने डेयरी फार्म इलेवन को 8 विकेट से हराया

**एसडीएम रविन्द्र कुमार व भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह ने परिचय प्राप्त कर किया शुभारम्भ**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैटिंग कर शुभारम्भ करते एसडीएम

खेल निदेशालय के आदेशों के क्रम में जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम द्वारा सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत जिला स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को हुआ।

क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन उपजिलाधिकारी रविन्द्र कुमार व भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस कराकर शुभारम्भ किया गया। जिला क्रीड़ाधिकारी के द्वारा अतिथि को माला पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में टीमों द्वारा निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर प्रतिभाग किया गया। सोमवार को पहला मैच ब्राउन इलेवन टीम एवं डेयरी फार्म इलेवन टीम के मध्य खेला गया। पहली इनिंग में 10 ओवर में डेयरी फार्म इलेवन ने 61 रन बनाकर आलआउट हो गये। दूसरी इनिंग में ब्राउन इलेवन टीम ने 62 रन बनाकर डेयरी फार्म इलेवन को 08 विकेट से पराजित किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में अम्पायर की भूमिका में रफीकुल अंसारी, प्रदीप मिश्रा तथा स्कोर सुहानी राठौर के द्वारा निभाया गया। इस अवसर पर क्रिकेट के आयोजक मोहन लाल अग्रवाल ने व्यवस्था देखी।

# राम ने धर्म के लिए बालि का किया था वध: रामबाबू पाठक

**कृष्ण जन्म कथा सुन भक्त हुए मंत्रमुग्ध**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कथा सुनाते डॉ. रामबाबू पाठक

गंगा नगर में चल रही श्रीमद् भागवत एवं श्रीराम चरित मानस ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पंचम दिवस की कथा में भागवत वक्ता आचार्य शिवशरन अग्निहोत्री ने श्रीकृष्ण जन्म कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मथुरा के राजा उग्रसेन का पुत्र कंस बहुत अत्याचारी था। उसने बड़े होते ही पिता को गद्दी से उतारकर स्वयं राजा बन बैठा। उग्रसेन के एक बेटी थी, जिसका नाम देवकी था। देवकी का विवाह वासुदेव के साथ हुआ। एक दिन कंस अपनी बहन देवकी को रथ में बैठाये लिये जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई कि हे कंस तू जिस बहन को रथ में बैठाये लिये जा रहा है, इसके आठवे गर्भ के द्वारा तेरी मृत्यु होगी। यह सुनकर कंस ने तलवार निकालकर देवकी को मारना चाहता तो देवकी ने कहा कि मैं हर संतान आपको देती जाऊंगी। फिर कंस ने देवकी और वासुदेव को मथुरा के जेल में डाल दिया। वहां पर होने वाली सभी संतानों को कंस एक-एक कर मारता रहा। जब आठवीं संतान भद्रपाष मास के अंधेरे पक्ष में कृष्ण का जन्म हुआ, तभी देवकी और वासुदेव की हथकड़ी बेड़ी खुल गयी और पहरेदार सो गये।

वासुदेव ने बालक को सूप में रखकर यमुना नदी पारकर गोकुल में नंद बाबा के यहां यासोदा के पास पहुंचा दिया और कन्या को ले आये, तभी कन्या को देखते हुए कंस ने कन्या को पत्थर पर पटक कर मारना चाहां। कन्या हाथ से छूट गयी और आकाशवाणी हुई कि कंस तुझे मारने वाला पैदा हो चुका है। वहीं मानस वक्ता रामबाबू पाठक ने किसकंधा की कथा सुनाई और बालि वध पर प्रसंग में कहा कि राम-लक्ष्मण माता सीता की खोज में ऋषि अमूक पर्वत पहुंचे। वहां पर्वत शिखर पर बैठे सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि देखों यह कौन आ रहे है। हनुमान जी ब्राह्मण का रुप बनाते हुए गये और शीश नवाते हुए पूछा कि आप कौन है और आप क्षत्रिय रुप में कोमल चरणों से इस कठोर वन में क्यों घूम रहे हो तो राम जी ने अपनी पूरी कथा बतायी, तब हनुमान जी ने दोनों भाइयों को कंधे पर बैठाकर सुग्रीव से मिलाया। राम ने पूरी बात बतायी। राम जी ने कहा कि बालि को मैं धर्म की रक्षा हेतु मार दूंगा। राम के सामने सुग्रीव और बालि का युद्ध हुआ। सुग्रीव हार गया। फिर पहचान के लिए राम ने सुग्रीव को एक माला पहनाई और बालि को मार दिया। मरते समय बालि ने कहा कि मैंने आपका क्या बिगाड़ा तो राम ने कहा कि अनुज वधू भगनि सुत नारी सुन सठ कन्या सम पे चारी। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। इस मौके पर अवधेश शुक्ला, रामासरे दीक्षित, विशंभर नाथ, दशरथ सिंह, आनंद अग्निहोत्री, ब्रह्मानंद मिश्रा, चन्द्रप्रकाश चतुर्वेदी, सर्वेश अवस्थी, अमित बाजपेयी, वैभव सोमवंशी, श्वेता दुबे, बबिता पाठक, प्रीती तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# थानाध्यक्ष मऊदरवाजा लाइन हाजिर



पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बीती रात थानाध्यक्ष मऊदरवाजा को लाइनहाजिर कर दिया। जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है। थानाध्यक्ष मऊदरवाजा लक्ष्मण सिंह को बीती रात एसपी आरती सिंह ने चार्ज छीनकर लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह पर अभी किसी नए थानाध्यक्ष की तैनाती नहीं की गई है।

# वाहनों पर न लगायें अनधिकृत प्रतीक, नाम स्लोगन, स्टीकर वरना होगी कार्यवाही

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रर्वतन) सुरेश कुमार ने बताया कि कार्यालय परिवहन आयुक्त के पत्र द्वारा मार्गो पर चलने वाले सार्वजनिक एवं निजी वाहनों की पंजीयन प्लेट पर किसी भी प्रकार का अनधिकृत प्रतीक, नाम, स्लोगन, स्टीकर, लोगो आदि के प्रदर्शन एवं वाहनों पर ''जाति आधारित नाम, स्लोगन, स्टीकर अथवा महिमामंडन'' के प्रदर्शन पर पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर रोक लगाये जाने एवं उन पर विधिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त आदेश के अनुपालन में जनपद के समस्त सम्मानित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि अपने वाहन पर अनधिकृत प्रतीक, नाम, स्लोगन, स्टीकर, लोगो आदि का प्रदर्शन न करें और न ही अपने वाहनों पर ''जाति आधारित नाम, स्लोगन, स्टीकर अथवा महिमामंडन'' का प्रदर्शन किया जाए।

यदि अभियान के दौरान किसी भी वाहन पर कोई भी अनधिकृत प्रतीक, नाम, स्लोगन, स्टीकर, लोगो आदि पाया जाता है या वाहन पर ''जाति आधारित नाम, स्लोगन, स्टीकर अथवा महिमामंडन'' का प्रदर्शन पाया जाता है तो उक्त वाहन व वाहन स्वामी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी जिसका समस्त उत्तरदायित्व वाहन स्वामी का होगा।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले में 28 अभ्यार्थियों को मिला रोजगार



साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (अप्रेन्टिसशिप मेला) का आयोजन किया किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्र से कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद 07, रामा ट्रेडर्स मसेनी चौराहा 03, शुभम होंडा अमृतपुर 01, लेंसकार्ट सॉल्यूशन प्रा0 लिमिटेड गुरुग्राम हरियाणा 12, यूपीपीसीएल भोलेपुर फतेहगढ़ 05 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। 152 रिक्तियों के सापेक्ष 36 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार कर 28 अभ्यार्थी रोजगार हेतु चयनित किये गये। मेले की व्यवस्था प्रमुख रुप से कार्यदेशक बृजेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# हिन्दी साहित्य भारती द्वारा चार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि व पदाधिकारी

सरस्वती विद्या मंदिर जय नारायण वर्मा रोड फतेहगढ़ के प्रांगण में हिंदी साहित्य भारती, अंतरराष्ट्रीय संस्था जनपद इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्षा डॉ0 वंदना द्विवेदी, केंद्रीय कार्यकारिणी की सदस्य भारती मिश्रा, अध्यक्ष चंद्र प्रकाश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती पूजन के साथ किया।

संस्था का ध्येय गीत व मातृ वंदना का गायन किया गया। हिंदी साहित्य भारती ने चार प्रकोष्ठ बनाए हैं। जिनमें आध्यात्मिक प्रकोष्ठ प्रभारी आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ला, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रधानाचार्या सरस्वती विद्या मंदिर रागिनी मिश्रा, कलमकार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 कृष्णकांत अक्षर और शिक्षक प्रकोष्ठ प्रभारी ओम प्रकाश शुक्ल प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर को दायित्व सौंपा गया। मुख्य अतिथि डॉ0 वंदना द्विवेदी ने कहा हिंदी साहित्य भारती राष्ट्रीय हित में काम कर रही है। राष्ट्रीय हित के लिए हम सबको हिंदी साहित्य भारती के सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। भारती मिश्रा ने संस्था के उद्देश्य पर वार्षिक कार्यों पर प्रकाश डाला। प्रभात अवस्थी ने संगठन के विस्तार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अंजुम दुबे ने सभी से सदस्यता ग्रहण करने का आवाह्न किया। स्मृति अग्निहोत्री, प्रीति तिवारी, पूनम पाठक तथा डॉ0 पीडी शुक्ला ने काव्य पाठ किया। कृष्णकांत अक्षर, अध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, डॉ. आलोक बिहारी शुक्ला आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन उत्कर्ष अग्निहोत्री ने व संयोजन महामंत्री डॉ. आलोक बिहारी शुक्ला ने किया। इस अवसर पर श्रीनिवास मिश्र, आदेश गंगवार, अर्चना चतुर्वेदी, नरेश द्विवेदी, नारायण, ओम प्रकाश शुक्ला, डॉ0 विनीता तिवारी, कीर्ति मिश्रा, कंचन पांडे, सूर्य प्रसाद द्विवेदी, लक्ष्मीकांत मिश्रा, अवनींद्र कुमार, अवधेश चंद्र अग्निहोत्री, अंकुर मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## आलू की आमद बढ़ने से भाव रहा सामान्य



आलू की तुलायी करते पल्लेदार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू मण्डी सातनपुर में भाव में उतार चढ़ाव के बाद सोमवार को बिक्री में सुरखी आयी और भाव भी बढ़ा। आलू का भाव बढ़ने से किसानों को कुछ राहत दिखी। वहीं सोमवार को आमदनी दोगुनी हुई। लगभग 23 हजार आलू के पैकेट की आमद हुई। आलू आढ़ती ओमप्रकाश सेतिया ने बताया कि आलू की बिक्री बढ़ी है। साथ ही भाव में मामूली उछाल आया है। 301 रुपये पैकेट से 451 रुपये पैकेट आलू का भाव रहा। फर्रुखाबाद के अलावा अन्य जनपदों के व्यापारियों ने आकर आलू खरीदा। आलू की एकदम आमद बढ़ने से इस सप्ताह आलू का भाव सामान्य रहने की स्थिति है। इस बार किसानों को आलू में लागत तक नहीं निकल रही है। जिस कारण उनके माथे पर चिंता की लकीरे साफ दिखायी दे रही है। कुछ किसान आलू का भाव अच्छा न मिल पाने के लिए कर्जीले हो गये है। ऐसे में प्रशासन आलू की रैक बाहर की मण्डी में भेजती है तो किसानों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

# जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन की डीएम ने ली बैठक



बैठक लेते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

प्रभागीय निदेशक राजीव कुमार के द्वारा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में कई बिंदु रखे गए, जिन पर विचार विमर्श किया गया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी आरसी माथुर के द्वारा वर्तमान समय में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन की प्रक्रिया विस्तार रूप से बताई गई। उन्होंने बताया कि जनपद में सरकारी अस्पतालों के लिए मैनपुरी की ग्रीनहाउस मैनेजमेंट कंपनी एवं प्राइवेट अस्पताल के लिए कानपुर की विलवल्ड कंपनी कार्य कर रही है। ग्रीन हाउस मैनेजमेंट कंपनी द्वारा प्रतिदिन लगभग 110 किलो जैव अपशिष्ट एवं बिलवर्ड कंपनी द्वारा लगभग 364 किलो जैव अपशिष्ट एकत्रित किया जाता है।

जनपद में सरकारी 46 व प्राइवेट 191 अस्पताल है। डीएम ने निर्देशित किया कि प्रतिदिन कार्य की प्रगति स्पष्ट करें। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए समय-समय पर निरीक्षण करें। बैठक में आईबीएम के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से वैज्ञानिक सहायक एसडी सिंह एवं जेई दीपक कुमार, निहारिका पटेल, पंचायती राज विभाग से सत्यनारायण, गुंजा जैन एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



दंत परीक्षण करते चिकित्सक

## वरिष्ठ नागरिक संघ ने बुजुर्गो का किया दंत परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के तत्वाधान में दंत परीक्षण डॉक्टर श्यामा वर्मा की क्लीनिक, आर्यन डेटिंल क्लीनिंग बढ़पुर में सम्पन्न हुआ। दंत विशेषज्ञ डॉक्टर ने मरीजों का परीक्षण किया। वरिष्ठ नागरिकों को दांतों की विभिन्न बीमारियों के विषय में बताया गया व दांतों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। संचालन समिति के समन्वयक संजय दुबे ने किया और व्यवस्था देखी। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा, केके पाठक, दीपक गुप्ता, रामकुमार वर्मा, बीके पांडे, विजय कुमार वर्मा, सर्वेश कुमार अवस्थी, अमरनाथ मिश्रा उपस्थित रहे।

# बिना जीएसटी प्रपत्र माल ढोते ट्रकों की चेकिंग में एक ट्रक सीज

**चार ओवरहाईट व 2 ओवरलोड ट्रक भी सीज**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते अधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सोमवार को एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा अमित त्यागी सहायक आयुक्त (राज्य कर) सचल दल फतेहगढ़ के साथ माल वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बिना राज्य कर प्रपत्र माल ढोते हुये 01 ट्रक संचालित पाया गया। जिसमें लोहे का स्क्रैप लगा हुआ था। ट्रक को सातनपुर मण्डी में सीज कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 4 ट्रकों में ओवर हाईट माल लदा होने के आरोप में सीज किया गया तथा 2 ओवरलोड ट्रक भी सीज किये गये। परिवहन विभाग द्वारा की कार्यवाही में 15 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये रू0 1.82 लाख का जुर्माना तथा 68 हजार रुपये का टैक्स लगाया गया।

# एजूकेशनल मूवमेन्ट सोसाइटी द्वारा 61 बच्चों को मिलेगी स्कॉलरशिप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एजूकेशनल मूवमेन्ट सोसाइटी द्वारा आयोजित सर सैय्यद अहमद स्कॉलरशिप परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिसमें 61 बच्चे स्कॉलरशिप के लिए सफल हुए।

सोसाइटी के सचिव सैय्यद रिजवान अली ने बताया कि 09 नवम्बर को आयोजित सर सैय्यद स्कॉलरशिप परीक्षा जनपद के सात परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी। परीक्षा का परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया है। जिसमें कुल सफल 61 बच्चों में से रहमानी गर्ल्स इण्टर कॉलेज से मो0 बख्तियार व हिफ्जा खांन, एम0 आर0यू0 एजूकेशन सेन्टर मोहम्मदाबाद से सलमान उस्मानी व एजानुद्दीन, मौलाना आजाद इण्टर कॉलेज कमालगंज से मोहम्मद अफ्फान व अलीशा खांन, सुल्तान आलम मेमोरियल स्कूल कायमगंज केन्द्र से लायबा व सदफ, इस्लामियां स्कूल फतेहगढ़ केन्द्र से मेहरान अहमद व मोहम्मद ज़ैद खांन एवं मदरसा जफरूल इस्लाम जरारी से अब्दुल माजिद व अरीबा बानो ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर पहले व दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने बताया कि स्कॉलरशिप का वितरण 28 दिसम्बर दिन रविवार को हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में आयोजित किया जायेगा। सोशल मीडिया से सम्बन्धित विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी है। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी 20 दिसम्बर तक अपने नाम उपलब्ध करा सकते हैं।

# भाजपा ने मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत ली बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक को सम्बोधित करते अनूप गुप्ता

सोमवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता जनपद में एक दिवसीय प्रवास के अंतर्गत संघात्मक बैठक ली। उन्होंने मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अमृतपुर विधानसभा के नीवकरोली मंडल एवं सदर विधानसभा की समीक्षा बैठक की। अमृतपुर विधानसभा के नीम करोली मंडल की बैठक संकिसा में स्थित संकिसा पंचायत भवन में संपन्न हुई एवं सदर विधानसभा की बैठक आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई।

संकिसा के पंचायत भवन बैठक के दौरान अनूप कुमार गुप्ता ने कहा मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान पूरे जनपद में चलाया जा रहा है, लेकिन अमृतपुर के नीम करोली मंडल में अभियान का कार्य विभिन्न बूथों पर 50 प्रतिशत से कम हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा वर्चुअल बैठक में चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त डाटा के अनुसार अमृतपुर विधानसभा के नीम करोली मंडल में अभियान का कार्य अपेक्षाकृत कम हुआ है, इसकी जानकारी दी गई है। 11 दिसंबर अभियान की अंतिम तिथि है, इससे पूर्व ही सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर युद्ध स्तर के साथ जुट कर अभियान के कार्य को गति देनी होगी। नीम करोली मंडल के सिरौली गांव में 50 प्रतिशत से भी कम अभियान का कार्य हुआ है। कार्यकर्ताओं को 3 दिन के अंदर कार्य को वर्गीकृत करते हुए सभी कमजोर बूथों पर शत प्रतिशत कार्य को पूर्ण करना है। भाजपा के अनुसूचित वर्ग के कार्यकर्ता अनुसूचित बहुल इलाकों में पहुंचकर अनुसूचित वर्ग के लोगों को अभियान के साथ जोड़ने का कार्य करें। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा जिन बूथो पर अभियान का कार्य शिथिल पड़ा हुआ है, उन सभी बूथो पर कार्यकर्ता टोली बनाकर निकले और अभियान को गति देने का कार्य करें। 3 दिन में ही इस अभियान को शत प्रतिशत पूर्ण करना है। इस अवसर पर विधायक सुशील शाक्य, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, अमरदीप दीक्षित, जय गंगवार, अतुल दीक्षित, रश्मि दुबे, गोपाल राठौर, रिशिपाल सिसोदिया, अनुराग सिंह, डॉ. अभिषेक ठाकुर, अश्नील दिवाकर, बबिता पाठक, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# क्रिकेट के नाम पर तीन खिलाड़ियों से लाखों की ठगी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के नगला दमू निवासी धर्मेन्द्र गंगवार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजकर ठगी करने वाले जयप्रकाश सिंह के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। दिये गये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि मेरा पुत्र करीब एक माह पूर्व जयप्रकाश शेखर निवासी शास्त्री नगर थाना कमालगंज के सम्पर्क में आया। जयप्रकाश ने मेरे पुत्र व उनके दोस्तों से क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी होने पर स्टेट लेवल पर मैच खिलाने की बात कही और बदले में 1.10 लाख रुपये प्रति व्यक्ति को देने होंगे। 2 लाख रुपये एक व्यक्ति के लगते है। तुम्हारे पैसे कम करवा देंगे। मेरे पुत्र ने अपने मोबाइल से जयप्रकाश शेखर के मोबाइल नम्बर पर ऑनलाइन 11 मई 2024 को 40 हजार रुपये व 24 मई 2024 को 2500 रुपये, 21 जून को 50 हजार रुपये, 28 सितम्बर को 7500 रुपये, 30 नवम्बर को 10 हजार रुपये ट्रांसफर किये। कुल धनराशि 1.10 लाख रुपये मोबाइल से ट्रांसफर कर दिये है। मेरे पुत्र का दोस्त अर्पित कुमार निवासी सिंधौली थाना कामयगंज व अनिल निवासी कुकी खेल थाना कायमगंज ने भी 1.10 लाख रुपये के हिसाब से दिये है। मेरे पुत्र व उनके दोनों साथियों के साथ षड्यंत्र रचकर ठगी की गई है। जयप्रकाश शेखर ने झांसे में रखकर अपने चुंगल में फंसाकर षड्यंत्र के तहत ठगी की है। आरोपी जयप्रकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश

▸ कुंभी गोला ब्लॉक के देवी स्थान मार्ग पर वर्षों से रुका निर्माण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के ब्लॉक कुंभी गोला की श्याम नगर कॉलोनी (गोला देहात) स्थित देवी स्थान के सामने का मुख्य मार्ग आज भी बुनियादी विकास से वंचित है। यह सड़क क्षेत्र की आबादी, धार्मिक महत्त्व, रोजमर्रा के आवागमन और निकटस्थ कॉलोनियों की कनेक्टिविटी के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद सड़क का निर्माण नहीं किया जा सका। इंटरलॉक रोड तो दूर, खड़ंजा तक नहीं डाला गया है, जबकि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, महिलाओं, दुपहिया-चारपहिया वाहनों, मजदूरों और ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे भारी वाहनों की आवाजाही होती है। बरसात में यही रास्ता दलदल में बदल जाता है और कई बार बच्चे व वाहन फिसलकर गिर भी चुके हैं, लेकिन सड़क की दुर्दशा सुधारने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, खासकर गोला विधायक अमन गिरी ने इस सड़क को लगातार नजरअंदाज किया है। पास की अन्य सड़कों का निर्माण विधायक निधि से करवाया गया, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से देवी स्थान के सामने की सड़क को योजना से बाहर रखा गया। ग्रामीणों के अनुसार विधायक को कई बार लिखित प्रार्थना पत्र देकर सड़क निर्माण की मांग की गई, मगर हर बार केवल आश्वासन मिला और काम कभी शुरू नहीं हुआ।

समस्या को गंभीर होते देख ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद क्षेत्रीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जल्द सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। इतना ही नहीं, ग्रामीणों से लिखित सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी करवा लिए गए, लेकिन इसके बाद न तो कोई माप हुआ, न निरीक्षण और न निर्माण। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि सिर्फ पोर्टल पर निस्तारण दिखाने के लिए कार्रवाई की गई ताकि रिपोर्ट पूरी हो जाए, जबकि धरातल पर काम कराने की नीयत बिल्कुल नहीं थी। इससे लोगों में और ज्यादा नाराजगी बढ़ गई।

इसी बीच करीब छह माह पहले पास की सड़क को बनवा रहे भोली गिरी ने भी ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि अगले चरण में देवी स्थान के सामने की सड़क पर कार्य शुरू होगा हालांकि सड़क की नपाई भी हुई फिर निर्माण ठंडे बस्ते में चला गया।

ग्राम वासी बताते हैं कि बारिश में पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं और कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद सड़क निर्माण की ओर गंभीरता से ध्यान न देना जनता की पीड़ा के प्रति संवेदनहीनता दर्शाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अब सड़क निर्माण के लिए आश्वासन नहीं, बल्कि काम शुरू होने की निश्चित तारीख चाहिए।

# खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई : बिना विनियम शुल्क के चल रहा ईंट भट्ठा पकड़ा, जेसीबी सीज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



अवैध खनन एवं बिना अनुमति संचालित हो रहे भट्ठों के खिलाफ खनन विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में मैलानी थाना क्षेत्र के सुआबोझ गांव में खनन अधिकारी की टीम ने सोमवार को निरीक्षण अभियान चलाया। जांच के दौरान गौतम ईंट उद्योग पर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जब खनन विभाग की टीम ने कागजात मांगे तो भट्ठा संचालक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

जांच में स्पष्ट हुआ कि भट्ठे का विनियम शुल्क जमा नहीं किया गया था, जबकि भट्ठे का संचालन पहले ही शुरू किया जा चुका था, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। खनन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि बिना विनियम शुल्क जमा किए ईंट भट्ठा चलाना अवैध श्रेणी में आता है और ऐसे मामलों में भट्ठा संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। कार्रवाई के दौरान भट्ठे पर कार्यरत एक जेसीबी मशीन को मौके पर ही सीज किया गया और उसे मैलानी थाने में जमा कराया गया। जांच टीम के अनुसार, भट्ठे को नियमानुसार अलग से नोटिस जारी किया जाएगा और निर्धारित समयावधि में जवाब न देने पर सीधी दंडात्मक कार्रवाई लागू की जाएगी।

खनन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई एडीएम के निर्देशन में की गई है, और जिले में अवैध खनन व बिना विनियम शुल्क के संचालित हो रहे भट्ठों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र में कोई भी खनन गतिविधि या भट्ठा संचालन सरकारी नियमों व शुल्क भुगतान की प्रक्रिया के बिना न चले।

बता दें पिछले कई दिनों से खनन अधिकारी द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध खनन पर नकेल कसी जा रही है। कई स्थानों पर निरीक्षण और कार्रवाई के बाद प्रशासन की इस सख्ती ने खनन माफियाओं और अनियमित भट्ठा संचालकों में खलबली मचा दी है।

## खबरें एक नजर में

### पर्यावरण, प्रकृति संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन पर बच्चों को किया गया जागरूक



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जलवायु परिवर्तन की समस्या पर सतत रूप से जन जागरूकता अभियान चला रही पंजीकृत गैर सरकारी संस्था जीवन सुधा शिक्षा, जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण फाउंडेशन द्वारा आज राजकुमार इंटर कालेज नरैनी एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने पर्यावरण व प्रकृति संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन पर बच्चों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य राकेश कुमार पटेल ने कहा कि जब तक प्रकृति संरक्षित है, तभी तक तक हम संरक्षित है इसलिए प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण हेतु हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए च संस्था के वानिकी विशेषज्ञ हनुमान दास राजपूत ने प्रकृति का तारतम्य भगवान् से जोड़ा तथा कहा कि जिस तरह भूगर्भ जल के स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है उसके लिए वर्षा के दिनों में मेड बंदी इत्यादि के द्वारा भूगर्भ जल संवर्धन में सभी को अपना अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। संस्था के संस्थापक श्रीराम सिंह लोध ने स्वरचित कविता के द्वारा जल की महत्ता एवं वास्तविक विकास की परिभाषा का वर्णन किया। उन्होंने जल संरक्षण हेतु जागरूक करने हेतु स्वलिखित पुस्तक जलाभिषेक को उपहार स्वरूप विद्यालय को भेंट किया। अंत में विश्व के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम पर्यावरण व प्रकृति संरक्षण पर विद्यालय में गोष्ठी आयोजित कराने हेतु ,प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ का आभार, संस्थापक जी द्वारा व्यक्त किया गया च इस अवसर पर शिक्षक रामबाबू पटेल,सर्वेश तिवारी, श्रीनिवास गर्ग शिवकरण कुशवाहा,आनंद कुमार रोहित नंदन एवं राजा भैया सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ओवरटेक में ट्रक ने बोलेरो को मारी जोरदार टक्कर बड़ा हादसा टला, बाल-बाल बचे सवार



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** निघासन-रकेहटी मार्ग पर सम्राट हॉस्पिटल के पास सोमवार दोपहर बड़ा हादसा होने से टल गया। सामने से आ रहे ट्रक ने तेज रफ्तार में ओवरटेक करते हुए बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि गनीमत रही कि वाहन में सवार लोग बाल-बाल बच गए। बोलेरो चालक को हल्की चोटें आई हैं। मामले की जानकारी के मुताबिक, बोलेरो सवार अजयदीप नानपारा (बहराइच) से निघासन की ओर आ रहे थे। जैसे ही बोलेरो सम्राट हॉस्पिटल के पास पहुंची, उसी दौरान बेलराया से ढखेरवा की तरफ जा रहा ट्रक ओवरटेक करते समय अचानक अनियंत्रित हो गया और सीधे बोलेरो में जा भिड़ा। टक्कर लगते ही बोलेरो सड़क किनारे जाकर रुक गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बोलेरो सवारों को बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर यातायात भी सुचारू कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक चालक की लापरवाही और ओवरटेकिंग के दौरान जल्दबाजी के चलते यह हादसा हुआ। फिलहाल दोनों वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करा दिया गया है। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

### स्कूल के पास मिले संदिग्ध सुतली बम, गांव में दहशत



**ईसानगर (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के खमरिया कलां में सोमवार सुबह प्राथमिक विद्यालय के पास सुतली बम जैसी दो संदिग्ध वस्तुएं मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों वस्तुओं को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह सुतली से बंधा गोला दिख रहा है, जो सुतली बम जैसा प्रतीत होता है। सतर्कता बरतते हुए दोनों संदिग्ध वस्तुओं को पानी भरी बाल्टी में सुरक्षित रखा गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस गांव में सुरक्षा की दृष्टि से लगातार निगरानी बनाए हुए है।

### पड़रिया तुला में विद्युत विभाग के शिविर में ग्रामीणों ने जमा किए बिजली बिल

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने और विभागीय योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा सोमवार को पड़रिया तुला में विशेष शिविर लगाया गया। सुबह से ही ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली और लोग उत्साहपूर्वक अपने बिजली बिल जमा कराने पहुंचे। शिविर में लगभग 15 उपभोक्ताओं ने मौके पर बिल जमा कर छूट योजना का लाभ उठाया। विभागीय टीम ने ग्रामीणों को बिल जमा प्रक्रिया, बकाया समाधान तथा उपभोक्ता हित की योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम के दौरान बिजुआ पावर हाउस के जेई रविशंकर के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम मौजूद रही। टीम ने शिविर को सुचारू रूप से संचालित करने के साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को भी ध्यानपूर्वक सुना। ग्रामीणों ने ऐसे शिविरों को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे उन्हें पावर हाउस के चक्कर लगाने से राहत मिलती है और समय की भी बचत होती है।

## अपराध न होने की हिदायत के अगले ही रात चोरी की वारदात जवर व 18 हजार नगद गायब



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों को एक दिन पूर्व अपराध रोकने की कड़ी चेतावनी दी गई थी, लेकिन ग्राम संदिलवा में चोरों ने घर का ताला तोड़कर जेवर और नकदी उड़ा ली, जिससे पुलिस की मुहिम पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्राम संदिलवा निवासी जितेंद्र सिंह बीती रात घर में अकेले एक कमरे में सो रहा था। इसी बीच अज्ञात चोरों ने दूसरे कमरे का ताला तोड़ डाल और अलमारी से महिलाओं के जेवर तथा लगभग 18,000 रुपये नगद चोरी कर लिए। सुबह जागने पर गृहस्वामी ने ताला टूटा देखा तथा भीतर जाकर जांच की तो अलमारी में रखा सारा सामान अस्तव्यस्त पाया और जेवर व नगदी गायब थे। घटना के बाद पीड़ित ने थाना मितौली में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की, किंतु समाचार लिखे जाने तक थाने में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। चोरी की यह वारदात पुलिस प्रशासन की हालिया सख्ती पर भी सवाल खड़े कर रही है, क्योंकि घटना के केवल एक दिन पूर्व प्रभारी निरीक्षक मितौली महेश पाठक ने हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाकर अपराध न होने की सख्त हिदायत दी थी। इसके बावजूद उसी रात चोरी की बड़ी घटना ने क्षेत्र में चर्चाओं को जन्म दे दिया है। घटना के संबंध में जब प्रभारी निरीक्षक से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने चोरी की घटना होने से ही इंकार कर दिया, वहीं पीड़ित दर-दर भटककर न्याय की गुहार लगा रहा है।

# बांस की खेती से खुलेगा किसानों की आमदनी का नया रास्ता

▸ बांकेगंज में बांस की व्यावसायिक खेती पर विशेष प्रशिक्षण, किसानों ने सीखी आधुनिक तकनीक

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



बांस की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भा.वा.अ.शि.प.-पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश प्रायोजित परियोजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण बांकेगंज क्षेत्र के श्री यदुनंदन सिंह पुजारी के पुजारी फ़ार्म पर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को बांस के पौधों की रोपाई, संवर्धन, प्रबंधन, पौध संरक्षण और बाजार संभावनाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत तकनीकी जानकारी प्रदान की।

मुख्य अतिथि एवं केन्द्र प्रमुख डॉ. संजय सिंह ने बताया कि सरकार बांस आधारित खेती को प्रोत्साहन देने के लिए कई नई योजनाएँ लागू कर रही है, जिससे किसान उत्पादन से लेकर मूल्य संवर्धन तक सीधा लाभ उठा सकें।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आलोक यादव ने बांस की आर्थिक संभावनाओं, इसके रख-रखाव, लागत-लाभ विश्लेषण और आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बांस न केवल तेजी से बढ़ने वाली फसल है, बल्कि किसानों के लिए लंबे समय तक नियमित आय का विश्वसनीय स्रोत भी बन सकती है। प्रशिक्षण में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया और किसान वैज्ञानिक संवाद के दौरान बांस की व्यावसायिक खेती से जुड़ी चुनौतियों व उनके समाधान पर चर्चा की। किसानों को बांस आधारित कृषि मॉडल, जल प्रबंधन, पौध तैयार करने की विधि और बाजार उपलब्धता की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता अमनदीप सिंह संधू, वेरिंदपाल सिंह, धीरेंद्र मौर्य, सोहन सिंह, सुबोध कुमार, यशपाल सिंह शर्मा, ठाकुर नौबत सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे। सभी ने बांस को आय के नए और स्थायी स्रोत के रूप में अपनाने पर सहमति जताई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक से परिचित कराकर प्रदेश में बांस की व्यावसायिक खेती को नई दिशा देना और ग्रामीण क्षेत्र में हरित रोजगार को बढ़ावा देना रहा।

# नोवा खेड़ा गन्ना सेंटर पर हंगामा, उतरवाई में हेराफेरी के आरोप पर भड़के किसान

▸ अनियमित तौल से नाराज किसान यूनियन का धरना, मिल अधिकारियों ने दिया समाधान का आश्वासन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



नोवा खेड़ा गन्ना सेंटर पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) के पदाधिकारियों और किसानों ने गन्ना उतरवाई में हो रही अनियमितताओं के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।

किसानों का आरोप था कि कई स्थानों पर गन्ना गलत तरीके से उतारकर तौल में गड़बड़ी की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही चीनी मिल गोला के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

उप गन्ना महाप्रबंधक सुनील सिंह और गन्ना विकास अधिकारी सतनाम सिंह ने किसानों से वार्ता की और पूरी स्थिति की जानकारी ली। बातचीत के दौरान अधिकारियों ने किसानों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी भी किसान के गन्ने की गलत उतरवाई नहीं होगी तथा पूरी क्रय प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित की जाएगी।

किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि आगे भी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आईं या किसानों के साथ धोखाधड़ी का प्रयास किया गया तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा। धरना-प्रदर्शन में युवा जिला अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, तहसील अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, युवा जिला उपाध्यक्ष उत्तम यादव, राकेश यादव, तोखनलाल, चंद्रिका प्रसाद वर्मा, रंजीत कुमार, विशेष वर्मा, सचिन वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# छात्रों को आपातकालीन पुलिस सेवा के दी जानकारी

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में आज थाना कालिंजर की मिशन शक्ति टीम द्वारा व क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कस्बा कालिंजर में छात्र/छात्राओं के साथ शक्ति संवाद किया गया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं को सरल तरीके से गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया।

साथ ही क्षेत्राधिकारी नरैनी द्वारा यू0पी0 112 सिटीजन ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कि गई। साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनायें जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मात वंदना योजना व रानी लक्ष्मीबाई महिला व बाल सम्मान कोष आदि के बारे में जानकारी दी गई। छात्र/छात्राओं को बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय, एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, व अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया। मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को 1098 चाइल्डलाइन हेल्प नंबर, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे आवश्यकता पड़ने पर आप सब तुरन्त सहायता प्राप्त कर सकें। उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था।

## बाजपेई परिवार की पुत्रवधू की तेरहवीं में जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** गत दिनों बांदा शहर के प्रतिष्ठित बाजपेई परिवार की पुत्रवधू प्रियंका बाजपेई पत्नी विनय कुमार बाजपेई आत्म शांति हेतु छोटी बाजार स्थित जैन धर्मशाला में हवन पूजन के साथ ही तेरहवीं कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से सांसद कृष्णा देवी पटेल, पूर्व मंत्री शिव शंकर सिंह, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, डॉक्टर संजय द्विवेदी दनादन, सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, रमेश चंद द्विवेदी एडवोकेट, आदित्य शुक्ला एडवोकेट, किशोर बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका संजय गुप्ता, राजकुमार राज,पूर्व विधायक राजकुमार शिवहरे, विजय ओमर, बीके सिंह, संजय त्रिवेदी, डॉक्टर राजेंद्र द्विवेदी, भगवान दिन गर्ग, मनोज त्रिपाठी, मनोज दीक्षित भाई जी, सुरेश गुप्ता, सहित सैकड़ो गणमान्य जनों द्वारा प्रियंका बाजपेई के चित्र पर अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर आत्म शांति हेतु प्रसाद ग्रहण किया गया और ईश्वर से कामना की गई की दिवंगत आत्मा को आत्म शांति प्रदान करें।

# भगवती कल्याण संगठन के प्रचारक ने संजू वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



बीते दिनों 4 दिसंबर को मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जनपद के छिंदा गांव की रहने वाली संजू वर्मा ने फतेहपुर जनपद के रहने वाले नशेबाज श्यामू को नशे में हालात देखकर वरमाला पहनाने से मना कर दिया था घराती व बाराती दोनों के काफी समझाने के बावजूद जब संजू वर्मा नहीं मानी तो मामला थाना जसपुरा पहुंचा वहां पर भी थाना प्रभारी जसपुरा अनिल कुमार के सामने संजू वर्मा ने नशेबाज दूल्हे से शादी करने से इनकार कर दिया और दहेज का सारा सामान चढ़ाव के साथ-साथ जितना सामान था वह सब वापस कर दिया वहीं आज भगवती कल्याण संगठन के स्थानीय खप्टिहाकला निवासी डॉक्टर नितिन कश्यप व उनके कार्यकर्ता गौलाल गौरी कला पहुंचकर संजू वर्मा को अंग वस्त्र प्रदान करने के साथ-साथ भगवती कल्याण संगठन का प्रशस्ति पत्र दिया प्रचारक डॉक्टर नितिन कश्यप ने बताया कि भगवती कल्याण संगठन निरंतर नशा मुक्ति को लेकर अभियान छेड़ रखा है जांबाज संजू वर्मा द्वारा नशेबाज दूल्हे से शादी करने को इनकार करने का मामला ऐतिहासिक फैसला है मेरा पूरे उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश की युवतियों से अनुरोध है कि नशा मुक्ति को लेकर आगे बढ़े तभी यह हमारा देश विकसित देश होगा। वही आज दिन भर गांव के लोगों का संजू वर्मा के घर में तांता लगा रहा।

बुंदेलखंड की बेटी संजू वर्मा द्वारा नशेबाज दूल्हा से शादी करने के इनकार पर एडीजी प्रशिक्षण एवं ट्रेनिंग मध्य प्रदेश राजा बाबू सिंह ने खुशी जाहिर की है साथ ही साथ पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर बांदा शशि भूषण मिश्र ने संजू वर्मा के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया है।

## भैठिया बाजार से बीस मिनट में साइकिल चोरी

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली गोला एवं पुलिस चौकी मूड़ा सवारान क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैठिया की बाजार में चोरों द्वारा साइकिल चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। आए-दिन बाजार में कोई न कोई व्यक्ति अपनी साइकिल से हाथ धो बैठता है। इस बाजार से अब तक दर्जनों साइकिलें चोरी हो चुकी हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सप्ताह में तीन बार लगने वाली चर्चित भैठिया बाजार में वसलीपुर निवासी महानंद साइकिल से बाजार में सब्जी लेने गए थे। सब्जी मंडी में जाने से पूर्व उन्होंने अपनी साइकिल में ताला लगाकर बाजार में एक स्थान पर खड़ी कर सब्जी लेने चले गए। बीस मिनट के बाद जब वह सब्जी लेकर लौटे तो साइकिल गायब थी। उन्होंने काफी खोजबीन की परन्तु साइकिल का कहीं भी पता नहीं चल सका। लोगों ने बताया कि इस बाजार में साइकिल चोरी वारदातें पहले भी हो चुकीं हैं। लेकिन किसी भी चोरी गई साइकिल का आज तक कोई पता नहीं चल सका है। इस संबंध में प्रशासन द्वारा भी कभी बाजार में गस्त नहीं की जाती जिससे साइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

# शीतलहरी व ठंड से बचाव के लिए डीएम ने जारी की एडवाइजरी

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



भारत सरकार मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी के अनुसार इस वर्ष दिसम्बर से फरवरी तक तापमान अति न्यून होने की जानकारी दी गई है जो अब दिसम्बर के प्रथम सप्ताह के समापन तक यथार्थ होते दिख रही है। इन मौसम घटनाओं को अवलोकन कर बांदा जनपद की जिलाधिकारी महोदया जे. रीभा ने जनपद में ठंढ से होने वाली स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं जैसे हाइपोथर्मिया, निमोनिया,सर्दी, जुकाम त्वचा फटना, हार्ट सम्बन्धी बिमारियों से बचाव हेतु असहाय, आर्थिक कमजोर,और जरूरत मन्दो को शीत से बचाने हेतु जारी की चेतावनी।

डीए ने शीत लहर से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि कई परतों वाले गरम कपड़े पहनें। सिर, कान, हाँथ, एवं पैर अच्छी तरह ढकें। अधिकतर शरीर की गर्मी सिर एवं पैरों से निकलती है। गर्म मोजे दस्ताने, टोपी, स्कार्फ जरूरी है। गीले कपड़े शरीर से तुरंत बदले। गीले कपडों से शरीर का तापमान तुरन्त गिरता है। कमरों को बंद रखें।परन्तु थोडा वेंटिलेशन दें। ताकि दम घुटने की समस्या ना हो। हीटर या अंगीठी चलाते समय कमरे में वेंटिलेशन हो ताकि कार्बन मोनोआक्साइड का खतरा उत्पन्न ना हो। बुजुर्गों, बच्चों, एवं बीमार लोगों को गर्म रखें। गर्म भोजन करें जैसे दलिया, सूप, खिचड़ी, चाय, दूध। पर्याप्त पानी पियें। सर्दी में प्यास कम लगती है। लेकिन पानी नहीं पीने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती है। तैलीय एवं भारी भोजन कम करें। पौष्टिक वा विटामिन समृद्ध भोजन ही लें। आवश्यकता होने पर ही बाहर निकलें।ठण्डी हवाओं से बचने के लिए स्कार्फ का प्रयोग करें। फिसलन भरी जगहों में सावधानी से चलें। शरीर को ज्यादा देर तक ठण्ड के सम्पर्क में ना रखें। बीच बीच में गर्म स्थान पर जाएं। सुबह व रात में कोहरा/धुंध पर गति धीमी रखें। हेडलाइट/ फाग लाइट का सही उपयोग करें। वाहन की बैटरी, टायर, और ब्रेक की जांच रखें।ठण्ड में गाडियां कभी कभी स्टार्ट होने में समय लेती है। हाइपोथर्मिया के लक्षण पहचानें- कंपकंपी, कमजोरी, भ्रम, धीमी सांसलेना। त्वचा फटने से रोकने के लिए माइस्चराइजर का प्रयोग करें। जरूरत पडने पर डाक्टर से तुरन्त सम्पर्क करें। जिसको अस्थमा, दिल की बीमारियां या आर्थराइटिस है वे विशेष सावधानी रखें।

### पड़ोसी, असहाय व असमर्थ लोगों की मदद करने की अपील

ग्रमीण जन एवं प्रिय कृषक भाइयों सुबह शाम अत्यंत ठण्ड में काम से बचें। फसलों में पाले के प्रभाव को कम करने हेतु सिंचाई और पाले से बचाव के तरीकों का प्रयोग करें। शीत लहर से बचाव हेतु कुमार धर्मेन्द्र अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) ने कहा कि रेडियो, दूरदर्शन, शोशलमीडिया, पत्र, अखबार से दी गई चेतावनियों का अक्षरशः पालन करने की अपील की। और सडक पर रहने वाले लोगों, बुजुर्गों, पालतू जानवरों की सुरक्षा का ध्यान रखें और पालतू जानवरों की सुरक्षा का ध्यान रखें। पड़ोसी, असहाय एवं असमर्थ लोगों की मदद करें।जिला आपदा विशेषज्ञ डॉ0 प्रभाकर सिंह ने जनपद वासियों को जिलाधिकारी महोदया एवं शीत से बचाव की चेतावनियों का पालन करने का आग्रह किया है।और शीत से बचने हेतु, जिला प्रशासन/नगर निकाय द्वारा बनाए गए रैन बसेरे में रात्रि बिताने हेतु सलाह दिया, तथा खुले में ना रहने की अपील की।

### टोल फ्री नम्बर जारी

ध्यातव्य हो कि जनपद में समस्त तहसीलों परिसरों में तथा नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा कुल तेरह विभिन्न क्षमताओं वाले रैन बसेरों का संचालन किया जा रहा है।प्रत्येक रैन बसेरे में हर प्रकार की जैसे स्वच्छ जल, पृथक सौंचालय, साफ सफाई, विस्तर बिछौना, केयर टेकर सुरक्षा का प्रबंध किया गया है। कहीं भी आकस्मिक शीत प्रभाव से घटना घटित हो तो मदद हेतु जिला आपदा कंट्रोल रूम में 05192-285260 या टोल फ्री नम्बर 1070,1077 या 112 मोबाइल नंबर-9454441081, 9452662412 पर काल कर सूचना दें। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिलाधिकारी कार्यालय जनपद बाँदा द्वारा जनहित में जारी। आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

# मेडिकल कालेज से फरार इनामिया गिरफ्तार

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में आज थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रानीदुर्गावती मेडिकल कॉलेज से फरार हुए 25 हजार के इनामिया बंदी अभियुक्त को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि 7 दिसंबर 25 को जिला कारागार बांदा में निरुद्ध अभियुक्त को इलाज हेतु रानीदुर्गावती मेडिकल कालेज लाया गया था । इलाज के दौरान बंदी अभियुक्त ने अचानक मौका देखकर अस्पताल से फरार होने में सफल रहा।

पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुई थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा तत्काल टीमों का गठन करते हुए तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस, संभावित स्थानों पर दबिश व मुखबिर की सूचना से समन्वय स्थापित करते हुए आज थाना कोतवाली नगर के केसीएनआईटी कॉलेज के पीछे भवानी पूर्वा परागी तालाब के पास एक व्यक्ति दिखाई दिया जो कि मेडिकल कालेज से फरार हो गया था । पुलिस द्वारा अतुल नाम के अभियुक्त को आत्मसमर्पण हेतु कहे जाने पर स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया। आत्मरक्षार्थ में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति सामान्य है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस, 03 खोखा कारतूस व 600 नगद रुपए बरामद हुए है। बता दे कि अभियुक्त के ऊपर डेढ़ दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अतुल पुत्र शिवबहादुर निवासी मुनऊ खेड़ा थाना बिहार जनपद उन्नाव है।